# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-03-2023

# नाबालिग के साथ छेड़छाड़ के जुर्म में तीन साल की कैद

गोरखपुर (एसएनबी)। नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट नम्रता अग्रवाल ने बेलीपार थाना क्षेत्र के ग्राम अहिरौली निवासी अभियुक्त साबिर उर्फ मेटा को तीन साल के कठोर कारावास एवं दस हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है।अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को 25 दिन का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता श्रद्धानंद पांडेय एवं विशेष लोक अभियोजक राममिलन सिंह का कहना था कि घटना 21 अक्टूबर 2015 की शाम करीब 7.30 बजे की है।वादी की 15 वर्षीय नाबालिग बच्ची दुर्गा जी की मूर्ति का दर्शन करने गई थी।जहां अभियुक्त साबिर उर्फ मेटा ने उसके साथ छेड़छाड़ किया।

# टीके से एक और बच्ची की मौत का केस दर्ज

गोरखपुर (एसएनबी)। टीका लगने के बाद गंभीर हुए बच्चों की मौत मामले में शनिवार को चिलुआताल पुलिस ने राप्तीनगर फेज-4 के विनीत सिंह की तहरीर पर ग्रीनलैंड हास्पिटल के खिलाफ एक और मामला बढ़ा दिया वही नहीं बच्चे के शव के पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी भी कराई गई तथा विसरा सुरक्षित कर लिया गया है।

**नवजात के शव के पोस्टमार्टम की करायी गयी वीडियोग्राफी**

बता दें कि हास्पिटल में पांच मार्च को तीन बच्चों को बीसीजी, हेपेटाइटिस बी तथा पोलियो का टीका लगाया गया था। बमुश्किल से 10 से 15 मिनट के बाद तीनों बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी तथा उनके शरीर का रंग नीला पड़ने लगा। हास्पिटल प्रशासन ने आनन-फानन में तीनों बच्चों को मेडिकल कालेज के बाल रोग विभाग में शिफ्ट कराया, जहां उनका इलाज शुरू हुआ। पर एक भी बच्चे को बचाया नहीं जा सका हालांकि चिकित्सकों ने पूरा प्रयास किया। सबसे पहले गगहा के सौरभ कुमार राय के नवजात बच्चे की मौत पांच मार्च को हो गई। उनकी तहरीर पर चिलुआताल पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद धर्मपुर के शिशांत चार्ल्स के बच्चे की मौत हुई और शुक्रवार को विनीत सिंह के बच्चे ने इलाज के दौरान मेडिकल कालेज में दम तोड़ दिया। बता दें कि तहरीर मिलने पर चिलुआताल पुलिस ने पहले ही डा. सुधीर गुप्ता तथा उनके सहयोगियों के विरुद्ध गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था। विनीत सिंह की तहरीर पर भी इसी मुकदमे में एक और मामला बढ़ा दिया गया है। इस मामले की जांच स्वास्थ्य विभाग कमेटी बनाकर करा रहा है।

# वर्दीधारियों ने माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी को किया अपहृत

कौड़ीराम (एसएनबी)। गगहा थाना क्षेत्र के कौड़ीराम से एक माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड के कैशियर को दो वर्दीधारी और एक सादे वेश वाले व्यक्ति ने जबरन उठाकर गाड़ी में डाल लिया और उसे अपहृत कर फरार हो गए। अपहरण की सूचना पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। जांच में अपहरण की बात प्रथम दृष्टया झूठी पायी गयी। इस संबंध में एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि किसी महिला आदि के मामले में कैशियर आरोपित है। उसका अपहरण नहीं हुआ है बल्कि महराजगंज जिले की नौतनवा थाना पुलिस उसे ले गयी है।

**महराजगंज की नौतनवा पुलिस ले गयी कर्मचारी को : एसपी साउथ**

**महराजगंज एसपी ने कैशियर को ले जाने वाले पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की**

गगहा थाना क्षेत्र के कौड़ीराम में भारतीय स्टेट बैंक मिश्रौली शाखा के बगल में स्थित आशीर्वाद माइक्रो फाइनेंस कंपनी लिमिटेड केरल के कौड़ीराम शाखा पर दो वर्दीधारी और एक सादे वेश में व्यक्ति पहुंचे। उस वक्त दोपहर का 3.30 बज रहा था। उक्त लोगों ने कैशियर को उठा लिया। इसका विरोध फाइनेंस कंपनी के मैनेजर राहुल सिंह ने किया तो उक्त लोगों ने उनसे कहा कि यह सब जानता है कि इसे क्यों ले जाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि सिद्धार्थनगर जनपद के बरदहा टोला, घुमैठा थाना उस्का निवासी करन सिंह आशीर्वाद माइक्रो फाइनेंस कंपनी लिमिटेड केरल की कौड़ीराम शाखा में बतौर कैशियर तैनात है। डायल 112 पर सूचना के बाद मौके पर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अरुण कुमार सिंह, एसओ गगहा व चौकी इंचार्ज गजपुर, बांसगांव व कौड़ीराम की पुलिस पहुंची। जांचोपरांत पता चला कि किसी लड़की के मामले में आरोपित कैशियर को नौतनवा पुलिस पूछताछ के लिए ले गयी है।

# साइबर सेल की मदद से चार साल बाद मिला पैसा

गोरखपुर (एसएनबी)। साइबर अपराधियों द्वारा लोगों के बैंक अकाउंट से जालसाजी कर उड़ाए गए रुपए जिले की क्राइम ब्रांच की साइबर सेल टीम के अथक प्रयासों से वापस मिल रहे हैं। इसी के क्रम में दो व्यक्तियों का 169938 रुपए और वापस लौटाने में साइबर सेल का अहम योगदान और परिश्रम रहा है। पैसा मिलने पर पीड़ितों ने एसपी क्राइम इंदु प्रभा सिंह और साइबर सेल टीम को धन्यवाद ज्ञाप्ति करते हुए आभार प्रकट किया।

**साइबर अपराधियों द्वारा उड़ाया गया था पैसा**

एसपी क्राइम इंदु प्रभा सिंह ने बताया कि चार वर्ष पूर्व गीडा निवासी मनोज सिंह के बैंक अकाउंट से जालसाजी कर साइबर अपराधियों ने 154938 रुपए उड़ा दिया गया था। साइबर सेल टीम ने पूरा पैसा चार साल बाद आवेदक पीड़ित के खाते मे वापस कराया। इसी क्रम में गेमिंग एप में प्राफिट दिलाने के नाम पर 15000 जमा करा लेने के संबंध में आवेदक अविनाश कुमार पांडे निवासी थाना शाहपुर द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया। जिस पर साइबर सेल अपराध शाखा गोरखपुर टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए जमा की गई संपूर्ण धनराशि रुपए 15000 आवेदक के खाते में वापस कराए गए। बैंक खातों में पैसा वापस आने पर आवेदकगण द्वारा साइबर सेल, अपराध शाखा गोरखपुर कार्यालय उपस्थित आकर पुलिस उच्चाधिकारी व साइबर सेल गोरखपुर पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद पत्र दिया। साइबर सेल टीम में मुख्य आरक्षी शशि शंकर राय, मुख्य आरक्षी शशिकांत जायसवाल, आरक्षी पंकज कुमार गुप्ता व महिला आरक्षी नीतू नाविक शामिल रहे।

# दुष्कर्म व छेड़छाड़ के मामले में आरोपित तीन अभियुक्त गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। जिले के अलग-अलग थानो की पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में आरोपित दो जबकि छेड़छाड़ के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर कोर्ट मे पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

हमारे पिपराइच कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक अपहरण कर रेप के मामले में फरार चल रहे आरोपित को पिपराइच पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम खुशीहाल पुत्र रामप्रीत निवासी महुआचापी थाना पिपराईच जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धारा 363, 376, 506 भादवि0 व पाक्सो एक्ट के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इसी क्रम में गीडा पुलिस ने गीडा पुलिस ने जानमाल की धमकी देकर रेप किए जाने के मामले में आरोपित एवं वांछित आलोक पाण्डेय पुत्र उमाशंकर पाण्डेय निवासी बासपार थाना गीडा गोरखपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपित को धारा 376, 323, 506 आईपीसी के तहत कोर्ट मे पेश की। इसी क्रम में घर में घुस कर छेड़खानी करने व जानमाल की धमकी देने के आरोप मे फरार चल रहे आरोपित विशाल त्रिपाठी पुत्र संजय कुमार त्रिपाठी निवासी खोरमा पोस्ट कन्हौली थाना रूद्रपुर जनपद देवरिया को गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपित को धारा 406, 506, 452, 354(ख)(घ) भादवि के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।

# प्रशासन के प्रयास से विद्युत आपूर्ति बहाल

चौरीचौरा (एसएनबी)। विद्युत कर्मियों के हड़ताल के चलते करीव तीन दिन से विजली आपूर्ति वाधित होने के वाद जनता की समस्याओं को देखते हुए तहसीलदार चौरीचौरा नीलम तिवारी उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अपने अथक प्रयास से आज शनिवार की रात करीव आठ वजे के आसपास तहसील चौरीचौरा क्षेत्र में विजली व्यवस्था वहाल कर दी गई है । क्षेत्र के विजली उपभोक्ताओं ने तहसीलदार नीलम तिवारी को इस जन समस्या के समाधान किए जाने पर उन्हें वधाई दी है तथा आभार प्रकट किया है।

मालूम हो कि तहसील चौरीचौरा अंतर्गत विघुत उपकेन्द्र सरदारनगर, मुण्डेरा वाजार, चौरीचौरा, पलिपा तथा गजाईकोल से संचालित विद्युत् आपूर्ति गुरुवार की रात से ही वाधित हो गई थी । विजली कटौती के चलते आम जनमानस में हाहाकार की स्थिति उत्पन्न हो गई थी । लोग रात में मच्छरो के प्रकोप से सो नहीं पा रहे थे । लोग एक-एक वूंद पानी के लिए तरस गए थे । मोवाइल चार्जिंग की समस्या तक खड़ी हो गई थी । वृद्ध, वच्चे तथा वीमार लोग काफी परेशान थे । जनता स्थानीय प्रशासन से विजली आपूर्ति वहाली के लिए वार-वार गुहार लगा रही थी । जन समुदाय की अपार समस्याओं को देख कर तहसीलदार नीलम तिवारी द्वारा प्रयास शुरू किया गया तथा विजली विभाग के अधिकारियों से सामंजस्य स्थापित किया गया जिस कारण आज शनिवार की रात आठ वजे के आसपास तहसील चौरीचौरा के अधिकांश हिस्सो में विद्युत आपूर्ति वहाल कर दी गई है । क्षेत्र के लोगों ने इस जन समस्याओं को सुलझाने पर तहसीलदार चौरीचौरा नीलम तिवारी को वधाई देते हुए आभार प्रकट किया है । इस संवंध में तहसीलदार चौरीचौरा नीलम तिवारी से वात की गई तो उन्होंने कहा कि सरदारनगर तथा चौरीचौरा कस्वे व आसपास के गांवों में पूरी तरह से विद्युत आपूर्ति वहाल कर दी गई है ।पलिपा, गजाईकोल तथा अमहिया विद्युत उपकेन्द्र में कुछ फाल्ट होने की वजह से अभी आपूर्ति वहाल नहीं हो पाई है लेकिन कल तक वहां भी विद्युत् आपूर्ति चालू कर दिया जाएगा ।

# सड़क पर अतिक्रमण, प्रधान ने दी छह के विरुद्ध तहरीर

चौरीचौरा (एसएनबी)। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोनवरसा बाबू के ग्राम प्रधान अम्बिका पासवान ने पुलिस को तहरीर सौंप कर एक ही परिवार के मा-बाप सहित कुल छह लोगों के खिलाफ तहरीर सौंप कर एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई है।

**तहसील राजस्व टीम ने हटवाया था अतिक्रमण**

**दोबारा आरोपितों ने किया कब्जा, प्रधान को दी गालियां व धमकी**

ग्राम प्रधान अम्बिका पासवान ने पुलिस को तहरीर सौंप कर बताया कि गांव के सड़क पर राम केवल अतिक्रमण किए थे जिसे शुक्रवार को तहसील की राजस्व टीम हटवा दिया । अतिक्रमण हटाने के दूसरे दिन शनिवार को पुनः राम केवल तथा उनके पुत्रों ने खडंजा मार्ग पर अतिक्रमण कर लिया।

अतिक्रमण करने के बाद राम केवल, उसकी पत्नी शांति देवी उसके पुत्रों में विनोद कुमार, विनय, विजय तथा दीपक ने एक राय होकर लाठी-डंडा से लैश होकर मेरे दरवाजे पर चढ़ गए और जाति सूचक भाषा का प्रयोग कर मारपीट करने पर आमदा हो गए। हमने भाग कर किसी तरह से अपनी सुरक्षा की।

# गौकशी में रात भर चली दबिश, घरों से लिए गये मांस के नमूने

ककरहीं (एसएनबी)। शुक्रवार गोला थाना क्षेत्र के ग्राम सभा खदरा में दर्जन भर से अधिक गौवंशो के मिले अवशेष से पुलिस और प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। आनन फानन में पुलिस ने जेसीवी से गड्ढा खोदवाकर खेत में ही कटे गौवंश के अवशेषों को जमींदोज करा दिया। पुलिस केस दर्ज कर अज्ञात गौकशी करने वालों की तलाश कर रही है।

इसी के क्रम में पुलिस टीम ने रातभर गांव के कई घरों में सर्च किया और मिले मांस को जांच के लिए संरक्षित कर लिया। पुलिस वरामदगी स्थल पर सक्रिय एक अवधि के मोवाइल नंवरों के आधार व मुखविर की सूचना के आधार पर दविश दे रही है। पुलिस टीमों ने ग्राम सभा परसा उर्फ अगलहवा और उसके एक टोले चुड़िहट्टा में दविश दी लेकिन वहुत से घरों से पुरूष फरार मिले। वहीं कुछ घरों से संदेह के आधार पर मांस के नमूनों को भी लिया गया है। अभी तक मिले इनपुट के आधार पर स्थानीय थाना क्षेत्र के अलावा आसपास के थाना क्षेत्र व दूसरे जिले के पशु तस्कर या गोकशी करने वाले इस घटना में शामिल हो सकते हैं। उनकी संख्या दर्जनभर से अधिक होने की आशंका जताई जा रही है। यह भी आशंका व्यक्त की जा रही है कि उनके पास गौकशी के लिए वड़ हथियार भी हो सकते हैं।

घटनास्थल के आस-पास से पहले भी होती रही है गौ-तस्करी घटना स्थल से मात्र कुछ ही दूरी पर स्थित गाजेगडहा वृहद गोआश्रय केंद्र से तकरीवन एक वर्ष पहले स्थानीय तस्करों के द्वारा छह गौवंशो की चोरी की गयी थी। जिसको लेकर गोआश्रय केंद्र के व्यवस्थापक के द्वारा नामजद तहरीर दी गयी थी। चोरी की रात ही नामजद एक तस्कर का शव गगहा थाना अंतर्गत मिला था। लेकिन ना तो गायों का ही पता चला ना गौ तस्करों की गिरफ्तारी हो सकी।

> घटना स्थल पर सक्रिय फोन लोकेशन से हो सकती है गौकशी करने वालों की पहचान
>
> कुछ स्थानीय व बाहरी तस्करों के लिप्त होने की संभावना
>
> एक गांव के अधिकांश घरों से पुरूष वर्ग फरार

**गोला थाना क्षेत्र में हमेशा से सक्रिय रहे गौ तस्कर**

गोला थाना क्षेत्र में हमेशा गौ तस्कर सक्रिय रहते हैं। वावजूद इनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई नहीं की जाती है और न ही इन पर निगरानी की जाती है। विश्व हिन्दू परिषद के गोला व्लाक अध्यक्ष हृदय पाण्डेय का कहना है कि जिला पुलिस प्रशासन इस प्रकार की घटना को रोकने में नाकामयाव सावित हो रहा है।तस्करों की जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर हम मुख्यमंत्री से मिलेंगे। गोला क्षेत्र निवासी एवं समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष व्रजेश कुमार गौतम ने कहा कि गौकशी जघन्य अपराध है। उन्होने स्थानीय प्रशासन पर गौ तस्करों से मिली भगत का आरोप लगाते हुए तस्करों की जल्द गिरफ्तारी व दंडात्मक कार्यवाही की मांग किया है।

**डिमांड के अनुसार गौमांस की आपूर्ति तो नहीं की जा रही :** स्थानीय लोगों का कहना है कि गौवंशियों की तस्करी कर उन्हें जिले से वाहर ले जाना तस्करों के लिए काफी भारी पड़ रहा है। कहीं ऐसा तो नहीं है कि गोवंशियों की गोकशी कर उनके वीफ को कंटेनर आदि में रखकर तो डिमांड के अनुसार वाहर या आसपास के जिलों में तो सप्लाई नहीं किया जा रहा है। फिलवक्त पुलिस की जांच इस ओर भी केंद्रित हो रही है।

**जल्द होंगे गौकशी करने वाले गिरफ्तार**

गोला थाना प्रभारी अश्वनी कुमार तिवारी ने कहा कि उच्चाधिकारियों के निर्देश के क्रम में गौकशी करने वालों की तलाश की जा रही है। शुरूआती मिले इनपुट के आधार पर कई संदिग्ध गोकशी करने वाले और गौ तस्करों के घर पर छापेमारी की गयी है। कुछ संदिग्ध लोगों के घर में मिले मांस का सैंपल भी जांच के लिए संरक्षित किया गया है।

# लग्जरी कार से उतरे, कुत्ता चुरा कर भागे



गोरखपुर (एसएनबी)। कोतवाली थाना क्षेत्र के वैंक रोड निवासी एक व्यक्ति का पालतू कुत्ता लग्जरी कार सवार चोर चुरा ले गए। कुत्ता वीगल नस्ल का खोजी था जिसकी कीमत 25 हजार रुपए वताई जा रही है। घटना 16 मार्च की है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कोतवाली पुलिस लक्जरी कार सवार चोरों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

हाइटिक कुत्ता चोरों का वीडियो सामने आने के वाद पुलिस ने भी इस मामले में अज्ञात कुत्ता चोरों के विरूद्ध केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। डा. महेंद्र कुमार का महानगर के कोतवाली थाना क्षेत्र के वैंकरोड पर डा. महेंद्र कुमार का मकान है। वह अपने घर में ही मनीषा संगीत महाविद्यालय भी चलाते हैं। उन्होंने अपने घर में एक वीगल नस्ल का कुत्ता भी पाल रखा है। उसका नाम रॉकी है। रॉकी अभी सिर्फ तीन महीने का ही है। घर में सभी उसे काफी दुलार करते हैं। घटना 16 मार्च की है। डा. महेंद्र अपने परिवार में थे। इस वीच किसी ने घर का मेन डोर खोल दिया। दरवाजा खुला रह गया। दरवाजा खुला देख हमेशा की तरह रॉकी दौड़कर घर से वाहर आ गया। वह पहले भी घर के वाहर निकलकर टलहता रहता था। इस वीच वहां से गुजर रहे कार सवारों की नजर रॉकी पर पड़ गई। कार सवारों ने गाड़ी वैक की और डा. महेंद्र के घर के कुछ दूरी पर अपनी कार पार्क कर दी। यह देखने के लिए कि क्या कुत्ते का मालिक वहां मौजूद है या नहीं। कार सवार आसपास टहलने लगे। टाइम पास करने के लिए उन्होंने वहां लगी एक दुकान से कचौड़ी-जलेवी भी खाई। करीव आधे घंटे में कार सवार यह समझ चुके थे कि किसी का कुत्ता घर के वाहर आ गया है लेकिन उसका मालिक यहां नहीं है। कुत्ते के आसपास कुछ वाहरी लोग खड़े थे। कुत्ता उनका नहीं है कि पुष्टि होने के वाद कार से दो युवक उतरे। दोनो डॉक्टर महेंद्र के घर की ओर वढ़े। पहले कुत्ते को पुकार कर पुचकारा। फिर उसे गोद में उठाकर कार तक ले गए और कार में रखकर उसे फरार हो गये। आसपास के लोगों को लगा कि कुत्ते को ले जाने वाले ही उसके असल मालिक हैं। काफी देर तक कुत्ते के घर के अंदर न आने पर डा. महेंद्र घर के वाहर निकले और तलाश की। वह कहीं दूर नहीं जाता था। दरवाजे के आसपास ही खेलता था। रॉकी का पता न चलने पर वह घर में गए और सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालना शुरू किया तव चोरी की जानकारी उन्हें हुई। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रणवीर मिश्रा ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार सवार कुत्ता चोरों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही कुत्ते को वरामद कर चोरों के विरूद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

> चोरी से पहले चोरों ने खाई कचौड़ी जिलेबी
>
> 25 हजार रुपए का था वीगल नस्ल का खोजी कुत्ता

# मोहल्ले के ही युवक ने की थी चोरी

**GORAKHPUR (18 March):** बच्चों की परीक्षा दिलाने अलीगढ़ गए गोरखनाथ इलाके में रहने वाले अधिवक्ता साबिर अली घर चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपित अधिवक्ता के मोहल्ले का ही रहने वाला है. पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया.एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि गोरखनाथ थाना क्षेत्र के रसूलपुर भट्ठा निवासी अधिवक्ता साबिर अली ने अपने बच्चों की परीक्षा दिलाने अलीगढ़ गए थे. 11 मार्च की रात में अज्ञात चोरों ने 40 हजार रुपए नकद के अलावा दो सोने-चांदी की अंगूठी आदि चोरी कर लिया था.

# मुकदमे में सुलह करने की धमकी, दर्ज कराया केस

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (18 March):** गुलरिहा थाना एरिया के ग्राम जंगल डुमरी नंबर दो के टोला बगला निवासी श्रीकांत यादव ने मुकदमे में सुलह करने की धमकी का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है. तहरीर देकर बताया है कि आरोपी सत्यराम यादव और परशुराम यादव के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था. मामले में 28 जनवरी को थाने में आरोपी के खिलाफ एक और अन्य मामले में केस दर्ज हुआ. इसके बाद बाद से ही फोन पर बार बार धमकी दी जाने लगी कि सुलह कर लो नहीं तो हत्या कर दी जाएगी. मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर धमकी देने का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. श्रीकांत यादव ने बताया कि नौ फरवरी को गीडा थाना क्षेत्र के बोक्टा निवासी संतराज यादव के लड़के चंद्रजीत यादव के साथ मेरी बेटी बिंदिया की शादी होनी तय हुई थी. शादी तय होने के बाद दहेज के लिए बार-बार बेटी को फोन किया जा रहा था. इसकी वजह से बेटी ने बिंदिया ने आत्म हत्या कर ली थी. मामले में पुलिस ने चंद्रजीत यादव के खिलाफ केस दर्ज किया था.

# नकली क्यूआर संग अवैध शराब बरामद

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (18 March):** सिटी से लेकर रूरल एरिया तक के वाइन शॉप में नकली, मिलावटी शराब और बार कोड का मामला उजागर हुआ है. जिला अबकारी अधिकारी महेंद्र नाथ सिंह ने बांसगांव पुलिस के साथ माल्हनपार एरिया के वाइन शॉप में छापेमारी की. जिला आबकारी अधिकारी महेन्द्र नाथ सिंह ने बताया है कि 17 मार्च को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर संयुक्त आबकारी आयुक्त गोरखपुर जोन के निर्देशानुसार गठित आबकारी टीम द्वारा देशी व अंग्रेजी शराब दुकान मलहनपार का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान संबंधित थाना बांसगांव की पुलिस टीम का भी सहयोग लिया गया. दुकान के निरीक्षण के दौरान अनुज्ञापित परिसर से लीगल शराब के साथ अवैध शराब व शराब बनाने वाले सामान में जैसे नकली क्यूआर कोड, नकली ढक्कन आदि बरामद किए गए. अवैध शराब सामग्री की बरामदगी के आधार पर बरामद सभी शराब/सामग्री व उपस्थित विक्रेता कमलेश राव पुत्र रामराव निवासी, कुशीनगर को कब्जे में लिया गया. प्रकरण में उपस्थित विक्रेता सहित कुल 5 व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया. साथ ही शराब की दुकान के लाइसेंस को सस्पेंड करने की कार्रवाई भी शुरु कर दी गई है.

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी.

## बरामद किए गए सामान

- दुकान से 225 पेटी, 42 क्वार्टर लीगल शराब
- नकली क्यूआर कोर्ड युक्त 9 क्वार्टर
- पानी मिला हुआ 42 क्वार्टर
- नकली 26 ढक्कन
- नकली क्यूआर कोड 56
- एक मोबाइल
- कुल अमाउंट 38174 रुपए

# पिपराइच में जाम लगाने वाले 38 नामजद सहित 250 पर मुकदमा

### 16 मार्च की शाम को सड़क पर शव रखकर छह घंटे लगाया था जाम



**GORAKHPUR (18 March):** सिधावल चौराहे पर शव रख छह घंटे तक जाम करने के मामले में पिपराइच थाना पुलिस ने मृतक की मां, बहन और एक जिला पंचायत सदस्य सहित 38 नामजद और 250 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है. सभी आरोपित कुशीनगर जिले के रहने वाले हैं. जाम की वजह से पिपराइच-कप्तानगंज मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया था.

## 16 को हुई थी मौत

16 मार्च को कुशीनगर जिले के अहिरौली थाना क्षेत्र के ग्राम होलिया के मुंशी सिंह के बेटे सत्यम की दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी. सत्यम की मां निर्मला ने भूमि विवाद में गांव के ही एक व्यक्ति पर गाड़ी से ठोकर मारकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए स्वजन के साथ सड़क पर शव रख जाम लगा दिया था. आरोपितों पर कार्रवाई और अहिरौली थाने में पति पर दर्ज मुकदमे को खत्म करने की मांग करने लगी. छह घंटे तक रहे जाम की वजह से राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ी. एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि पिपराइच थाना पुलिस ने निर्मला के साथ ही साधना, आराधना, दीपक और जिला पंचायत सदस्य रामचंद्र पासवान समेत 38 नामजद और 250 अज्ञात लोगों के विरुद्ध सड़क जाम करने के साथ ही अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है.

# शोहदे ने तुड़वा दी शादी पुलिस ने किया गिरफ्तार

- लड़की से रिश्ता होने की जानकारी दे भेजा था आपत्तिजनक वीडियो
- देवरिया जिले के आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

पादरी बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। दोस्त की बहन पर बुरी नजर रखने वाला शोहदा अब शादी करने का दबाव बना रहा है। परिवार के लोगों ने दूसरी जगह शादी तय की तो लड़के वालों के पास आपत्तिजनक वीडियो भेजने लगा। दो बार रिश्ता टूटने के बाद युवती की मां ने शाहपुर थाने में केस दर्ज कराया। शनिवार की सुबह पुलिस ने देवरिया के रहने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया।

शाहपुर थाना पुलिस को दी गई तहरीर में महिला ने लिखा है कि देवरिया जिले के रुद्रपुर थानाक्षेत्र स्थित कोरमा कन्हौली निवासी विशाल त्रिपाठी की जान पहचान उनके बेटे से थी। घर आते-जाते वह उनकी बेटी पर बुरी नजर रखने लगा। जानकारी होने पर उन्होंने विशाल को घर आने से रोक दिया। मेरी बेटी की शादी पांच फरवरी 2022 को होना तय थी। इसके लिए 14 दिसंबर 2021 में शिवाय होटल में सगाई हुई थी। विशाल ने दुल्हे को आपत्तिजनक वीडियो भेजकर रिश्ता खत्म करा दिया। मैंने अपनी बेटी की शादी दूसरी जगह तय कर उसकी सगाई 11 जून को रखी हैं। इस बात की जानकारी विशाल को हुई तो लड़के के साथ ही मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। प्रभारी निरीक्षक शाहपुर मधुपनाथ मिश्र ने बताया कि आरोपित को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

# मुकदमे में सुलह के लिए धमकी, केस दर्ज

भटहट। गुलरिहा थानाक्षेत्र के ग्राम जंगल डुमरी नं. दो के टोला बंगला निवासी श्रीकांत यादव ने मुकदमे में सुलह करने के लिए धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी।

# किशोरी से छेड़खानी में तीन साल की सजा

गोरखपुर। किशोरी से छेड़छाड़ करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट नम्रता अग्रवाल ने बेलीपार थानाक्षेत्र के ग्राम अहिरौली निवासी अभियुक्त साबिर उर्फ मेटा को तीन साल के कठोर कारावास एवं दस हजार रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड नहीं देने पर अभियुक्त को 25 दिन का कारावास अलग से भुगतना होगा।

# बैंक रोड से लग्जरी कार सवारों ने चुराया बीगल नस्ल का पालतू कुत्ता

**दिलचस्प**

**20 हजार रुपये का बताया जा रहा कुत्ता, सीसीटीवी में कैद हुई घटना**

- लग्जरी कार से आए, कचौड़ी-जलेबी खाई और कुत्ता लेकर फरार हुए
- फुटेज के जरिये चोरों की पहचान की जा रही है: इंपेक्टर कैंट



बैंक रोड से कुत्ता गायब ले जाने की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हो गई। • हिन्दुस्तान

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। कैंट थानाक्षेत्र के बैंक रोड से लग्जरी कार सवार चोरों ने बीगल नस्ल का खोजी कुत्ता चोरी कर लिया। चोरों ने पहले पास की दुकान पर कचौड़ी-जलेबी खाई उसके घर के बाहर घूम रहे कुत्ते को गोद में लेकर फरार हो गए। चोरी की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। बीगल नस्ल के इस कुत्ते की कीमत 20 से 25 हजार रुपये बताई जा रही है। उसके मालिक ने पुलिस को सूचना दी। कैंट इंस्पेक्टर शशिभूषण राय का कहना है, फुटेज के जरिये चोरों की पहचान की जा रही है।

बैंक रोड निवासी डॉ. महेंद्र कुमार अपने घर में ही मनीषा संगीत महाविद्यालय चलाते हैं। उन्होंने बीगल नस्ल का करीब तीन महीने का एक कुत्ता पाल रखा है जिसका नाम रॉकी रखा है। 16 मार्च को डॉ. महेंद्र घर के अंदर थे इस बीच किसी ने मुख्य दरवाजा खोल दिया। दरवाजा खुलते ही रॉकी बाहर निकल गया। वह पहले भी घर के बाहर निकलकर टलहता रहता था। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि रॉकी को देखकर वहां से गुजर रहे कार सवारों ने गाड़ी बैक कर डॉ. महेंद्र के घर से कुछ दूरी पर पार्क कर दी। कार सवार वहीं घूमने लगे। टाइम पास करने के लिए पास में लगी एक दुकान से कचौड़ी-जलेबी भी खाई। करीब आधे घंटे में कार सवारों ने अनुमान लगा लिया कि कुत्ते का मालिक आसपास नहीं है।

इसके बाद दो युवक कार से उतरे और डॉ. महेंद्र के दरवाजे की ओर बढ़े। पहले रॉकी को इशारों से पास बुलाने की कोशिश की। लेकिन, जब वह नहीं आया तो उसे गोद में उठा लिया। इस दौरान वहां मौजूद लोगों को यही लगा होगा कि शायद ये लोग ही कुत्ते के मालिक हैं। युवक रॉकी को गोद में उठाकर कार तक ले गए। फिर कार में सवार होकर फरार हो गए। काफी वक्त बीत जाने के बाद जब रॉकी घर में नहीं दिखा तो डॉ. महेंद्र ने उसकी तलाश शुरू की। दरवाजा खुला देख उन्हें शक हुआ लेकिन बाहर तलाशने पर भी वह नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने सीसीटीवी फुटेज चेक की तो चोरी की घटना सामने आई। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है। कैंट पुलिस का कहना है जल्द ही बरामद कर लिया जाएगा।

# अधिवक्ता के घर चोरी करने वाला गिरफ्तार

गोरखपुर। बच्चों की परीक्षा दिलाने अलीगढ़ गए अधिवक्ता साबिर अली घर चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित अधिवक्ता के मोहल्ले का ही रहने वाला है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि गोरखनाथ थानाक्षेत्र के रसूलपुर भट्ठा निवासी साबिर अली को था।

# डकैती के आरोपितों के घर कोर्ट का नोटिस चस्पा

चिलुआताल। चिलुआताल पुलिस ने मारपीट और डकैती के मामले में फरार चल रहे आरोपितों के घर 82 का नोटिस चस्पा किया है। दरोगा अमित कुमार राय और अम्बरीश बहादुर ने वांछित आरोपी अमन निषाद, विनोद निषाद व छोटेलाल पुत्र दलसिंगार निवासी जं. नन्दलाल सिंह टोला हमीनपुर नवापार के विरुद्ध मुनादी कराते हुए कोर्ट द्वारा जारी 82 सी आरपीसी का नोटिस उनके घरों पर चस्पा कराया है।

# जमीन के विवाद में मारपीट, 14 पर केस दर्ज

गोरखपुर। गुलरिहा थानाक्षेत्र के नरायनपुर दोयम में जमीन के बंटवारे को लेकर मारपीट में 14 नामजद के खिलाफ बलवा, मारपीट और लूट की धाराओं में पुलिस ने केस दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के नरायनपुर दोयम निवासिनी खंझारी ने गुलरिहा पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि शुक्रवार की सुबह छह बजे जमीन के बंटवारे को लेकर संतलाल, संतोष, साहेब, कोइल व निशा सभी लोगों ने घर में घुसकर मारा-पीटा।

# स्कूल में चोरी का केस दर्ज कराया

भटहट। गुलरिहा थानाक्षेत्र की ग्राम पंचायत चक्खान मोहम्मद में स्थित प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर चोरी का मामला 20 फरवरी 2023 को सामने आया था। प्रधानाध्यापक मनोज कुमार शुक्ला का आरोप है कि कार्यालय के साथ ही स्कूल के सभी कमरों का ताला तोड़कर चोर गैस सिलेंडर, कुर्सी और बर्तन उठा ले गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 380 एवं 457 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# उजाले को जली मोमबत्ती से फ्रिज जलकर राख

चिलुआताल। बिजली कर्मचारियों के हड़ताल की वजह से चिलुआताल थाना क्षेत्र के मीरपुर में बिजली चली गई थी। यहां के निवासी मुकेश यादव ने शुक्रवार की रात घर में उजाले के लिये मोमबत्ती जला कर फ्रीज पर रख दिया और सो गए। मोमबत्ती खत्म होकर उसकी लौ फ्रीज पर रखे किसी सामान को पकड़ ली जिससे आग बढ कर फ्रीज भी जल गया।

# देशी शराब की दुकान में मिलावट का खेल

गोरखपुर। आबकारी अधिकारियों की टीम ने बांसगांव पुलिस को साथ लेकर माल्हनपार स्थित देशी शराब की दुकान पर छापा डाला और मिलावटी शराब तथा अवैध सामाग्री बरामद की। आबकारी अधिकारियों ने दुकान पर मौजूद कर्मचारी को हिरासत में ले लिया और लाइसेंस निलम्बित किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी।

पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।जिला आबकारी अधिकारी महेंद्रनाथ सिंह के मुताबिक 17 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली कि माल्हनपार स्थित देशी शराब की दुकान पर गड़बड़ी की जा रही है। इस सूचना को संज्ञान लेकर संयुक्त आबकारी आयुक्त गोरखपुर जोन के निर्देश पर आबकारी अधिकारियों की टीम गठित की गई।

# जमीन पैमाइश में गए चार पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

## कार्रवाई

- थाने की जीडी पर नहीं दर्ज की थी रवानगी जांच के बाद हुई कार्रवाई
- एसएसपी के निर्देश पर चारों के खिलाफ जांच का भी आदेश
- एसएसआई ने सूचना नहीं देने पर कर दी थी इनकी रिपोर्ट

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। खोराबार इलाके के सूबा बाजार में स्थित प्रापर्टी डीलरों की जमीन पैमाइश में थाने की जीडी में रवानगी किए बिना गए दरोगा रिजवान अहमद और तीन सिपाहियों को एसएसपी ने लाइन हाजिर कर दिया है। चारों के खिलाफ विभागीय जांच का भी निर्देश दिया है। थाना प्रभारी के छुट्टी पर होने से एसएसआई ने इन पुलिस कर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट कर दी थी। आरोप यह भी था कि पुलिसकर्मियों ने चार्ज पर मौजूद एसएसआई को सूचना नहीं दी थी, जिसे अनुशासनहीनता मानी गई है।

खोराबार इलाके के सूबा बाजार निवासी शकुंतला देवी पत्नी हीरा यादव ने पत्थर नसब के लिए एसडीएम के यहां प्रार्थनापत्र दिया था। 23 फरवरी 2023 को पैमाइश के लिए राजस्व टीम गठित की गई थी। खोराबार थाने पर सूचना देकर फोर्स मांगी गई थी। दरोगा रिजवान अहमद तीन पुलिसकर्मियों के साथ पैमाइश में चले गए थे। उन्होंने थाने के चार्ज पर मौजूद एसएसआई मनोज कुमार वर्मा को इसकी जानकारी नहीं दी थी। मनोज को जब इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने दरोगा और साथ गए तीनों सिपाहियों की रिपोर्ट कर दी थी। आरोप था कि जब रिजवान अहमद का क्षेत्र नहीं था तब वह बिना सूचना दिए कैसे चले गए। अफसरों की जांच में सामने आया कि रिजवान अहमद हल्का नम्बर-एक के इंचार्ज हैं, जबकि पैमाइश हल्का नम्बर-तीन में होनी थी। ऐसे में थाने के ऑफिस में कम्प्यूटर ऑपरेटर का काम कर रहे कांस्टेबल रवि ने दरोगा और सिपाहियों को पैमाइश में जाने के लिए आदेश थमा दिया। बताया जा रहा है कि वह खुद भी चला गया था। हालांकि टीम में शामिल दो अन्य पुलिसकर्मी कांस्टेबल अजय सिंह और हेड कांस्टेबल सुधीर सिंह हल्का नम्बर-तीन में ही तैनात हैं। अजय वहां के बीट सिपाही हैं। इन दोनों ने भी थाना इंचार्ज के रूप में मौजूद एसएसआई को सूचना नहीं दी थी। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि जमीन के मामले में बिना सूचना दिए और बिना जीडी में तस्करा डाले पैमाइश करने जाने पर एक दरोगा और तीन सिपाहियों को लाइन हाजिर किया गया है। उनकी विभागीय जांच भी कराई जा रही है।

# बच्ची से रेप के दोषी को दस साल की सजा

गोरखपुर। बच्ची के साथ दुष्कर्म का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट नवल किशोर सिंह ने बड़हलगंज थानाक्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर निवासी अभियुक्त सुमित को दस साल के कठोर कारावास सुनाई है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र राम त्रिपाठी एवं उमेश मिश्र का कहना है कि वादी ने 19 जनवरी 2017 को मुकदमा दर्ज कराया। उसकी चार वर्षीय बच्ची को अभियुक्त टहलने के बहाने ले गया और खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया।

# हत्या के जुर्म में उम्रकैद की सजा

गोरखपुर। विधि विरुद्ध भीड़ इकट्ठा करने व हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश ओमप्रकाश मिश्र ने गगहा थानाक्षेत्र के पोखरी निवासी अभियुक्त अंभुज दुबे व बांसगांव थानाक्षेत्र के पानापार निवासी सत्यानंद शुक्ला को आजीवन कारावास एवं 25 हजार दो सौ रुपये व पोखरी निवासी अभियुक्त राजेश दुबे, सुमन दुबे, राघवेंद्र दुबे, पानापार निवासी अभियुक्त विवेकानंद शुक्ल, रामानंद शुक्ल, दयानंद शुक्ल एवं गगहा थानाक्षेत्र के चडेरिया निवासी दुर्गेश पांडेय को एक साल के कारावास एवं पांच हजार दो सौ रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है।

# स्मैक बेचने आए दो तस्कर गिरफ्तार

गोरखपुर। गोरखपुर में स्मैक की सप्लाई देने आए बिहार के नरकटियागंज के दो तस्करों को राजघाट पुलिस ने दबोच लिया।

तलाशी में उनके पास से 41.5 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर शनिवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। राजघाट इलाके में जिसे सप्लाई देने आए थे, उनकी भी पुलिस तलाश कर रही है। शनिवार को दो तस्कर राजघाट इलाके में आए थे। मुखबिर की सूचना पर राजघाट इंस्पेक्टर राजेन्द्र सिंह और उनकी टीम ने उन्हें दबोच लिया। उनकी पहचान बिहार के पश्चिमी चंपारण (नरकटियागंज) जिले के शिकारपुर थानाक्षेत्र के शांतिकोनी निवासी कन्हैया और मनीष पासवान के रूप में हुई।

# चेन स्नेचर गिरफ्तार लूटी हुई चेन बरामद

**गोरखपुर।** हुमायूंपुर निवासी महिला की सोने की चेन लूटने के मामले में पुलिस ने अविनाश उर्फ मोटू नामक शातिर बदमाश को शनिवार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उसके पास से लूटी हुई चेन बरामद कर ली है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ लूट की धारा में केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि हुमायूंपुर निवासी भूपेन्द्र की पत्नी बृजलता के साथ बाइक सवार बदमाश ने सोने की चेन खींच ली थी। केस दर्ज कर पुलिस ने छानबीन शुरू की और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लुटेरे की पहचान अविनाश उर्फ मोटू निवासी बनगाई टोला बंजरवा थाना गुलरिहा के रूप में हुई।

# एजेंसी के हॉकर की पिटाई कर 34500 रुपये लूटा

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** बेलघाट के कुरी बाजार में युवक को पीट रहे बदमाशों ने बचाने पहुंचे रसोई गैस एजेंसी के हॉकर की पिटाई कर 34500 रुपये व मोबाइल फोन लूट लिया। चौकी पर पहुंचे पीड़ित को पुलिस 4 घंटे तक इधर-उधर दौड़ाती रही। अधिकारियों के पूछताछ करने पर हरकत में आई पुलिस ने दो आरोपितों को हिरासत में लेकर हॉकर का मोबाइल फोन बरामद कर लिया। अन्य युवकों की तलाश जारी है।

बेलघाट के धमनिया गांव निवासी संदीप यादव संतकबीरनगर के धनघटा में स्थित भाजपा नेता के रसोई गैस की एजेंसी पर काम करते हैं। शनिवार को दोपहर 12 बजे बाइक से संदीप यादव एजेंसी पर रुपये जमा करने जा रहे थे।

हिन्दुस्त

# मासूम का हुआ पोस्टमार्टम परिजनों ने सौंपी तहरीर

हि फॉलोअप

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** चरगांवा स्थित ग्रीनलैंड हॉस्पिटल में वैक्सीन रिएक्शन का मामला संजीदा हो गया है। टीका लगने के बाद गंभीर हुए तीसरे बच्चे की मौत शुक्रवार को हो गई। शनिवार को उसका पोस्टमार्टम हुआ। शनिवार को मृत मासूम को पिता विनीत सिंह ने चिलुआताल थाने में अस्पताल प्रशासन और चिकित्सक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने राप्तीनगर फेज-4 के विनीत सिंह की तहरीर पर एक और मामला बढ़ा दिया है। साथ ही उनके बच्चे के पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी भी कराई गई। विसरा सुरक्षित कर लिया गया है।

हॉस्पिटल में पांच मार्च को तीन बच्चों को बीसीजी, हेपेटाइटिस बी और पोलियो का टीका लगाया गया और तीनों बच्चों की मौत हो गई है। तीनों बच्चों के पोस्टमार्टम में कोई कारण सामने नहीं आया है। गगहा के सौरभ राय के बच्चे की मौत पांच मार्च को हो गई। उनकी तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद धर्मपुर के शिशांत चार्ल्स के बच्चे की मौत हुई और शुक्रवार को विनीत के बच्चे ने दम तोड़ दिया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने पहले ही डॉ. सुधीर गुप्ता के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था। विनीत सिंह की तहरीर पर इसी मुकदमे में एक और मामला बढ़ा दिया गया है, इसकी जांच चल रही है।



## जांच दर जांच, नतीजा सिफर

इस मामले में आरोपी चिकित्सक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। सीएमओ ने मामले की जांच के लिए चार डॉक्टरों समेत पांच सदस्यीय टीम गठित की है। यह टीम पुलिस को रिपोर्ट देगी। इसके अलावा विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की टीम भी इस मामले में जांच कर रही है। वह वैक्सीन रिएक्शन की रिपोर्ट डब्ल्यूएचओ को भेजेगी। इसके अलावा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी इस मामले में जांच रिपोर्ट तलब की है। किसी भी जांच का कोई नतीजा अब तक नहीं निकला है।

# मोहल्ले के युवक ने की थी अधिवक्ता के घर चोरी

**जासं, गोरखपुर** : अधिवक्ता साबिर अली के घर में मोहल्ले के युवक ने चोरी की थी। सीसी कैमरा फुटेज की मदद से गोरखनाथ थाना पुलिस ने शनिवार की सुबह एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि गोरखनाथ थाना क्षेत्र के रसूलपुर भट्ठा निवासी अधिवक्ता साबिर अली बच्चों को परीक्षा दिलाने अलीगढ़ गए थे। घर में ताला बंद था। 11 मार्च की रात में चोरों ने ताला तोड़कर आलमारी से 40 हजार रुपये नकद, सोने की दो अंगूठी, चांदी की दो अंगूठी, नाक की कील, नथुनी, सोने की हाथ घड़ी, कैमरा और अन्य घरेलू सामान चोरी कर लिया था। सीसी कैमरा फुटेज की मदद से पुलिस ने शनिवार की सुबह रसूलपुर के नौशाद को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया।

## मारपीट करने वालों का शांतिभंग में चालान

**भटहट** : खपड़हवा चौराहे पर शराब पीने के दौरान दुकानदार एवं अन्य लोगों पर पथराव करने वाले दो आरोपितों का गुलरिहा थाना पुलिस ने शनिवार को शांतिभंग में चालान कर दिया। शुक्रवार की शाम महराजगंज जनपद के गांगी बाजार से अवैधनाथ एवं अजय खपड़हवा चौराहे पर आए थे। उन्होंने पुलिस कर्मियों से भी हाथापाई की। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपितों का शांति भंग में चालान किया गया है। (जासं)

## सेवानिवृत्त प्रोफेसर के पुत्र पर मुकदमा

**गोरखपुर** : बीआरडी मेडिकल कालेज के सेवानिवृत्त प्रोफेसर विजय बहादुर सिंह के पुत्र पुनीत पर गुलरिहा थाना पुलिस ने मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है। झुंगिया बाजार निवासी की ममता ने गुलरिहा थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि सेवानिवृत्त प्रोफेसर जेमिनी पैराडाइज में परिवार के साथ रहते हैं। वह उनके घर भोजन बनाती थी। तबीयत खराब होने पर वह कई दिन काम करने नहीं गई। 22 फरवरी को काम करने गई तो प्रोफेसर की पत्नी ने गहने चोरी का आरोप लगा वापस कर दिया। 15 मार्च को बकाया मजदूरी मांगने गई तो प्रोफेसर के पुत्र पुनीत ने पीट दिया। गुलरिहा थाना पुलिस आरोप की जांच कर रही है।

# ठीके पर मिली नकली देसी शराब, सेल्समैन गिरफ्तार

**जासं, बांसगांव** : माल्हनपार में लाइसेंसी सरकारी दुकान पर नकली देसी शराब बिक रही थी। शनिवार की शाम को आबकारी विभाग की टीम ने दुकान में छापा डाला नकली शराब, क्यूआर कोड व ढक्कन के साथ सेल्समैन को गिरफ्तार किया। आबकारी निरीक्षक ने बांसगांव में थाने में सेल्समैन समेत पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

एसपी साउथ अरुण सिंह ने बताया कि माल्हनपार स्थित देसी मदिरा की दुकान से विक्रेता की ओर से मिलावटी शराब बेचने की सूचना पर आबकारी विभाग की संयुक्त टीम के साथ दबिश दी गई। इस दौरान 225 पेटी और 42 पौवा एक कंपनी का शराब मिला। इसमें 42 पौवा जलमिश्रित मदिरा, 9 पौवा, नकली क्यूआरकोड युक्त मदिरा, 26 नकली ढक्कन, 56 नकली क्यूआरकोड, 38,174 रुपये बरामद हुए। पकड़ा गया सेल्समैन कमलेश राव कुशीनगर जिले के कप्तानगंज क्षेत्र का रहने वाला है। आबकारी निरीक्षक उपेंद्र सिंह ने बताया कि दुकान का लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

## मुंबई से आ रहे युवक की सिपाही ने बचाई जान

**जासं, गोरखपुर** : मुंबई से आ रहे कुशीनगर के युवक की तबीयत शनिवार की शाम कूड़ाघाट में बिगड़ गई। यातायात ड्यूटी पर तैनात महिला सिपाही की नजर पड़ी तो स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल ले गई। समय से उपचार मिलने की वजह से युवक की जान बची। सूचना पर पहुंचे स्वजन देर शाम अपने साथ घर ले गए। कुशीनगर जिले के पड़रौना निवासी सरफराज मुंबई में मजदूरी करते हैं। शनिवार की शाम ट्रेन से वह गोरखपुर पहुंचे स्टेशन से बस पकड़कर घर जार रहे थे। कूड़ाघाट में उनकी तबीयत बिगड़ गई। यातायात पुलिस की महिला सिपाही ममता उन्हें अस्पताल ले गईं। भर्ती कराने के बाद सूचना स्वजन को दिया।

# कैशियर को उठा ले गई पुलिस दारोगा समेत तीन निलंबित

**जासं, गोरखपुर :** दुष्कर्म के आरोपित माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कैशियर को महराजगंज जिले के नौतनवां थाने की पुलिस शनिवार की शाम उठा ले गई। पुलिसकर्मियों ने जानकारी अधिकारियों को भी नहीं दी। कैशियर के अपहरण की सूचना पर यहां की पुलिस चार घंटे तक परेशान रही, लेकिन कुछ पता नहीं चला।



आरोपित करन।

सिद्धार्थनगर के उसका थाना क्षेत्र के बरदहा टोला निवासी करन सिंह आशीर्वाद माइक्रो फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, केरल की कौड़ीराम शाखा में कैशियर है। महराजगंज जिले के नौतनवां क्षेत्र की रहने वाली युवती ने स्थानीय थाने में उसके विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया है। शनिवार की शाम पुलिस वर्दी में तीन लोग वाहन से कौड़ीराम फाइनेंस कंपनी की शाखा पर पहुंचे। बातचीत करने के बाद करन सिंह को ले जाने लगे। शाखा प्रबंधक राहुल ने घटना की जानकारी डायल 112 पर फोन कर देने के साथ ही करन के स्वजन को दी। गगहा थाना पुलिस के साथ ही जिले की क्राइम ब्रांच ने शाम तक छानबीन की, लेकिन पता नहीं चला। स्वजन ने अनहोनी की आशंका जताते हुए अधिकारियों को बताया तो एसपी साउथ अरुण सिंह मौके पर पहुंचे। रात में आठ बजे पता चला कि दुष्कर्म के मामले में वांछित करन को नौतनवां पुलिस ले गई है। अधिकारियों ने छानबीन की तो पता चला कि आरोपित को पकड़कर ले जाने वाले दारोगा ने अधिकारियों से दूसरे जिले में दबिश देने की अनुमति नहीं ली थी।

एसपी महराजगंज डा. कौस्तुभ ने बताया कि बिना अनुमति को आरोपित को पकड़ने गोरखपुर गए दारोगा विजय द्विवेदी और सिपाही राधेश्याम व अजय को निलंबित कर दिया गया है।

# महिला की चेन लूटने वाला बदमाश गिरफ्तार

**जासं, गोरखपुर:** गोरखनाथ के हुमायूंपुर निवासी महिला की चेन लूटने वाले बदमाश को पुलिस ने शनिवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। गुलरिहा क्षेत्र के रहने वाले आरोपित पर लूट सहित अन्य धाराओं में 15 मुकदमे दर्ज हैं।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि हुमायूंपुर निवासी भूपेन्द्र कुमार की पत्नी बृजलता की चेन बाइक सवार बदमाश ने लूट ली थी। मुकदमा दर्जकर छानबीन में जुटी गोरखनाथ थाना पुलिस ने सीसी कैमरा फुटेज से लुटेरे की पहचान की। शनिवार की सुबह थाना प्रभारी दुर्गेश सिंह ने जटेपुर उत्तरी के पास बदमाश को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसकी पहचान गुलरिहा थाना क्षेत्र के बनगाई, बंजरवा टोला निवासी अविनाश उर्फ मोटू के रूप में हुई। एसपी सिटी ने बताया कि अविनाश के विरुद्ध गोरखनाथ, तिवारीपुर, शाहपुर, कैंट में लूट सहित अन्य धाराओं में कुल 15 मुकदमे दर्ज हैं।




पुलिस की गिरफ्त में महिला की चेन लूटने वाला बदमाश। पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता करते एसपी सिटी ● सौ. पुलिस मीडिया सेल

## लूट के पांच मोबाइल फोन के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

गोरखपुर : खोराबार थाना पुलिस ने मोबाइल फोन लूटने वाले दो बदमाशों को शनिवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के कब्जे से लूट के पांच मोबाइल फोन व घटना में इस्तेमाल बाइक बरामद हुई। दोपहर बाद दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि आठ नवंबर, 2022 को कुशीनगर जिले के सोमली के नीरज सिंह का मोबाइल फोन बाइक सवार दो बदमाशों ने लूट लिया। वह खोराबार के रामबरन चौक पर किराये का कमरा लेकर रहते हैं और पालीटेक्निक के छात्र हैं। लूट का मुकदमा दर्जकर फरार चल रहे बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए टीम लगाई गई थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने खोराबार के जंगल चवरी पाण्डेय टोला के गौतम पासवान और यहीं के अभिषेक गुप्ता को शनिवार की सुबह गिरफ्तार किया। आरोपितों के कब्जे से लूट के पांच मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद हुई। गौतम के विरुद्ध खिलाफ पहले भी एक मुकदमा दर्ज है।

# जाम लगाने वाले 38 नामजद सहित 250 पर मुकदमा

**जासं, पिपराइच:** सिधावल चौराहे पर शव रख छह घंटे तक जाम करने के मामले में पिपराइच थाना पुलिस ने मृतक की मां, बहन सहित 38 नामजद और 250 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

16 मार्च को कुशीनगर जिले के अहिरौली थाना क्षेत्र के ग्राम होलियां के मुंशी सिंह के बेटे सत्यम की दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। सत्यम की मां निर्मला ने भूमि विवाद में गांव के ही एक व्यक्ति पर गाड़ी से ठोकर मारकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए स्वजन के साथ सड़क पर शव रख जाम लगा दिया था। आरोपितों पर कार्रवाई और अहिरौली थाने में पति पर दर्ज मुकदमे को खत्म करने की मांग करने लगीं। छह घंटे तक रहे जाम की वजह से राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि पिपराइच थाना पुलिस ने निर्मला, साधना, आराधना, दीपक और जिला पंचायत सदस्य रामचंद्र पासवान समेत 38 नामजद और 250 अज्ञात के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# डा.सुधीर के खिलाफ मुकदमे में एक और मामला बढ़ा

**जासं, गोरखपुर :** चरगांवा के ग्रीनलैंड हास्पिटल में टीका लगने के बाद गंभीर हुए बच्चों की मौत के मामले में शनिवार को पुलिस ने राप्तीनगर फेज-4 के विनीत सिंह की तहरीर पर एक और मामला बढ़ा दिया है। बच्चे के शव के पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी भी कराई गई। हास्पिटल में पांच मार्च को तीन बच्चों को बीसीजी, हेपेटाइटिस बी व पोलियो का टीका लगाया गया था। इसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। कुछ दिन के अंतराल में तीनों बच्चों की मौत हो गई। पोस्टमार्टम में कारण सामने नहीं आया है। उनका विसरा सुरक्षित कर लिया गया है।

गगहा के सौरभ कुमार राय के बच्चे की मौत पांच मार्च को हो गई थी। उनकी तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद धर्मपुर के शिशांत चार्ल्स के बच्चे की मौत हुई और शुक्रवार को विनीत के बच्चे ने दम तोड़ दिया। स्वजन की तहरीर पर पुलिस ने पहले ही डा.सुधीर गुप्ता के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था।

# भूमि विवाद में मारपीट, 14 पर मुकदमा

**गोरखपुर** : नारायनपुर गांव के मोहम्मदपुर टोला में भूमि बंटवारे को लेकर हुए मारपीट में गुलरिहा थाना पुलिस ने 14 लोगों पर बलवा,



मारपीट और लूट का मुकदमा दर्ज किया है। गांव के खंझारी की तहरीर पर पुलिस ने संतलाल, संतोष, साहेब, कोइल, निशा ने जमीनी विवाद को लेकर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। साथ ही घर में घुसकर लाठी डंडा और राड से मारापीटा। घटना में सुशीला के पैर और सिर में चोट लगी है। प्रभारी निरीक्षक थाना गुलरिहा मनोज पांडेय ने बताया कि आरोपितों की तलाश चल रही है।

# प्रापर्टी डीलर की भूमि पैमाइश में गए चार पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**जासं, गोरखपुर** : प्रापर्टी डीलरों की भूमि पैमाइश में बिना किसी सूचना के गए खोराबार थाने के दारोगा व तीन सिपाहियों को एसएसपी ने लाइन हाजिर कर दिया है। चारों के विरुद्ध विभागीय जांच करने के भी निर्देश दिए गए हैं। थाना प्रभारी छुट्टी पर थे। प्रभार देख रहे एसएसआइ की रिपोर्ट पर यह कार्रवाई हुई है।

सूबा बाजार निवासी शकुंतला देवी पत्नी हीरा यादव ने भूमि का सीमांकन कराने के लिए एसडीएम के यहां प्रार्थनापत्र दिया था। 23 फरवरी, 2023 को पैमाइश के लिए राजस्व टीम गठित की गई थी। खोराबार थाने पर सूचना देकर फोर्स मांगी गई थी। दारोगा रिजवान अहमद साथ आरक्षी सुधीर सिंह, अजय सिंह और रवि कुमार के साथ पैमाइश में चले गए थे। थानेदार के अवकाश पर होने के बाद प्रभार देख रहे एसएसआइ मनोज कुमार वर्मा को जानकारी नहीं दी थी। मनोज कुमार वर्मा को जब जानकारी हुई तो उन्होंने रिपोर्ट कर दी। आरोप था कि क्षेत्र न होने के बाद भी रिजवान अहमद चले गए थे। सीओ कैंट की जांच में पता चला कि खोराबार थाने के आफिस में कंप्युटर आपरेटर का काम देख रहे सिपाही रवि ने दारोगा और दो अन्य सिपाहियों को पैमाइश में जाने का आदेश थमा दिया।

> सभी बताया गया है कि भूमि विवाद के मामले में बिना सूचना दिए और जीडी में तस्करा डाले मौके पर न जाएं। खोराबार थाने के एक दारोगा व तीन सिपाहियों को लाइन हाजिर किया गया है। विभागीय जांच भी कराई जा रही है। **डा. गौरव ग्रोवर, एसएसपी**

# हत्या के मामले में दो को आजीवन कारावास

**विसं, गोरखपुर** : विधि विरुद्ध भीड़ इकट्ठा करने और हत्या का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश ओम प्रकाश मिश्र ने दो को आजीवन कारावास एवं भीड़ इकट्ठा करने के मामले में आठ को एक साल कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने गगहा थाना क्षेत्र के पोखरी निवासी अभियुक्त अंबुज दूबे व बांसगांव के पानापार निवासी सत्यानंद शुक्ला को आजीवन कारावास और 25 हजार दो सौ रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। यह जानकारी सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अजीत शाही व बृजेश सिंह ने दी है।

# स्मैक बेचने आए बिहार के दो तस्कर गिरफ्तार

**गोरखपुर** : स्मैक की आपूर्ति देने आए बिहार के नरकटियागंज के दो तस्करों को राजघाट थाना पुलिस ने शनिवार की सुबह दबोच लिया। आरोपितों के कब्जे से 41.5 ग्राम स्मैक बरामद हुई। दोपहर बाद दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। स्मैक मंगाने वालों की पुलिस तलाश कर रही है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि राजघाट थाना प्रभारी को शनिवार की सुबह सूचना मिली कि बिहार से स्मैक की आपूर्ति देने तस्कर ट्रांसपोर्टनगर में आए हैं। थानाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने टीम के साथ उन्हें दबोच लिया। आरोपितों की पहचान बिहार के पश्चिम चंपारण (नरकटियागंज), शिकारपुर थाना क्षेत्र के शांतिकोनी निवासी कन्हैया कुमार और मनीष पासवान के रूप में हुई। (जासं)

# छेड़छाड़ के आरोपी को तीन साल की सजा

**गोरखपुर।** बच्ची से छेड़छाड़ करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट नम्रता अग्रवाल ने बेलीपार के ग्राम अहिरौली निवासी अभियुक्त साबिर उर्फ मेटा को तीन साल के कठोर कारावास एवं 10 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। ब्यूरो

# बच्ची से दुष्कर्म करने वाले को 10 वर्ष की सजा

**गोरखपुर।** चार साल की बच्ची से दुष्कर्म का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट नवल किशोर सिंह ने बड़हलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर निवासी अभियुक्त सुमित को 10 साल के कठोर कारावास एवं 20 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। ब्यूरो

# नवजात का पोस्टमार्टम, विसरा सुरक्षित

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** करीम नगर स्थित ग्रीन लैंड हॉस्पिटल में पांच मार्च को जिन तीन नवजातों को वैक्सीन लगाई गई थी, उसमें तीसरे की मौत के बाद शनिवार को उसका पोस्टमार्टम हुआ। मौत का कारण पता न चलने की वजह से डॉक्टरों ने विसरा सुरक्षित कर लिया है। मामले में चिलुआताल थाना पुलिस ने राप्तीनगर फेज-चार के विनीत सिंह की तहरीर पर एक और मामला बढ़ा दिया है।

जानकारी के मुताबिक, ग्रीन लैंड हॉस्पिटल में पांच मार्च को तीन नवजातों को बीसीजी, हेपेटाइटिस बी और ओरल पोलियो की वैक्सीन लगाई गई थी। टीका लगने के बाद तीनों की हालत बिगड़ गई।

सबसे पहले पांच मार्च को गगहा के सौरभ कुमार राय के बच्चे की मौत बीआरडी मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान हुई थी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने बीआरडी के डॉक्टर सुधीर गुप्ता के खिलाफ लापरवाही से इलाज करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया।

इसके बाद धर्मपुर के शिशांत चार्ल्स के नवजात की भी मौत हो गई। इस बीच शुक्रवार को विनीत के बच्चे ने भी दम तोड़ दिया। विनीत की तहरीर पर पुलिस ने डॉ. सुधीर गुप्ता पर एक और मामला दर्ज कर लिया है।

## दोनों नवजात का भी विसरा किया गया संरक्षित

इससे पूर्व सौरभ राय और शिशांत चार्ल्स के बच्चे की मौत हो चुकी है। मामले में डॉक्टरों ने दोनों बच्चों का पोस्टमार्टम करा दिया है। लेकिन, उनकी मौत के कारण की जानकारी नहीं हो सकी थी। इसकी वजह से दोनों बच्चों का विसरा सुरक्षित कर लिया गया है। अब विसरा की जांच के बाद ही मौत की सही जानकारी मिल सकेगी।

मामले की जांच की जा रही है। तीनों नवजातों का विसरा सुरक्षित है। जांच के लिए इसे भेजा गया है। जांच के बाद ही मौत के सही कारणों की जानकारी मिल सकेगी। फिलहाल अस्पताल को सील कर दिया गया है। – **डॉ. आशुतोष कुमार दूबे,** सीएमओ

# फाइनेंस कंपनी के कर्मी को उठा ले गई पुलिस

**कौड़ीराम।** भारतीय स्टेट बैंक की मिश्रौली शाखा के बगल में स्थित फाइनेंस कंपनी में काम करने वाले युवक को शनिवार को नौतनवां पुलिस हिरासत में ली है। बताया जा रहा है कि युवक करन सिंह सिद्धार्थनगर जिले के बरदहा के थाना बाजार का रहने वाला है। वह कंपनी में कैशियर के पद पर काम करता है। पता चला कि युवक पर नौतनवां थाना में गंभीर धारा में केस दर्ज है। ब्यूरो

# प्रापर्टी डीलरों की जमीन की पैमाइश के लिए गए चार पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

## थाने की जीडी में रवानगी नहीं की थी दर्ज, जांच के बाद एसएसपी ने की कार्रवाई

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** खोराबार इलाके के सूबा बाजार में प्रापर्टी डीलरों की जमीन की पैमाइश करने गए दरोगा रिजवान अहमद और तीन सिपाहियों को एसएसपी ने लाइन हाजिर कर दिया है। चारों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

बताया जा रहा है थाना प्रभारी के छुट्टी होने पर एसएसआई ने इन पुलिसकर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट कर दी थी। इन लोगों ने थाने की जीडी में रवानगी भी नहीं दर्ज की थी।

खोराबार इलाके की सूबा बाजार

### चारों के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू

निवासी शकुंतला देवी पत्नी हीरा यादव ने पत्थर नशब के लिए एसडीएम के यहां प्रार्थनापत्र दिया था। 23 फरवरी को पैमाइश के लिए राजस्व विभाग की टीम गठित की गई थी।

खोराबार थाने पर सूचना देकर फोर्स मांगी गई थी। दरोगा रिजवान अहमद तीन पुलिसकर्मियों के साथ पैमाइश कराने चले गए थे। इस दौरान उन्होंने थाने के चार्ज पर मौजूद एसएसआई मनोज कुमार वर्मा को इसकी जानकारी नहीं दी थी।

आरोप था कि जब रिजवान अहमद का क्षेत्र नहीं था तब वह बिना सूचना दिए कैसे चले गए? जांच के बाद आरोप सही पाए जाने पर एसएसपी गौरव ग्रोवर ने चारों पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है।

अफसरों की जांच में सामने आया कि रिजवान अहमद हल्का नंबर एक के इंचार्ज हैं, जबकि पैमाइश हल्का नंबर तीन में होनी थी। इतना ही नहीं थाने के आफिस में कंप्यूटर ऑपरेटर का काम कर रहे कांस्टेबल रवि ने दरोगा और सिपाहियों को पैमाइश में जाने के लिए आदेश थमा दिया। बताया जा रहा है कि वह स्वयं भी चला गया था।

हालांकि टीम में शामिल दो अन्य पुलिसकर्मी कांस्टेबल अजय कुमार सिंह और हेड कांस्टेबल एमएल कुमार सिंह हल्का नंबर तीन में ही तैनात हैं। अजय कुमार सिंह बीट सिपाही हैं। एसएसपी ने बताया कि जमीन के मामले में बिना सूचना दिए पैमाइश करने पर एक दरोगा और तीन सिपाहियों को लाइन हाजिर किया गया है।

# गैस एजेंसी के हॉकर को पीटा, 34,500 रुपये लूटे

**गोरखपुर।** कुरी बाजार में युवक को पीट रहे बदमाशों ने बचाने पहुंचे रसोई गैस एजेंसी के हॉकर की पिटाई कर 34,500 रुपये और मोबाइल फोन लूट लिए। चौकी पर शिकायत लेकर पहुंचे पीड़ित को पुलिस चार घंटे तक इधर-उधर दौड़ाती रही। इस बीच अधिकारियों को सूचना हुई तो हरकत में आई बेलघाट थाना पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लेकर मोबाइल फोन बरामद किया है। अन्य युवकों की तलाश की जा रही है। बेलघाट के धमनिया गांव निवासी संदीप यादव संतकबीरनगर के धनघटा में स्थित भाजपा नेता की रसोई गैस की एजेंसी में काम करते हैं। बताया जा रहा है कि शनिवार को दोपहर में बाइक से संदीप यादव एजेंसी में रुपये जमा करने जा रहे थे। ब्यूरो

# फर्जी क्यूआर कोड से शराब बेचने वाला गिरफ्तार

**गोरखपुर।** देसी शराब के ठेके में फर्जी क्यूआर कोड लगाकर जलमिश्रित शराब बनाने के अपराध में एक आरोपी को बांसगांव पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान कमलेश राव निवासी लोहेपार कप्तानगंज कुशीनगर के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि माल्हनपार स्थित देसी शराब की दुकान से विक्रेता की ओर से मिलावटी शराब बेचने की सूचना पर आबकारी विभाग की संयुक्त टीम के साथ दबिश दी गई। इस दौरान एक कंपनी की 225 पेटी और 42 पौवा शराब मिली। ब्यूरो

# शातिर चेन स्नेचर गिरफ्तार

**गोरखपुर।** हुमायूंपुर निवासी महिला की सोने की चेन लूटने के आरोपी शातिर बदमाश अविनाश उर्फ मोटू को



आरोपी अविनाश

पुलिस ने शनिवार को मिठाई लाल हाता के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से लूटी गई चेन भी बरामद कर ली गई। उस पर चेन लूट सहित अन्य धाराओं में 15 मुकदमे दर्ज हैं। एसपी सिटी ने बताया कि हुमायूंपुर निवासी भूपेंद्र कुमार की पत्नी बृजलता के साथ बाइक सवार बदमाश ने गले से सोने की चेन खींच ली थी। ब्यूरो

# पिपराइच-कप्तानगंज मार्ग जाम करने के आरोप में 250 पर केस

**पिपराइच।** शव रखकर कर पिपराइच-कप्तानगंज मार्ग को छह घंटे तक जाम करने के मामले में पुलिस ने एक जिला पंचायत सदस्य सहित 38 नामजद और 250 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने सड़क जाम करने सहित सात सीएलए एक्ट के तहत कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक, 16 मार्च को कुशीनगर जिले के अहिरौली थाना क्षेत्र के ग्राम होलियां निवासी मुंशी सिंह के बेटे सत्यम (22) की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई थी। मामले में सत्यम की मां निर्मला ने डेढ़ माह पूर्व हुए जमीन विवाद में मारपीट के मामले को जोड़ते हुए गांव के एक व्यक्ति पर गाड़ी से ठोकर मारकर हत्या करने का आरोप लगाया था। ब्यूरो

# दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। पिपराइच पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले के आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान खुशीहाल निवासी महुआचापी के रूप में हुई है। पुलिस को आरोपी की तलाश काफी दिनों से थी। सूचना पर उसे गिरफ्तार किया गया है। वहीं, कैंपियरगंज पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। ब्यूरो

# बिहार से स्मैक बेचने आए दो तस्कर दबोचे

गोरखपुर। बिहार से स्मैक लाकर गोरखपुर में सप्लाई देने आए दो तस्करों को राजघाट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से 41.5 ग्राम स्मैक बरामद किया गया। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेजा गया। एसपी सिटी ने बताया कि आरोपी नरकटियागंज के रहने वाले हैं। ब्यूरो

# हत्या के जुर्म में दो को आजीवन कारावास

गोरखपुर। विधि विरुद्ध भीड़ इकट्ठा करने और हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश ओम प्रकाश मिश्र ने गगहा थाना क्षेत्र के पोखरी निवासी अभियुक्त अंभुज दूबे और बांसगांव क्षेत्र के पानापार निवासी सत्यानंद शुक्ला को आजीवन कारावास एवं 25 हजार दो सौ रुपये का जुर्माना लगाया है। ब्यूरो

# पूर्व प्रोफेसर के पुत्र के खिलाफ मारपीट का केस

गुलरिहा। बीआरडी मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रो विजय बहादुर सिंह के पुत्र पुनीत के खिलाफ गुलरिहा पुलिस ने मारपीट व जान से मारने की धमकी का केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक पूर्व प्रो जेमिनी पैराडाइज सोसायटी में रहते हैं। झुंगिया बाजार निवासी ममता उनके घर खाना बनाने का काम करती थीं। उसी ने केस दर्ज कराया है। ब्यूरो

# दो आरोपियों का शांतिभंग में चालान

गुलरिहा। क्षेत्र के खपड़हवा चौराहे पर शराब पीने के दौरान दुकानदार एवं अन्य लोगों पर पथराव करने वाले दो आरोपियों का पुलिस ने शांतिभंग में चालान किया है। शुक्रवार शाम महराजगंज जनपद के गांगी बाजार से अवेद्यनाथ एवं अजय खपड़हवा चौराहे पर आए थे। दोनों दुकानदार एवं अन्य लोगों के ऊपर पत्थर चलाने लगे। पुलिस कर्मियों से भी हाथापाई की गई। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि दोनों आरोपियों का शांतिभंग में चालान किया गया है। ब्यूरो

# अधिवक्ता के घर चोरी करने वाला गिरफ्तार

गोरखपुर। बच्चों की परीक्षा दिलाने अलीगढ़ गए गोरखनाथ इलाके के रहने वाले अधिवक्ता साबिर अली के घर चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अधिवक्ता के मोहल्ले का ही रहने वाला है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि गोरखनाथ थाना क्षेत्र के रसूलपुर भट्ठा निवासी अधिवक्ता बच्चों की परीक्षा दिलाने अलीगढ़ गए थे। घर में ताला बंद था। 11 मार्च की रात चोरों ने 40 हजार रुपये के अलावा जेवर चुरा लिया। ब्यूरो

# जमीन बंटवारे को लेकर मारपीट, 14 पर केस

गुलरिहा। क्षेत्र के नारायनपुर गांव के मोहम्मदपुर टोले में जमीन बंटवारे को लेकर मारपीट में 14 आरोपियों के खिलाफ बलवा, मारपीट और लूट की धाराओं में केस दर्ज किया गया। पुलिस ने यह कार्रवाई गांव के खंझारी की तहरीर पर की है। आरोप है कि शुक्रवार की सुबह छह बजे जमीन के बंटवारे को लेकर संतलाल, संतोष, साहेब, कोइल, निशा ने घर में घुस कर लाठी डंडा और रॉड से मारापीटा जिसमें कई लोगों को चोट आई। आरोपी 20 हजार रुपये भी लेकर भाग गए। ब्यूरो

# साइबर सेल ने दो लोगों के रुपये वापस कराए

गोरखपुर। साइबर सेल की टीम ने चार वर्ष पूर्व खाते से निकाले गए 1,54,938 रुपये को पीड़ित पक्ष को वापस करा दिए हैं। पुलिस ने बताया कि गीडा निवासी मनोज कुमार सिंह ने चार वर्ष पूर्व शिकायत की थी। इसके बाद से टीम जांच में जुटी थी। वहीं, दूसरे मामले में गेमिंग एप में प्रॉफिट दिलाने के नाम पर 15,000 रुपये का फ्रॉड किया गया था। इसकी शिकायत अविनाश कुमार पांडेय ने की थी। साइबर सेल की टीम ने पीड़ित को 15 हजार रुपये वापस करा दिए हैं। ब्यूरो

# शास्त्री चौक से ऑटो हटे तो सड़क चौड़ी हो गई



शनिवार को शास्त्री चौराहे से ऑटो हटवाता यातायात पुलिसकर्मी। संवाद

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। शहर के प्रमुख चौराहों में से एक शास्त्री चौक पर शनिवार को दोपहर में पुलिस ने सवारी का इंतजार कर रहे ऑटो हटवाए तो अतिक्रमण के चलते सिकुड़कर 25 से 30 फीट चौड़ी रह गई सड़क 50 से 60 फीट हो गई। लोग दिन भर फर्राटे से गाड़ियां चलाते रहे।

लेकिन, शाम को करीब सात बजे ट्रैफिक पुलिस ने ढिलाई की तो फिर जाम वाली स्थिति हो गई। गोलघर, रेलवे स्टेशन समेत अन्य चौराहों पर भी हालात जस के तस थे। यहां तैनात पुलिस की पिकेट और ट्रैफिक पुलिस बेफिक्र रही और वाहन पूरे दिन रेंगते रहे। शास्त्री चौक का उदाहरण यह बताने के लिए सख्ती तो शहर में जाम के चलते मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

अमर उजाला खबर का असर

## गोलघर समेत अन्य चौराहों पर बेफिक्र दिखी ट्रैफिक पुलिस



18 मार्च के अंक में प्रकाशित खबर।

# DEORIA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-03-2023

राष्ट्रीय सहारा दि० 19/03/23

# 101 मामलों में 16 निस्तारित

**सलेमपुर।** तहसील सभागार मैं शनिवार को जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह और एसपी संकल्प शर्मा के अध्यक्षता मैं संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ ।इसमें 73 शिकायते आई, जिसमे राजस्व की 39 शिकायतों मैं 11 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। पुलिस के 12 विकास के 8 पूर्ति के 8 नगर पंचायत के 2 विद्युत के 1 जल निगम के 1बैंक के 1 वन विभाग 1 मामले शामिल रहे ।इस दौरान एसडीएम अरुण कुमार, तहसीलदार मिश्री लाल चौहान, सीओ देवआनंद ,कोतवाल गोपाल पाण्डेय, लेखपाल रजनीश मिश्रा, नितेश चतुर्वेदी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**रुद्रपुर** प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी रविन्द्र कुमार ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के तहत पीड़ितों को न्याय मिले, और समय से शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया जाये। इस दौरान राजस्व के (16), पुलिस के (01), विकास के (07), खाद्य के (02) व अन्य दो मामले पड़े। कुल 28 मामले पड़े। जिसमें से मौके पर 5 मामले का निस्तारण किया गया तथा बचे 23 मामलों के लिये अन्य विभागों की टीमों को रवाना कर दिया गया है। इस अवसर पर एसडीएम ध्रुव कुमार शुक्ला, सीओ पंचम लाल, तहसीलदार अभय राज, नायब तहसीलदार कर्ण सिंह, कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार बाजपेयी, एसओ एकौना, एसओ मदनपुर सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सहारा दि० 19/03/23

# युवती से अश्लील हरकत पर मजनू की धुनाई

**तरकुलवा(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बसंतपुर धूसी गांव में श्रीराम जानकी मठ पर चल रहे श्री विष्णु महायज्ञ में बीती रात रामलीला मंचन के समय एक युवती से अश्लील हरकत करने पर लोगों ने मनचले युवक की जमकर धुनाई के बाद उसे पुलिस को सौंप दिया। तरकुलवा पुलिस युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है ।बताते हैं कि श्रीराम जानकी मठ बसंतपुर धूसी में चल रहे श्री विष्णु महायज्ञ के दौरान शुक्रवार की रात में रामलीला का मंचन चल रहा था। उसी समय एक मनचला युवक बगल में बैठी एक युवती को देखकर अश्लील हरकत करने लगा। वह अपने मोबाइल से युवती का फोटो खींचने लगा। जब युवती ने इसका विरोध किया तब भी वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। जब इसकी जानकारी बगल में बैठे लोगों को हुई तो उन लोगों ने युवक को पकड़कर उसकी जमकर धुनाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया। पुलिस उसे गिरफ्तार कर थाने ले गई। इस संबंध में थाना प्रभारी दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि युवक से पूछताछ की जा रही है, तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

रा० सहारा दि० 19/03/23

# स्कूल जा रही छात्रा से छेड़छाड़ विरोध पर दुपट्टा फाड़ा

**तरकुलवा (एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक विद्यालय में वार्षिक परीक्षा देने जा रही 9वीं क्लास की एक छात्रा के साथ गांव के ही युवक ने उसे जबरिया रास्ते में पकड़ कर छेड़छाड की। विरोध करने पर उसने मारपीट कर उसका दुपट्टा फाड़ दिया। पीड़ित छात्रा ने तरकुलवा थाने में पहुंचकर आरोपी युवक के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक किशोरी ने तरकुलवा पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि वह क्षेत्र के एक विद्यालय में 9वीं की छात्रा है। वह शनिवार को प्रातः 10:30 बजे के करीब वार्षिक परीक्षा में शामिल होने साइकिल से स्कूल जा रही थी। अभी वह वृंदावन गांव के कुछ दूर आगे बढ़ी थी कि उसके गांव का ही एक युवक पीछे से मोटरसाइकिल से आ गया और उसकी साइकिल का हैंडिल पकड़ कर उसे रोक लिया। आरोप है कि उक्त युवक उसका बाहू पकड़कर जबरदस्ती गन्ने के खेत की ओर खींच कर ले जाने लगा। विरोध करने पर उसने मारपीट करते हुए उसका दुपट्टा फाड़ दिया और अश्लील हरकत करने लगा। साथ ही उसने धमकी देते हुए कहा की यदि यह बात घर पर बताओगी तो पूरे परिवार के साथ तुम्हे जान से मार डालूंगा। छात्रा घटना के बाद सहमे हुए घर पहुंची और परिजनों को आपबीती बताई। इसके बाद परिजनों के संग उसने तरकुलवा थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कर्रवाई की मांग की।

इस संबंध में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है। आरोपी युवक को पकड़ने के लिए पुलिस टीम लगी है। जल्दी ही उसे पकड़कर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

रा० सहारा दि० 19/03/23

# नशीला पदार्थ सुंघाकर युवती के साथ किया दुष्कर्म, केस

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक युवक द्वारा नशीला पदार्थ सुंघाकर एक युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध केस दर्ज किया है। बताया है कि थाना क्षेत्र के एक निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि एक युवक उसकी लड़की को नशीला पदार्थ सुंघाकर कहीं ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। अगले दिन युवती घर आकर अपनी आप बीती बताई। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक के विरुद्ध धारा 328,376 के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

हि-हिन्दु।दे०-19/03/23

# जादू-टोना का आरोप लगा महिला पर जानलेवा हमला

बरहज, हिन्दुस्तान संवाददाता। जादू टोना और भूत प्रेत करने का आरोप लगाते हुए पड़ोसियों ने एक महिला को मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। पुलिस ने मामले में पुलिस ने चार के विरुद्ध मारपीट और हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

बरहज थाना क्षेत्र के लवरछी गांव के रहने वाले नन्द कुमार यादव पुत्र स्व. बासदेव यादव ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि 16 मार्च की सुबह उनकी पत्नी मालती देवी खेत की तरफ जा रही थी। उसी दौरान गांव कें एक परिवार के कुछ लोग जादू टोना, भूत प्रेत का आरोप लगाते हुए उनकी पत्नी को भला बुरा कहने लगे। उन लोगों ने कहा कि हमारी लड़की को तुम लोग भूत टोना दे दिये हो जिससे वह पागल हो गयी है। इसका पत्नी ने विरोध किया तो गोलबंद होकर हमलावरों ने लाठी डन्डा से प्राण घातक हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। शोर सुनकर आस पास के लोग और बेटी मौके पर पहुंची और मालती को अपने साथ घर ले गई। पीड़ित की तहरीर पर बरहज पुलिस ने राणा प्रताप यादव पुत्र स्व.तेप्पे यादव, अभिशेक यादव पुत्र राणा प्रताप यादव, मंजू देवी पुत्र राणा प्रताप यादव व निकि कुमारी पुत्री राणा प्रताप यादव निवासी लवरछी थाना बरहज पर मुकदमा दर्ज किया है।

**समाधान** | समाधान दिवस में आए 73 प्रकरण, 11 निस्तारित, अवशेष प्रकरणों का सात दिन में समाधान का निर्देश दिया, डीएम व एसपी ने सलेमपुर तहसील में की सुनवाई

# डीएम के सामने आया मामला तो एक घंटे में दर्ज हो गई वरासत

सलेमपुर/देवरिया, हिन्दुस्तान टीम। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने शनिवार को सलेमपुर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं का समाधान किया। इस दौरान आए कुल 73 मामलों में से 11 का निस्तारण हुआ। अवशेष प्रकरणों का सात दिन में समाधान का निर्देश दिया।



सलेमपुर तहसील में सुनवाई करते डीएम व एसपी। • हिन्दुस्तान

दनवर निवासी हरि मूरत सिंह ने अपने आवेदन में बताया कि उन्होंने 2 मार्च 2023 को वरासत के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था जिसे लेखपाल ने बिना किसी कारण के निरस्त कर दिया। उन्होंने लेखपाल को तत्काल अभिलेखों की जांचोंपरांत ऑनलाइन वरासत दर्ज करने का निर्देश दिया। एक घन्टे में वरासत दर्ज कर लिया गया। ग्राम पिपरा दवन निवासी विवेक सिंह ने हर घर नल जल योजना के अंतर्गत बिछाई गई पाइप से लीकेज होने की शिकायत की। जिलाधिकारी ने तत्काल जल निगम ग्रामीण के अधिशासी अभियंता अखिलेश आनंद को मौके का निरीक्षण कर समस्या का समाधान कराने का निर्देश दिया। डीएम के निर्देशानुसार लीकेज ठीक करा दिया गया। ग्राम बरसीपार निवासी दिव्यांग हरेंद्र कुमार राजभर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास की मांग की। जिस पर जिलाधिकारी ने पात्रता संबंधी शर्तों को पूरा करने की स्थिति में नए सर्वे में उन्हें शामिल करने का निर्देश जिला विकास अधिकारी को दिया। ग्राम कुंडौली निवासी रजनीश कुमार सिंह ने इंटरलॉकिंग रास्ते के निर्माण के संबंध में शिकायत की। उन्होंने कहा कि कुछ शरारती तत्व निर्माण में बाधा पहुंचा रहे हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर डीसी मनरेगा ने मौके का निरीक्षण कर प्रकरण का समाधान कराया। तहसील क्षेत्र से आये कुल 73 प्रकरणों में से 39 राजस्व, 12 पुलिस, 8 विकास तथा 14 अन्य विभागों से संबंधित थे।

जिलाधिकारी ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में ऐसे कई प्रकरण आते हैं जिनमें कई पक्ष संबंधित होते हैं और बिना मौके पर गए समाधान संभव नहीं होता है। ऐसे प्रकरणों के निस्तारण के लिए क्विक रिस्पांस टीम का गठन किया गया है। सात दिन की अवधि समाप्त होने के पश्चात समीक्षा की जाएगी। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने पुलिस से जुड़े प्रकरणों की सुनवाई की। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभाग आपस में समन्वय कर समस्याओं का समय से निस्तारण करें। इस दौरान सीएमओ डॉ. राजेश झा, डीएफओ जगदीश आर, एसडीएम अरुण कुमार, सीओ देवानन्द, जिला विकास अधिकारी रवि शंकर राय, डीएसओ संजय पांडेय, डीआइओएस विनोद राय, तहसीलदार मिसरी लाल चौहान मौजूद थे।

## उपकेंद्र पर रहे कर्मचारी, समाधान दिवस से लौटे फरियादी

भाटपाररानी। जिले के रोस्टर के अनुसार माह के तीसरे शनिवार को भाटपाररानी तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एडीएम प्रशासन की अध्यक्षता में हुआ। लेकिन बिजली कर्मियों की हड़ताल के कारण कर्मचारियों की उपकेंद्र पर ड्यूटी लग जाने के चलते वहां सन्नाटा पसरा रहा। ऐसे में जो भी फरियादी आए उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा। 12.50 बजे उपकेंद्र से एडीएम प्रशासन वापस जिले पर चले गए। सीओ चकबंदी रामअवध यादव केवल संपूर्ण समाधान दिवस में बैठकर मौजूद फरियादियों की फरियाद सुनते रहे। ग्राम छोटका गांव के अनिरुद्ध प्रसाद, विजय बहादुर, रहीमपुर के नल्लू, बंकुल के रामावती, पड़री बाजार के फातिमा, चकिया कोठी के राम अवतार आदि ने बताया कि वे एडीएम साहब के आने की खबर सुनकर आए थे। लेकिन अधिकारियों के न होने से बैरंग वापस जा रहे हैं। इस दौरान कुल 32 शिकायतें आईं। जिसमें राजस्व के 4 मामलों का सीओ चकबंदी राम अवध यादव ने निस्तारण कर दिया।

**35 वर्ष की आयु में बना दिव्यांगता प्रमाण पत्र:** जितेंद्र प्रताप सिंह की पहल पर संपूर्ण समाधान दिवस पर आयोजित होने वाले दिव्यांग प्रमाणपत्र बनाने के विशेष कैंप में 11 दिव्यांगजनों का यूडीआईडी नंबर जनरेट किया गया एवं प्रमाणपत्र उपलब्ध कराया गया। पिपरा धन्नी निवासी 35 वर्षीय धर्मेंद्र पुत्र विजय गुप्ता ने भी विशेष कैंप में दिव्यांगता का प्रमाणपत्र प्राप्त किया। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी कृष्ण कांत राय ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार धर्मेंद्र को दिए पेंशन भी उपलब्ध कराने की कार्रवाई प्रारंभ की गई है। इसके लिए आवेदक को आय प्रमाणपत्र, आधार, बैंक पासबुक एवं ग्राम सभा का प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा।

हिन्दुस्तान दि० 19/03/23

# देवरिया के युवक को दबोचा

पादरी बाजार। दोस्त की बहन पर बुरी नजर रखने वाला शोहदा अब शादी करने का दबाव बना रहा है। परिवार के लोगों ने दूसरी जगह शादी तय की तो लड़के वालों के पास आपत्तिजनक वीडियो भेजने लगा। दो बार रिश्ता टूटने के बाद युवती की मां ने शाहपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया। शनिवार की सुबह पुलिस ने देवरिया के रहने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। शाहपुर थाना पुलिस को दी गई तहरीर में महिला ने लिखा है कि देवरिया जिले के रुद्रपुर थानाक्षेत्र स्थित कोरमा कन्हौली निवासी विशाल त्रिपाठी की जान पहचान उनके बेटे से थी। घर आते-जाते वह उनकी बेटी पर बुरी नजर रखने लगा। जानकारी होने पर उन्होंने विशाल को घर आने से रोक दिया।

# मारपीट के मामले में युवक पर एससीएसटी का केस

देवरिया। बरियारपुर थाना क्षेत्र के मनिकपुर गांव के रहने वाले सुखारी प्रसाद पुत्र स्व. जग प्रसाद ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि 13 मार्च की शाम को घर से नहर की तरफ शौच के लिये जा रहे थे। रास्ते में गांव के एक व्यक्ति मिले और अपनी बाइक पर मुझे बैठाकर लेकर चौराहे के तरफ जाने लगे। इसी बीच दूसरे तरफ से गांव का एक व्यक्ति सब्जी लेकर आ रहा था। बाइक से ठोकर लगा तो सब्जी नीचे गिर गया। जिस पर युवक गाली देने लगा, विरोध किया तो वह मारपीट कर हंगामा करने लगा। बरियारपुर पुलिस ने मोनू यादव पुत्र राधे यादव निवासी मनिकपुर थाना बरियारपुर पर धारा 323,504,506 आईपीसी और एसीएसटी का मुकदमा दर्ज किया है।

# 10 लोगों के खिलाफ बलवा का मुकदमा

रामपुर कारखाना। कोर्ट के आदेश पर 10 लोगों के खिलाफ मारपीट और बलवा का मुकदमा दर्ज हुआ है। पोखारभिंडा लाला गांव में सुभाष प्रसाद लड़के के तिलक समारोह के लिए घर की सफाई कर रहे थे। रंजिश को लेकर 3 नवंबर 2022 को गांव के ही आधा दर्जन लोग पहुंच गए और सफाई करने से मना करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने घर में घुसकर सुभाष और उनके परिजनों की जमकर पिटाई कर दी। कोर्ट के आदेश पर रामपुर कारखाना पुलिस ने पोखर भिंडा लाला गांव निवासी संजीवन, भुनेश्वर, अनूप, फूला देवी, संगम समेत 10 लोगों पर केस दर्ज किया।

किसानों को राहत देने की मांग की।

हि-दुस्तान दि०-19/03/23

# मूल्यांकन केंद्र पहुंची परीक्षक का हुआ एक्सीडेंट

देवरिया। रामपुर कारखाना में विज्ञान विषय की सहायक अध्यापिका दीना मिश्रा शनिवार को मूल्यांकन कार्य करने गंगा प्रसाद इंटर कालेज मझगांवा में पहुंची। विद्यालय गेट पर वह अभी पहुंची ही थीं कि सामने से आए रहे एक बाइक सवार ने ठोकर मार दिया। इससे सहायक अध्यापिका गिर पड़ीं। मूल्यांकन ड्यूटी में पहुंचे शिक्षकों ने दौड़कर सहायक अध्यापिका को उठाया। सहायक अध्यापिका को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मझगांवा पर प्राथमिक चिकित्सा कराया।

हि-दुस्तान दि०- 19/03/23

# प्रधानाध्यापक के उत्पीड़न का आरोप

लार। ब्लाक संसाधन केन्द्र लार के सभागार में शनिवार को विकास क्षेत्र लार के समस्त शिक्षकों, शिक्षा मित्रों, अनुदेशकों की बैठक हुई। बैठक में विकास क्षेत्र के एक स्कूल के प्रधानाध्यापक के विरुद्ध गलत तरीके से एक तरफा कार्रवाई करते हुए उत्पीड़न करने का आरोप लगाया गया। संगठन ने प्रधानाध्यापक के समर्थन में एक स्वर में लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया।

ना दे रहा था।

दैनिक जागरण दि० 19/03/23

# त्योहार पर शांति बनाए रखें

जासं, करौंदी बाजार : बरियारपुर थाने पर शनिवार को पीस कमेटी की बैठक हुई, जिसमें थानाध्यक्ष ने लोगों से त्योहार पर शांति बनाए रखने की अपील की। अफवाह व अराजकता फैलाने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी दी। एसओ गोरखनाथ सरोज ने कहा कि त्योहार में अशांति फैलाने वाले बख्शे नहीं जाएंगे।

अमर उजाला दि० 19/03/23

कार्रवाई

**एक साल के भीतर बने पासपोर्ट का ब्योरा खंगाल रही पुलिस, पासपोर्ट सेल से पूरा ब्योरा तलब किया**

# 70 हजार पासपोर्ट का होगा फिर से सत्यापन, गड़बड़ी की आशंका

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। संतकबीर नगर में पासपोर्ट सत्यापन के दौरान पकड़ी गई बड़ी अनियमितता के बाद जिले की पुलिस भी करीब 70 हजार पासपोर्ट का फिर से सत्यापन कराएगी। इसके लिए पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने निर्देश दिए हैं। आला अफसरों को भनक लगी है कि पासपोर्ट सत्यापन में लापरवाही बरती गई है।

## .......तो विदेश भी चले गए हैं मुकदमे के नामजद!

देवरिया। सत्यापन में पासपोर्ट में हुई अनियमितता की पोल खुल सकती है, क्योंकि कुछ ऐसे भी लोग हैं, जिन्होंने नाम और पता बदलकर पासपोर्ट जारी करा लिए हैं। इसमें दो चार ऐसे आरोपी हैं, जो विभिन्न घटनाओं में नामजद हैं। वे तथ्यों को छिपाकर पासपोर्ट बनवाकर विदेश चले गए हैं, क्योंकि इन मामलों में विवेचक ने जब घर पर जानकारी ली तो अगल-बगल के लोगों ने पुलिस को यह जानकारी दी है।

एसपी ने 2021-2022 में जारी पासपोर्ट का सत्यापन फिर से कराना शुरू कर दिया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक जनपद में हर माह छह से सात हजार पासपोर्ट का सत्यापन किया जाता है। एक साल में 70225 पासपोर्ट बनाए गए हैं, जिनका सत्यापन किया जा रहा है।

संतकबीर नगर में पासपोर्ट सेल के दारोगा और एलआईयू के दीवान एवं अन्य कर्मचारियों पर सात मार्च को मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच पड़ताल के दौरान पता चला कि कई ऐसे पासपोर्ट बनाए गए हैं, जिसमें निवास स्थान गलत दिया गया है।

> एक साल के भीतर बने पासपोर्ट का सत्यापन कराया जा रहा है। हर माह जनपद से करीब छह हजार पासपोर्ट का सत्यापन हुआ है। जांच के दौरान अगर गड़बड़ी मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। -संकल्प शर्मा, एसपी

इतना ही नहीं मुकदमा दर्ज होने के बाद भी पासपोर्ट का सत्यापन तथ्यों को छिपाकर कर दिया गया है। इसे लेकर पुलिस कप्तान ने पासपोर्ट सेल से पूरा ब्योरा तलब किया है। जांच का दायरा बढ़ाया जा रहा है। उस समय के तैनात पुलिसकर्मियों से जानकारी जुटाई जा रही है। सभी के हस्ताक्षर नमूने मंगाए जा रहे हैं।

दैनिक जागरण दि०-19/03/23

# भूत-टोना का हवाला देकर किया अधमरा, मुकदमा

जासं, बरहज, देवरियाः भूत-टोना का हवाला देकर महिला को अधमरा करने के मामले में बरहज पुलिस ने चार के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। मामला बरहज के लबरछी गांव का है। गांव के नंद कुमार यादव पुत्र स्व. वासदेव यादव की पत्नी मालती देवी 16 मार्च की सुबह खेत तरफ जा रही थीं। उसी समय पट्टीदार राणा प्रताप यादव पुत्र स्व. तेप्पे यादव, अभिषेक यादव पुत्र राणा प्रताप यादव, मंजू देवी पत्नी राणा प्रताप यादव, निक्की कुमारी पुत्री राणा प्रताप यादव ने मालती देवी पर हमला बोल दिया। लाठी-डंडे से अधमरा कर दिया। आरोपितों ने महिला पर आरोप लगाया कि उसके परिवार की युवती पर भूत टोना कर दिया है। जिससे युवती पागल हो गई है। किसी तरह स्वजन ने पहुंचकर जान बचाई व घर लाए। प्रभारी निरीक्षक बरहज कपिलदेव चौधरी ने बताया कि भूत-टोना का आरोप लगाकर महिला को गंभीर रूप से घायल किया गया। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

दैनिक जागरण दि० 19/03/23

## छह लोगों पर बलवा का मुकदमा दर्ज

जासं, रुद्रपुरः क्षेत्र के ग्राम मांगाकोडर में बाइक से साइड लेने की बात को लेकर एक युवक की मनबढ़ों द्वारा पिटाई और गाली देने के मामले में पुलिस ने छह नामजद अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध बलवा का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मांगाकोडर के रहने वाले अजेन्दर कुमार गौतम ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि मैं बाइक से आटा लेकर जा रहा था। कि रास्ते में रोककर आरोपितों गाली देने के बाद मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मांगाकोडर के रहने वाले टीपू, विजय, राहुल, किशन, रामकृपाल, रामसमुझ अन्य अज्ञात के विरुद्ध बलवा का मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक उमेश बाजपेयी ने बताया कि आरोपितों के विरुद्ध बलवा का मुकदमा दर्ज किया गया है। इसी मामले में रामकृपाल ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि रास्ते से जा रहे मेरे नाती शरद को आरोपितों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने अंजेन्दर, सोनू, मोनू, पीयूष पर मुकदमा दर्ज किया है।

**छात्रों के दो गुट भिड़े, एक घायलः** बरहजः नगर के पुराना बरहज मोहल्ले में पुराने विवाद को लेकर छात्रों के दो गुट आमने-सामने आ गए। कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। जिसमें शैलेश यादव घायल हो गए.प्रभारी निरीक्षक कपिल देव चौधरी ने बताया कि घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

## एटीएम कार्ड बदलकर निकाले 24 हजार

जासं, रुद्रपुर : युवती का एटीएम कार्ड बदलकर जालसाज ने 24 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कन्हौली गांव की रहने वाली सोनी सिंह पुत्री मान सिंह का एसबीआइ में बचत खाता है। कार्ड लेकर वह रामलक्षन एटीएम से रुपये निकालने गई थी। इसी दौरान आसपास खड़े में दो की संख्या में पहले से मौजूद जालसाज ने एटीएम कार्ड से नकद निकालने के दौरान सहायता मांगी। इसी दौरान कार्ड बदल दिया। घर जाने पर मोबाइल पर नकदी का संदेश आने लगा। प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार बाजपेयी ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।






# ई-रिक्शा लेकर भागा चोर, मुकदमा

जासं, देवरिया: तीन दिन पूर्व चोरी गए ई-रिक्शा का पता नहीं चल सका है। सदर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार की रात मुकदमा दर्ज कर लिया। भरौली बाजार जमुना सदन की रहने वाली शबाना परवीन पत्नी आसिफ अंसारी ने ई-रिक्शा खरीदा था। जिसे उनके देवर आबिद अंसारी चलाते थे। 15 मार्च की दोपहर बाद 2.30 बजे ई-रिक्शा लेकर मछलीहट्टा रोड अबूबकर नगर मोहल्ले की तरफ गए थे। ई-रिक्शा खड़ी कर सामान खरीद रहे थे। तभी चोर ई-रिक्शा लेकर भाग गया।

दैनिक जागरण दि० 19/03/23

# तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक सहित दस को न्यायालय ने किया तलब

जासं, सलेमपुरः तीन वर्ष पूर्व भटनी थाना क्षेत्र के नोनापार में मोनू तिवारी के घर हुए चोरी के मामले में पुलिस द्वारा फरियादी के साथ ही किए गए दुर्व्यवहार के मामले में न्यायालय ने पूर्व थाना प्रभारी सहित दस पुलिसकर्मियों को तलब किया है।



आरोप है कि मोनू तिवारी ने अपने घर तीन साल पूर्व हुए चोरी के मामले की सूचना देने भटनी थाने पर पहुंचे तो वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। इसके बाद थाना में प्राथमिकी दर्ज न होने के बाद वे न्यायालय चले गए।

न्यायालय ने तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार राय, उपनिरीक्षक अशोक सिंह, सिपाही प्रिया यादव, अंगद यादव, मस्तराम, सुबेदार यादव, भानु कुमार, प्रवीण, राजू और शिवम को 4 अप्रैल को न्यायालय में स्पष्टीकरण के लिए तलब किया है।

अमर उजाला दि०-19/03/2023

# जेल में बंद रहे अतीक अहमद के समय का डीवीआर तलब

## जांच में जुटी एसटीएफ की निगाह करीबियों पर, उस समय भी वारदात को दिया था अंजाम

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। जेल में करीब 18 माह तक बंद रहे माफिया अतीक के समय के सीसीटीवी की डीवीआर को एसटीएफ ने तलब किया है। जांच में जुटी एसटीएफ करीबियों पर निगाह गड़ाए हुए है, क्योंकि अतीक ने जेल में बंद रहते प्रॉपर्टी डीलर को अगवा कर पिटाई कराई थी। जेल में बंद रहने के दौरान गतिविधियों के बारे कुछ लोगों से पूछताछ के लिए भी एसटीएफ ने संपर्क साधा है।

प्रयागराज में उमेश पाल की हत्या के बाद सुर्खियों में आया माफिया अतीक के जनपद से जुड़े तार को पुलिस खंगाल रही है, क्योंकि वह जेल के सात नंबर बैरेक में जनवरी 2018 से सितंबर 2019 तक बंद था।

इसी दौरान प्रापर्टी डीलिंग का काम करने वाले धूमनगंज निवासी जैद का संपत्ति को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद अतीक के इशारे पर उसके रिश्तेदार नीलू उर्फ राशिद और खालिद ने जैद का अपहरण कर लूटपाट की और देवरिया जेल लाया था, जहां अतीक ने सात नंबर बैरेक में पिटाई की थी।



अतिक अहमद

इस मामले में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई और गिरफ्तारी हुई, जबकि अतीक को यहां से बरेली की जेल में भेज दिया गया। इस वारदात में शामिल दो करीबियों नीलू अतीक का मौसेरा भाई, जबकि खालिद जफर बहन का दामाद है। दोनों शहर के एक मोहल्ले में अक्सर डेरा जमाए रखते थे।

सूत्रों के अनुसार अतीक अहमद ने जबरन वसूली, धमकी और अपना वर्चस्व कायम रखने के लिए कई लोगों को जेल बुलाकर पीटा था।

*प्रकरण की जांच विशेष टीम और एसटीएफ कर रही है। पुलिस टीम पूरी जानकारी जुटा रही है। यहां जेल में बंद होने के कारण जो घटना उसने की थी, उस मामले में मुकदमा दर्ज है। अतीक के नेटवर्क पर पुलिस की कड़ी नजर है।*

**-राजेश कुमार, एएसपी**

इसी की पुष्टि एसटीएफ को भी बरेली जेल से प्रतापगढ़ के एक बदमाश से हुई है, क्योंकि प्रतापगढ़ का बदमाश, अतीक के एक करीबी की हत्या के मामले में नामजद है।

एसटीएफ को भनक लगी है कि उसके भाई, बेटे, बहू और पत्नी के आने पर शहर में रहने खाने की व्यवस्था कुछ लोग करते थे। यहां की जेल में बाहर का भोजन पहुंच जाता था। अब मामला एक बार फिर से गरम होने पर अतीक से मिलने वालों और उस समय का डीबीआर एसटीएफ खंगाल रही है।

अमर उजाला दि० - 19/03/23

# प्रधानाध्यापक पर दर्ज मुकदमे की निष्पक्ष हो जांच

लार। प्रधानाध्यापक पर दर्ज मामले को लेकर शिक्षक संघ ने शनिवार को लार बीआरसी परिसर के हाल में बैठक की। इसमें मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की गई। ऐसा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई। इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ के मनीष सिंह, उपाद्यक्ष देवशरण सिंह, ईश्वर चंद, देवेंद्र प्रताप यादव, मो आफताब, राजकपूर,मयंक पांडेय, इंद्रसेन गुप्ता, अरविंद कश्यप, आशुतोष कुमार सिंह, राजेंद्र वर्मा, संतोष सिंह, विवेक कुमार सिंह, अमर सिंह, गंगेश पटेल और श्यामनारायण सिंह आदि मौजूद थे। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-03-2023

# सड़क जाम करने वाले 38 ज्ञात व 250 अज्ञात पर केस

अहिरौली बाजार, हिसं। गोरखपुर जिले की पिपराइच थाने की पुलिस ने बीते गुरुवार की शाम सिधावल चौराहे पर शव रखकर सड़क जाम करने के आरोप में 38 ज्ञात एवं 250 अज्ञात पर विभिन्न धाराओं में केस पंजीकृत किया है।

अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के होलिया गांव में बीते जनवरी माह में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी, जिसमें एक पक्ष के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इसके बाद एक आरोपित युवक सत्यम की एक्सीडेंट में मौत हो जाने के बाद उसके परिजन शव को पिपराइच थाना क्षेत्र अंतर्गत सिधावल चौराहे पर मृतक युवक का शव रखकर अपनी मांगों के समर्थन में सड़क जाम कर दिया था जिसमें प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद परिजन दाह संस्कार के लिए राजी हुए और सड़क जाम खत्म हुआ था। इधर पिपराइच थाने की पुलिस ने इस मामले में 38 ज्ञात एवं 250 अज्ञात लोगों पर सड़क जाम करने तथा अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# लल्लू को एक साल की कैद व दस हजार रुपये जुर्माना

लखनऊ, विधि संवाददाता। प्रेस वार्ता के दौरान झूठे आरोप लगाकर पूर्व ऊर्जा मंत्री श्रीकान्त शर्मा पर दाऊद इब्राहिम और इकबाल मिर्ची की कम्पनी को बिजली विभाग के करोड़ों रुपए देने का आरोप लगाने के मामले में पूर्व कांग्रेस विधायक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू को एमपीएमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीश श्रीवास्तव ने एक साल की कैद व दस हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

अदालत ने कहा कि जुर्माना अदा न करने की स्थिति में पंद्रह दिन की अतिरिक्त सजा होगी। कोर्ट ने दोष सिद्ध करार देते ही अजय कुमार लल्लू को हिरासत मे लेने तथा सजा के प्रश्न पर सुनवाई के लिए पत्रावली को लंच बाद प्रस्तुत करने का आदेश दिया। साथ ही जन सेवक व विधायिका के सदस्य रह चुके हैं। लिहाजा कम से कम सजा दी जाए। आरोपी लालू को सुनने के उपरांत अदालत ने अपने निर्णय में कहा है कि न्यायालय के मत में आरोपी को एक साल के साधारण कारावास एवं 10 हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया जाना न्यायोचित होगा।

# दहेज के लिए मारपीट कर उत्पीड़न करने का आरोप

**मुकदमा**

**पटहेरवा, हिन्दुस्तान संवाद।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए मारपीट कर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। पुलिस पीड़िता की तहरीर पर उसके ससुराल के चार लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

क्षेत्र के मीर बिहार गांव की निवासी शबनम खातून ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि उसकी शादी जुलाई 2022 में अलीमुद्दीन पुत्र मेहंदी के साथ हुई थी। शादी में माता ने मेरे पति के भाई कलामुद्दीन जो घर का मालिक है दहेज में एक लाख नगद व 3 लाख के जेवरात सहित फर्नीचर दिया। कलामुद्दीन दहेज की और मांग करते हुए रुस्तम पुत्र शहाबुद्दीन व असरफ पुत्र कलामुद्दीन के साथ पीड़िता को बुरी तरह से मारापीटा।

# समाधान दिवस में 165 मामलों में से महज 26 का हुआ निस्तारण

कुशीनगर, हिन्दुस्तान टीम। जिले के सभी छह तहसीलों में अधिकारियों के मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें खड्डा के नवनिर्मित तहसील सभागार में डीएम रमेश रंजन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समाधान दिवस आयोजित होनी थी, लेकिन डीएम के किसी कारण वस नहीं आने के वजह से एसडीएम भावना सिंह की अध्यक्षता व सीओ सन्दीप वर्मा की देखरेख में आयोजित हुआ। जिले के सभी तहसीलों में कुल 165 मामले आये, जिसमें मौके पर महज 26 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

जबकि शेष बचे 129 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों में गुणवत्ता के साथ जल्द निस्तारण करने के आदेश के साथ भेजा गया। पडरौना सदर तहसील में एसडीएम महात्मा सिंह व तहसीलदार सुमित सिंह के मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इसमें 27 मामले आये, जिसमें से पडरौना सदर एसडीएम मौके पर महज 4 मामलों का ही निस्तारण कर सके। 23 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों में जल्द निस्तारण को भेजा गया।



खड्डा नवनिर्मित तहसील भवन में जिला स्तरीय समाधान दिवस में डीएम की अनुपस्थिति में फरियाद सुनती एसडीएम भावना सिंह व सीओ सन्दीप वर्मा।

**खड्डा संवाद के अनुसार** शनिवार को एसडीएम भावना सिंह की अध्यक्षता व सीओ सन्दीप वर्मा की देखरेख में आयोजित हुआ। यहां कुल 46 शिकायती प्रार्थना पत्र आये, जिसमें से सिर्फ 7 आवेदनों का ही मौके पर निस्तारण कराया जा सका। बाकी 39 बचे मामलों को निस्तारण को सम्बन्धित विभाग को निर्देशित किया। इस दौरान बोतल में दूषित पानी लेकर तहसील दिवस में पहुंचे अम्बेडकर नगर मोहल्ले के निवर्तमान सभासद प्रतिनिधि कैलाश भारती व समाजसेवी रोशनलाल भारती ने नपं खड्डा का ओवर हेड टैंक का बोरिंग बैठ जाने के चलते लोग दूषित पानी पीने को मजबूर होने की शिकायत की। इस पर अधिकारियों से निस्तारण का निर्देश दिया।

**कसया संवाद के अनुसार** तहसील सभागार में तहसीलदार मांधाता प्रताप सिंह के अगुवाई में आयोजित हुई जिसमें कुल 21 लोगों ने विभिन्न मामलों से संबंधित शिकायती पत्र देकर निस्तारण करने की गुहार लगाई। प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई करते हुये मौके पर महज 3 मामलों का निस्तारण किया गया।

## 33 में 4 का निस्तारण

तमकुहीराज। एसडीएम विकास चंद्र की अध्यक्षता में समाधान दिवस में कुल 33 मामले आए। इसमें राजस्व के 4 मामलों का मौके पर निस्तारण कर शेष को त्वरित निस्तारण के आदेश के साथ संबंधित विभाग को भेज दिया गया। राजस्व के 16, पुलिस 7, विकास 3 एवं अन्य विभागों के 7 मामले आए। सीओ जितेंद्र सिंह कालरा, तहसीलदार नरेंद्र राम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## 25 मामले में 5 मामले निपटे

हाटा संवाद के अनुसार नायब तहसीलदार आशीष रंजन की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 25 मामले आये, जिसमे 5 मामलों का मौके पर निस्तारण हो गया। शेष के लिए संबंधित को निस्तारण करने के लिए प्रेषित किया गया।राजस्व विभाग के 17, पुलिस विभाग के 5 ,समाज कल्याण 1व अन्य 2 मामले आए

## 13 में 3 का निस्तारण

कप्तानगंज। तहसील सभागार में एसडीएम मोहम्मद जफर व तहसीलदार कृष्ण गोपाल त्रिपाठी की मौजूदगी में आये फरियादियों की शिकायतें सुनी गई। इसमें कुल 13 लोगों ने प्रार्थना पत्र देकर मामलों को निस्तारण करने की फरियाद की। मामले की सुनवाई करते मौके पर मात्र 3 शिकायतों का ही निस्तारण किया गया।

### डीएम ने निरीक्षण करने के बाद दिया केस दर्ज करने का आदेश, सभी हड़ताली विद्युतर्मियों के आंदोलन की कर रहे थे अगुवाई

# 167 कर्मी बर्खास्त, एक्सईएन समेत चार पर केस

**हड़ताल का असर**

- अहिरौली बाजार उपकेन्द्र के एसएसओ पर भी दर्ज हुई एफआईआर
- एसई व एसडीएम ने कसया थाने में दी सरकारी कार्य में बाधा डालने की तहरीर
- लोकसेवक व सरकारी कार्य में बाधा डालने तथा एस्मा के तहत हुआ मुकदमा

पडरौना, निज संवाददाता। जिले में बिजली को लेकर हड़ताल करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन शनिवार को पूरी तरह सख्त रहा। डीएम के निर्देश पर कसया, अहिरौली थाने व पडरौना कोतवाली में एक्सईएन, संघ के संयोजक समेत चार पर केस दर्ज हुआ है। वहीं डीएम व कंपनी के एमडी के निर्देश पर ऑपरेशन मैनेजर ने 167 संविदा कर्मचारियों को बर्खास्त किया है। इन कर्मचारियों पर मोबाइल बंद कर धरना में शामिल होने तथा काम के प्रति लापरवाही बरतने का आरोप है। एक साथ हुई बड़ी कार्रवाई से बिजली विभाग के जिम्मेदारों में पूरा दिन हड़कंप मचा रहा। पुलिस ने एक कर्मचारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

डीएम रमेश रंजन ने जनपदीय कंट्रोल रूम व कसया बिजली घर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बिजली सप्लाई में अवरोध पैदा करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिया। इसके बाद जिला प्रशासन पूरी तरह कार्रवाई को लेकर सख्त बना रहा। अधीक्षण अभियंता कुशीनगर राधेश्याम ने कसया थाने में तहरीर सौंप अधिशासी अभियंता ट्रांसमिशन देवेंद्र कुमार सिंह के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने की तहरीर सौंपी।

वहीं एसडीएम कसया रत्निका श्रीवास्तव ने बिजली कर्मचारी संघ के संयोजक व टीजी टू ट्रांसमिशन जय नारायण के खिलाफ कसया थाने में केस दर्ज कराया। पुलिस ने इन कर्मचारियों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने के लिए केस दर्ज की। इनपर पुलिस ने विभिन्न धाराओं समेत एस्मा लगाया है। एसओ कसया डॉ. गिरिजेश तिवारी ने बताया कि अधीक्षण अभियंता व एसडीएम की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। वहीं अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र बरौली में कार्यरत एसएसओ सुधीर गुप्ता द्वारा विद्युत आपूर्ति को बाधित किए जाने पर तैनात लेखपाल डेबा प्रसाद की तहरीर पर अहिरौली बाजार थाने में सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का केस दर्ज किया गया है। लेखपाल ने एसएसओ पर बार-बार बरौली विद्युत उप केंद्र से बिजली की सप्लाई बाधित करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक पंकज गुप्ता ने बताया कि एसएसओ सुधीर गुप्ता के खिलाफ तहरीर पर केस दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं पडरौना कोतवाली में पडरौना बिजली घर में तैनात लाइनमैन परमेश्वर प्रसाद के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने का केस दर्ज हुआ है।

> 167 संविदा कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। वहीं कसया में दो, अहिरौली में एक तथा पडरौना कोतवाली में एक बिजली कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। बिजली व्यवस्था के संचालन में बाधा उत्पन्न करने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा।
>
> देवीदयाल वर्मा, एडीएम

**168 संविदा कर्मचारी किए गए बर्खास्त:** पडरौना। डीएम रमेश रंजन व एमडी सुरेंद्र मोहन मिश्रा के आदेश पर नवीन श्रीवास्तव ऑपरेशन मैनेजर व सुपरवाइजर अमन त्रिपाठी ने एसएमएम इंफ्राटिक प्राइवेट लिमिटेड के 167 संविदा बिजली कर्मचारियों को एक साथ बर्खास्त किया है। ऑपरेशन मैनेजर ने बताया कि कुशीनगर में कुल 498 आउट सोर्सिंग कर्मचारी तैनात हैं। इनमें से 167 संविदा कर्मचारी अपना मोबाइल बंद कर बिजली कर्मचारियों के धरना प्रदर्शन में शामिल हुये तथा उकाम के प्रति पूरी तरह लापरवाही बरती है। बताया कि जिले में काम को देखते हुये सोनभद्र जनपद से 25 व गोंडा से 15 तथा 20 लोगों ने अंडर ट्रेनिंग रखा गया है।



जनपदीय कंट्रोल रूम में अधिकारियों से वार्ता करते डीएम रमेश रंजन। • हिन्दुस्तान

## डीएम ने कंट्रोल रूम व कसया बिजलीघर का किया निरीक्षण

पडरौना, निज संवाददाता। जिले में विद्युत कर्मचारियों के हड़ताल के मद्देनजर जनपद में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखने के लिए डीएम ने शनिवार को जनपदीय कंट्रोल रूम व विद्युत उपकेंद्र कसया का निरीक्षण किया। डीएम ने जनपदीय कंट्रोल रूम निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारी व कर्मचारियों को हर हाल में आपूर्ति को बहाल रखने का निर्देश दिया। इसके बाद जिलाधिकारी ने 132 केवी कसया पहुंचकर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से सुलभ कराने के दृष्टिगत सभी आवश्यक उपाय करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने वैकल्पिक मानव संसाधन द्वारा विद्युत आपूर्ति बहाल करने का आदेश दिया। डीएम ने कहा विद्युत आपूर्ति में बाधा उत्पन्न करने वालों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# वैकल्पिक इंतजाम फेल, 38 फीडरों की बिजली ठप

- जिले के 110 में से 38 फीडरों की बिजली सप्लाई रही बाधित
- हाटा, कसया, कप्तानगंज पडरौना व खड्डा सभी इलाकों में असर

पडरौना, निज संवाददाता। बिजली कर्मचारियों के हड़ताल के चलते जिले के 110 फीडरों में 38 फीडरों में सप्लाई बाधित रही। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ लेखपाल व पुलिस कर्मियों के मुस्तैदी से कुछ फीडरों में आपूर्ति बहाल हुई, लेकिन कुछ फीडरों में पूरा दिन आपूर्ति ठप रही। उपभोक्ताओं में बिजली को लेकर हाहाकार मचा रहा। पूरे दिन जिला प्रशासन आपूर्ति को लेकर पूरी तरह अलर्ट रहा। इससे शुक्रवार की अपेक्षा आपूर्ति में काफी सुधार हुआ।

**पडरौना के रातभर गायब रही बिजली:** पडरौना। पडरौना बिजली उपकेंद्र पर बिजली कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार का असर रहा कि उपकेंद्र से संचालित आधा दर्जन फीडर में शामिल टाउन नम्बर एक व दो तथा पांडेय देवरिया, परसौना कला व जिला उद्योग की आपूर्ति रात में ठप रही। वहीं रवींद्रनगर उपकेंद्र, मनिकौरा, न्यू विशुनपुरा आदि उपकेंद्रों के कुछ फीडरोंकी बिजली मेन सप्लाई में फाल्ट के चलते ठप रही।

**करमहा, अथरहा फीडर की आपूर्ति ठप:** हाटा। बिजली कर्मचारियों के प्रदेश व्यापी हड़ताल से हाटा विद्युत उपकेंद्र से संचालित होने वाले करमहा और अथरहा फीडर को छोड़कर हाटा टाउन, हाटा ग्रामीण, पगरा, पट्टन, पड़री, सिंहपुर, झांगा आदि फीडरों में विद्युत आपूर्ति रोस्टिंग के अनुसार मिली। ड्यूटी पर तैनात लेखपाल प्रदीप कुमार गुप्त, संग्रह अमीन रविराव, अमरनाथ द्विवेदी, गिरजेश राय व एसएसओ जयराम सिंह ने विद्युत व्यवस्था संभाल कर विद्युत आपूर्ति में जुटे रहे। लेखपाल प्रदीप कुमार गुप्त ने बताया कि करमहा क्षेत्र से दो तीन लोगों का सप्लाई से संबंधित फोन आया था, उन्हें संतुष्ट कर दिया गया।

**खड्डा में बंद रहा कैश काउंटर:** खड्डा। खड्डा क्षेत्र में बिजली कर्मचारियों के हड़ताल का असर चौथे दिन नहीं दिखा। बसडीला स्थित विद्युत उप केंद्र पर बिजली का बिल जमा करने पहुंचे उपभोक्ताओं को बिना बिल जमा किए वापस लौटना पड़ा। शनिवार को भी उपकेंद्र पर तैनात कर्मी विनोद पटेल, धर्मेन्द्र शर्मा, मनोज गुप्ता, नितेश यादव, नितेश विश्वकर्मा, एसएसओ हृदेश शर्मा व लाइनमैन संजीत भारती के चलते क्षेत्र में प्रयाप्त बिजली मिली, लेकिन अधिकारियों के आफिस व कांउटर बन्द मिले। शुक्रवार से कुर्मीपट्टी में सप्लाई फाल्ट होने के कारण 12 घण्टे तक बिजली व्यवस्था ध्वस्त रही, जो देर शाम बहाल हुई।

**दोपहर में बहाल हुई बिजली:** फाजिलनगर। पिछले 36 घण्टे से बाधित बिजली आपूर्ति काफी प्रयासों के बाद शनिवार को दिन के 12 बजे शुरू हो सकी। बिजली कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने के एक दिन तक फाजिलनगर उपकेंद्र पर हड़ताल का असर नहीं दिखा, लेकिन गुरुवार को रात्रि से उपकेंद्र के सातों फीडरों की बिजली आपूर्ति बन्द हो गयी।



शनिवार को कुबेरस्थान बिजली घर का जायजा लेते एसओ। • हिन्दुस्तान

**संविदा कर्मियों ने संभाला मोर्चा**

कुबेरस्थान। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति से जुड़े बिजली कर्मियों की हड़ताल के चौथे दिन शनिवार को कुबेरस्थान बिजली घर से जुड़े कुबेरस्थान, सिकटा, पिपरा जटामपुर सहित तीनों फीडर की विद्युत आपूर्ति शुक्रवार की रात 10.25 बजे से निरंतर चलती रही। विद्युत संविदाकर्मियों के साथ लेखपाल आदित्य के अलावा शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए एसओ कुबेरस्थान राघवेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस मुस्तैद रही।

# 38 नामजद व 250 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा

**जासं, बोदरवार:** अहिरौली बाजार के होलिया निवासी युवक का शव बीते गुरुवार को पिपराइच के सिधावल चौराहे पर रखकर सड़क जाम किए 38 नामजद तथा 250 अज्ञात के विरुद्ध पिपराइच पुलिस ने शनिवार को मुकदमा पंजीकृत किया है। बता दें कि बीते आठ मार्च को गांव निवासी सत्यम गोरखपुर गए थे। वहां अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वे घायल हो गए थे। दुर्घटना की जानकारी पर गए स्वजन उन्हें मेडिकल कालेज ले गए, जहां उपचार के दौरान गुरुवार सुबह उनकी मृत्यु हो गई।

सत्यम का शव पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार की शाम घर लाया गया। स्वजन के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। युवक की हत्या का आरोप लगाते हुए देर शाम

**● युवक का शव रख सड़क जाम करने पर पिपराइच पुलिस ने की कार्रवाई**

शव को सिधावल चौराहे पर रखकर स्वजन व गांव के लोग पिपराइच-होलिया मार्ग जाम कर दिए। उनका आरोप है कि गांव के ही एक परिवार से रंजिश चल रही। जानबूझ कर आरोपितों ने सत्यम को ठोकर मार लहूलुहान कर दिया। आरोपितों के विरुद्ध पुलिस हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार करे। सड़क जाम की सूचना पर पहुंचे एएसपी रितेश कुमार सिंह ने भी मौके पर पहुंच स्वजन व सड़क जाम किए ग्रामीणों से बात कर मामले की जांच करा कार्रवाई कराने का आश्वासन दे जाम को समाप्त कराया। एसएचओ कप्तानगंज विनय कुमार सिंह ने बताया कि पिपराइच पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है।

# भाजपा नेता ने कसया थाने की पुलिस पर लगाया दुर्व्यवहार करने का आरोप

## थाने में बैठकर विरोध जताया, सीओ ने समझाकर शांत कराया

संवाद न्यूज एजेंसी



दरोगा के दुर्व्यवहार के चलते कसया थाने में धरना पर बैठे भाजपा नेता। संवाद

**कसया।** बैरिया गांव के पास जमीन के विवाद में पहुंचे एक दरोगा पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए भाजपा नेता ने थाने में जमीन पर बैठकर विरोध किया। सीओ के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ।

भाजपा नेता डॉ. पीएन राय ने बैरिया गांव के पास जमीन का बैनामा कराए हैं। वहां मिट्टी डलवाने का काम करा रहे थे। शुक्रवार की शाम उनके पड़ोसी ने काम रोकने के लिए पुलिस को बुलाया।

शनिवार को कसया एसएचओ मौके पर पहुंचे। इसके बाद एक दरोगा ने डॉ. पीएन राय को कॉल करके काम बंद कराने के लिए कहा। आरोप है कि फोन पर बातचीत के दौरान दरोगा ने अमर्यादित शब्द का प्रयोग किया। बात बिगड़ते देख पुलिस भाजपा नेता को थाने लेकर चली गई।

थाने पर पहुंचने के बाद भाजपा नेता पुलिस की कार्यशैली का विरोध करते हुए थाने में जमीन पर ही बैठ गए। मामले की जानकारी होने पर थाने पहुंचे कसया सीओ कुंदन सिंह ने भाजपा नेता से बात कर मामले को शांत कराया। डॉ. पीएन राय ने कहा कि 2013 में जमीन बैनामा लिया है। पुलिस ने दुर्व्यवहार किया है।

इस संबंध में एसएचओ कसया डॉ. आशुतोष तिवारी ने बताया कि जमीन के लिए विवाद था। पैमाइश कराने के लिए कहा गया है।

# चैन से सोए नहीं, सुबह पानी के लिए तरसे

## शहर में 11 घंटे गुल रही बिजली, दोपहर में शुरू हुई आपूर्ति, दो लाख से अधिक आबादी हुई प्रभावित, व्यापारी हुए परेशान

**बिजली संकट**

*शनिवार को भी बिजली कर्मी हड़ताल पर रहे। वहीं, शहर में बिजली की आपूर्ति देने वाले सभी फीडर 11 घंटे बंद रहे। बिजली नहीं मिलने से तकरीबन दो लाख शहरवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। रात भर लोग चैन से सो नहीं पाए, सुबह पानी के लिए तरसना पड़ गया। सबसे ज्यादा परेशानी गृहिणियों और व्यापारियों को हुई। बिजली केंद्रों पर एसडीएम, बीडीओ ने व्यवस्था संभाली। पुलिस भी मुस्तैद रही।*

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** बिजली संकट के चलते लोगों क रात में चैन की नींद नहीं आई, वहीं सुबह पानी के लिए परेशान होना पड़ा। शहर में बिजली की आपूर्ति देने वाले सभी फीडर 11 घंटे बंद रहे। बिजली नहीं मिलने से तकरीबन दो लाख शहरवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

बृहस्पतिवार को आधी रात से बिजली चले जाने से नगरवासी रात भर जाग कर गुजार दिए। रात में लोगों को मच्छरों का सामना करना पड़ा। घर में लगे पानी की टंकी खाली हो गई। इससे लोगों को नित्यक्रिया से लेकर स्नान करने के लिए जलनिगम से पानी की आपूर्ति का इंतजार करना पड़ा। पडरौना हाइडिल से शहर को बिजली की आपूर्ति दी जाती है।

बृहस्पतिवार की रात 12 बजे बिजली के मेन सप्लाई में ब्रेक डाउन हो जाने से शहर के रामकोला रोड, सुभाष चौक, तिलक चौक, दरबार रोड, कसेरा टोली, छावनी सहित अन्य स्थानों पर आपूर्ति ठप हो गई।

इससे बिजली के उपकरण बंद हो गए। पंखा नहीं चलने से मध्यम वर्ग के लोग मच्छरों से रात भर परेशान रहे। इसी में कुछ लोगों ने जेनरेटर चलाकर घर में बिजली आपूर्ति की। बिजली नहीं रहने से टंकी भी सूख गई। शनिवार की भोर में नित्यक्रिया करने वाले लोगों को पानी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ी। सुबह छह बजे जब नगर पालिका से पानी आया तो लोग अपने घरों में बाल्टी, टब में पानी भरकर रख लिए। इसी से स्नान सहित अन्य कार्य किया। शनिवार की सुबह एडीएम देवी दयाल वर्मा ने बिजली निगम के उच्चाधिकारियों से वार्ता की तो सुबह 11 बजे बिजली की आपूर्ति शुरू हो पाई।



पडरौना नगर में बिजली नहीं होने से रेलवे स्टेशन पर पानी भरते लोग। संवाद



कसया 132 केवीए बिजली घर पर पुलिस की सुरक्षा। संवाद

### पंखे नहीं चले, मच्छरों का बढ़ा हमला

शहर में बिजली नहीं होने से नगरवासियों को रात में नींद नहीं आई। मच्छर काटने से करवट बदलकर रात बितानी पड़ी। रामकोला रोड निवासी विकास मोदनवाल ने बताया कि शहर में फागिंग नहीं हुई है। इससे मच्छर और लगते हैं। इसी में बिजली चले जाने से पंखा बंद हो गया। इससे पूरी रात जागकर बिताना पड़ा। इससे शनिवार को दुकान भी विलंब से खोला गया है।

### शाम पौने छह बजे फिर गुल हो गई बिजली

**पडरौना।** जिले के कई हिस्सों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है। कहीं पर दोपहर में बिजली आई तो कहीं पर एक बार आकर चली गई। लोगों के मोबाइल फोन बंद हो गए हैं। टुल्लू पंप नहीं चलने से पानी की समस्या खड़ी हो गई है। दुकानदारों से लेकर ग्रामीण तक हर कोई परेशान है। शनिवार की शाम करीब पौने छह बजे कसया स्थित ट्रांसमिशन केंद्र में आपूर्ति ठप होने से जिले भर में सप्लाई बाधित हो गई। कप्तानगंज प्रतिनिधि के अनुसार, कप्तानगंज क्षेत्र में दो दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित है। सीएचसी में जेनरेटर चलाकर बिजली आपूर्ति की जा रही है। कसया प्रतिनिधि के अनुसार, नगर स्थित बिजली घर पर सुबह से ही अधिकारियों का आना जाना लगा रहा। 132 केवीए बिजली घर में फाल्ट होने से अधिकारी काफी परेशान हुए। शुक्रवार की रात 12 बजे से मेन सप्लाई नहीं पहुंच रही थी। संवाद

### चार दिनों से 10,000 लोग अंधेरे में

बीते चार दिनों से शहर के बेलवा चुंगी में लगे 400 केवीए के ट्रांसफार्मर का एक फेज कट गया है। इससे तकरीबन 10,000 लोग अंधेरे में हैं। इसकी शिकायत लेकर शनिवार को पडरौना हाइडिल पर लोग पहुंचे थे। मुकेश मिश्रा ने बताया कि चार दिनों से क्षेत्र में बिजली नहीं होने से मोबाइल फोन बंद हैं। किसी दुकानदार से चिरौरी करके मोबाइल फोन चार्ज किया जा रहा है। रात में पंखा नहीं चलने से नींद पूरी नहीं हो पाई है।

# थाने में धरने पर बैठे भाजपा नेता, दुर्व्यवहार का आरोप

- भूमि विवाद में एक पक्ष की पैरवी कर रहे थे भाजपा नेता
- थाना परिसर में ही दोनों पक्ष हुए आम्ने सामने, हंगामा

**जागरण संवाददाता, कसया:** कसया के डिघवा बुजुर्ग गांव में कसया-पडरौना मार्ग के बगल स्थित एक भू-भाग को लेकर शनिवार को दो पक्षों के बीच उपजे विवाद के बाद मामला तहसील पहुंचा। एक पक्ष के समर्थन में भाजपा नेता संतोष सिंह पहुंचे तो पुलिस भाजपा नेता सहित दोनों पक्षों को थाने लाई। यहां भाजपा नेता धरने पर बैठे तो दूसरा पक्ष भी बैठ गया। मामले को लेकर कुछ देर के लिए हंगामा भी खड़ा हो गया। भाजपा नेता ने पुलिस पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया। सीओ कुंदन सिंह के हस्तक्षेप पर मामला शांत हुआ। मऊ दोहरी घाट निवासी मीना देवी पडरौना में रहती हैं।

उन्होंने डिघवा बुजुर्ग गांव के समीप जमीन खरीदा है। बगल में डा. पीएन राय की जमीन है। डा. राय द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा था। महिला ने उनकी भूमि पर निर्माण कराने का पुलिस से शिकायत की तो मौके पर एक उपनिरीक्षक और कांस्टेबल पहुंच कर कार्य रुकवा दिए। डा. राय के समर्थक भाजपा नेता सिंह ने पुलिस से निर्माण रोके जाने के लिए सक्षम अधिकारी का आदेश मांगा तो उन्होंने कहा कि तहसील से निर्देश मिला है। इस पर दोनों पक्ष तहसील पहुंचे। तहसीलदार की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक डा. आशुतोष तिवारी तहसील जाकर दोनों पक्षों को थाने लाए तो भाजपा नेता परिसर में ही जमीन पर धरने पर बैठ गए। इस पर दूसरा पक्ष भी वहीं बैठ गया।

मामले को लेकर हंगामा खड़ा हो गया। इसी बीच सीओ सिंह पहुंच गए और उन्होंने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर थाने से भेजा। बताया कि मामले में भूमि पैमाइश कराने के लिए तहसील प्रशासन से कहा गया है। पैमाइश होने के बाद ही निर्माण कार्य कराया जाएगा।

Thakur Prasad G
Pvt

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-03-2023

# हत्या के जुर्म में आजीवन कारावास की मिली सजा

- 22 साल पुराने मामले में पुलिस ने प्रभावी पैरवी कर दिलाई सजा
- न्यायालय ने दस हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया

महराजगंज, निज संवाददाता। कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन शिकंजा के तहत प्रभावी पैरवी कर हत्या के 22 साल पुराने मामले में आरोपित पति-पत्नी को आजीवन कारावास की सजा दिलाने में कामयाब हुई है। न्यायालय ने दस हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।

पुलिस के सोशल मीडिया सेल के मुताबिक मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कनमहा में हत्या के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 302, 34 आईपीसी के तहत केस दर्ज की। विवेचना के बाद न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की गई। एडीजी व आईजी जोन गोरखपुर के निर्देश पर चलाए जा रहे मिशन शक्ति व ऑपरेशन शिकंजा के तहत कोतवाली पुलिस ने शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार रॉय ने न्यायालय में प्रभावी कार्रवाई कराया। पजिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने अभियुक्त कैलाश पुत्र बासुदेव (60)व कमला देवी पत्नी कैलाश (60) निवासी ग्राम कनमहा थाना कोतवाली जनपद महराजगंज को दोष सिद्ध होने पर शनिवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाया।

चारों तहसीलों में समाधान दिवस का किया गया आयोजन, अनेक पीड़ित कई माह से समस्या के समाधान के लिए चक्कर लगा रहे

# 41 लोगों को मिला समाधान, 211 को आश्वासन

**समाधान दिवस**



समाधान में फरियाद सुनते डीएम सत्येन्द्र कुमार व साथ में मौजूद अधिकारी।

महराजगंज, हिन्दुस्तान टीम। सम्पूर्ण समाधान दिवस कोरम बनकर रह गया है। शनिवार को चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें कुल 252 फरियादी अपनी समस्या लेकर पहुंचे। जिसमें मौके पर केवल 41 मामलों का ही निस्तारण हो सका। शेष 211 फरियादी निराश होकर लौट गए। इसमें अनेक पीड़ित कईमाह से अपनी समस्या के समाधान के लिए चक्कर लगा रहे हैं। मामलों को डीएम सत्येन्द्र कुमार ने एक सप्ताह में निस्तारित करने का निर्देश दिया।

जिम्मेदारों द्वारा शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण नहीं किए जाने से समाधान दिवस केवल कोरम बनकर रह गया है। शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जमीन, प्रधानमंत्री आवास, पेंशन की शिकायतें प्रमुख रहीं। थाना बृजमनगंज के ग्राम मिश्रौलिया निवासी विजय कुमार ने बताया कि उनकी भूमि का बैनामा एक व्यक्ति ने फर्जी करा लिया है। जिसे वर्तमान ग्राम प्रधान ने कुछ महीने पूर्व दीवाल चलाकर कब्जा कर लिया था। शिकायत पर एसडीएम के नेतृत्व में पैमाइश भी हुई थी। पुलिस बल के साथ बाउंड्री को गिरवा भी दिया गया था। बावजूद ग्राम प्रधान जमीन पर बाउंड्री कराकर मकान बना लिया। जिसकी शिकायत अधिकारियों से करता रहा है लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सका है। नौतनवा थाना क्षेत्र के गांव कुरहवा खुर्द निवासी अष्टभुजा पांडेय ने बताया कि गांव में ही उनकी भूमिधरी की जमीन पर गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा जबरिया कब्जा किया जा रहा है। लगातार नौतनवा पुलिस एवं संबंधित जिम्मेदारों से शिकायत दर्ज कराई गई है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की जा सकी है।

**समाधान दिवस से 211 फरियादी निराश होकर लौटे:** फरेंदा संवाद के अनुसार जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन डीएम सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में तहसील फरेंदा में हुआ। यहां कुल 188 मामले आए। जिसमें मौके पर 32 मामलों का निस्तारण कर दिया गया। जमीन विवाद व प्रधानमंत्री आवास को लेकर शिकायतें प्रमुख रहीं। डीएम ने समाधान दिवस में आयी शिकायतों की जांच आख्या सोमवार तक अधिकारियों से मांगी है। नौतनवा संवाद के अनुसार नौतनवा तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 46 मामले आए। जिसमें छह मामलों का निस्तारण मौके पर हुआ। निचलौल संवाद के अनुसार निचलौल तहसील सभागार में एसडीएम रामसजीवन मौर्य की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। यहां कुल कुल 10 मामले आए। इनमें से मौके से केवल दो मामलों का निस्तारण हो पाया।

### लेखपाल पर धमकी का आरोप

निचलौल। ग्राम बैदौली निवासी सुरेन्द्र कुशवाहा ने एसओ को शिकायत पत्र देकर एक लेखपाल पर धमकी देने का आरोप लगाया है। आरोप है कि इनका एक निजी तालाब है। जिसपर वह मत्स्यपालन किए हुए हैं। शुक्रवार शाम को वे अपने तालाब पर गए हुए थे। इस बीच निचलौल तहसील में तैनात एक लेखपाल ने अपने प्राइवेट मुंशी की मोबाइल से इन्हें फोन कर धमकी देने लगा और कहने लगा कि यह सरकारी पोखरा है और इसका 10 वर्ष का पट्टा किया गया है।

### सत्यापन नहीं करने का आरोप

नौतनवा। बैकुंठपुर के दर्जनभर ग्रामीणों ने शनिवार को तहसील दिवस में पहुंचकर राजस्व विभाग व कृषि विभाग पर किसान लाभार्थियों की भूमिका सत्यापन न किए जाने का आरोप लगाया है। किसानों ने तहसील परिसर में प्रदर्शन कर विरोध भी जताया है। ग्रामीणों ने कहा है कि सभी का नाम ग्राम बहलगौली तहसील निचलौल के पीएम किसान सूची में नाम प्रदर्शित हो रहा है। जिसकी वजह से हम सभी किसानों का भूमि सत्यापन नहीं हो पा रहा है। जिसकी शिकायत लगातार राजस्व विभाग व कृषि विभाग को किया गया। बावजूद अभी तक समस्या का समाधान नहीं किया जा सका है। निचलौल तहसील के ग्राम पकड़ी कला निवासी खेमराज ने बताया कि पक्का मकान गांव के बाहर चकरोड पर बना हुआ है। चकरोड मुख्य सड़क से जुड़ा है। चकरोड सड़क पर जहां मिल रहा है सड़क की जमीन में एक व्यक्ति ने झोपड़ी डालकर अतिक्रमण कर लिया है। इसकी शिकायत पिछली बार भी सम्पूर्ण समाधान दिवस में दिया गया था, लेकिन कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंचकर वस्तुस्थिति को नहीं देखा।

# हत्या के मामले में दंपती को आजीवन कारावास

## करमहा गांव में वर्ष 2001 में हुए रामसूरत हत्याकांड में न्यायालय ने सुनाई सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयप्रकाश तिवारी ने 2001 में हुए हत्या के एक मामले में सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के करमह निवासी कैलाश व कमला देवी को आजीवन कारावास के साथ-साथ पांच-पांच हजार रुपये आर्थिक दंड से भी दंडित किया है।

करमहा निवासी हरिलाल ने छह मार्च 2001 को सदर कोतवाली में तहरीर दी कि उससे और उसके गांव के रामनयन से जमीन का विवाद चल रहा है।

गांव के ही कैलाश जो रामनयन के सगे पट्टीदार हैं। सदस्य चुनाव से रंजिश रखते हैं और विवाद में रामनयन की मदद करते हैं।

उक्त जमीन के विवाद को लेकर कई बार रामनयन व उसकी पत्नी वादी व उसके परिवार को धमकी देते थे कि एक-दो को मारकर फेंकवा देगा। इन्हीं रंजिश के कारण वादी मुकदमा के भाई रामसूरत जो वीडियो देखकर रात एक बजे घर आ रहा था। रामनयन व कैलाश मिलकर चाकू से मारकर हत्या कर दी।

**पांच-पांच हजार रुपये आर्थिक दंड से भी कोर्ट ने किया दंडित**

उपरोक्त मामले में स्थानीय थाना में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज हुई। विवेचना के उपरांत अभियुक्तगण के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल हुए।

जिला शासकीय अधिवक्ता ब्रजेंद्र नाथ त्रिपाठी ने गवाही के उपरांत अभियुक्तगण को कड़ी सजा की मांग की। जिस पर न्यायालय ने अभियुक्तगण को आजीवन कारावास व पांच-पांच रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। कोर्ट ने अर्थदंड नहीं अदा करने पर तीन माह की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी।

# बिजली कर्मचारी का घास खाने का वीडियो वायरल



महराजगंज जिले के विद्युत उपकेन्द्र बैकुंठनगर में शनिवार को एक विद्युत कर्मी का घास खाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होता रहा। • हिन्दुस्तान

## सोशल मीडिया से

**महराजगंज, निज संवाददाता।** बिजलीकर्मियों की हड़ताल के बीच महराजगंज जिले में एक संविदा एसएसओ (सब स्टेशन ऑपरेटर) का भूख से बेहाल होकर घास खाने का वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल होता रहा। बिजलीकर्मी का आरोप है कि पुलिस की निगरानी में उससे पिछले 62 घंटे से लगातार ड्यूटी कराई जा रही है। नाश्ता-भोजन कुछ नहीं दिया जा रहा है। हालांकि, हिन्दुस्तान वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

वीडियो में पुलिस कर्मियों से विद्युत कर्मी कहता नजर आ रहा है कि पुलिस कर्मियों की शिफ्ट में ड्यूटी लग रही है। लेकिन उससे लगातार काम कराया जा रहा है। भोजन व जलपान भी नहीं दिया जा रहा है। एसएसओ मिथिलेश यादव ने खुद अपना वीडियो बनाया था। वीडियो में वह कह रहा है कि 16 मार्च की रात 12 बजे से वह लगातार ड्यूटी कर रहा है। उसे घर नहीं जाने दिया जा रहा है। भोजन-पानी भी मुहैया नहीं कराया जा रहा है। 62 घंटे से वह बिना कुछ खाए पीए काम कर रहा है। उसे बड़ी तेज से भूख लगी है। भूख मिटाने के लिए वह घास खा रहा है।

- लगातार 62 घंटे से काम कराने और भोजन नहीं देने का आरोप
- पुलिस कर रही निगरानी, घर भी नहीं जाने दिया जा रहा है

> आपूर्ति बहाल करने के लिए बिजली विभाग के कर्मियों के साथ राजस्व व पुलिस की भी टीम लगातार काम कर रही हैं। इस तरह के आरोप बेबुनियाद हैं। सबकी सुविधा का ख्याल रखा जा रहा है।
>
> डॉ. पंकज वर्मा, एडीएम

पानी पीकर प्यास बुझा रहा है पुलिस कर्मी के साथ एसएसओ का बहस करते हुए वायरल वीडियो में कह रहा है कि आपने चाय पी ली है। मुझे चाय नहीं पिलाए।

**वायरल वीडियो से मचा हड़कंप:** एसएसओ का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस व प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस विभाग के एक उप निरीक्षक मौके पर पहुंचे। धरना पर बैठे विद्युत कर्मियों ने फल भेजवाया। एसआई ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को निर्देश दिया कि एसएसओ के लिए वह भोजन मंगाए। जो भी जरूरत है उसे मुहैया कराएं।

# मुख्यालय व जिला अस्पताल की लाइट बंद कराने गए दो युवकों को भेजा जेल

- विद्युत कर्मियों के हड़ताल की वजह से पूरे जिले की आपूर्ति बाधित होने के बीच मुख्यालय जिला अस्पताल में थी सप्लाई
- जिला अस्पताल की भी बिजली बंद कराने को हंगामा कर रहे थे आरोपित, पुलिस शांति भंग में कर दी चालान

**महराजगंज, निज संवाददाता।** बिजली कर्मियों के हड़ताल से जिलें विद्युत आपूर्ति व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। इससे लोगों में आक्रोश पनपने लगा है। शुक्रवार की देर रात चौपरिया गांव के दो युवक जिला मुख्यालय पहुंचे।

कलक्ट्रेट परिसर व जिला अस्पताल में बिजली की आपूर्ति बहाल देख हंगामा करने लगे। अफसर व पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। युवक को समझाने का प्रयास शुरू किया है, लेकिन आरोप है कि दोनों युवक अफसरों से उलझ गए। इस पर कोतवाली पुलिस दोनों युवकों को हिरासत में ले ली। शांतिभंग की आशंका में 151 के तहत चालान कर दी। मजिस्ट्रेट ने न्यायिक अभिरक्षा में दोनों को जेल भेज दिया।

युवकों का आरोप था कि जब आम उपभोक्ताओं के घर की बिजली गुल हो गई है तो कलक्ट्रेट परिसर, अफसरों के आवास व जिला अस्पताल में कैसे बिजली की आपूर्ति हो रही है। या फिर कलक्ट्रेट परिसर समेत जिला अस्पताल की बिजली काटी जाए या आम उपभोक्ताओं की भी आपूर्ति बहाल कराई जा जाए। इसी बात को लेकर आरोपित हंगामा करने लगे। सूचना पर कोतवाल रवि कुमार रॉय, नगर चौकी इंचार्ज अमित सिंह पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। आरोप है कि युवक अफसरों से भी उलझ गया। इस पर पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले ली। कोतवाल रवि कुमार राय ने बताया कि चौपरिया गांव निवासी डॉ. सूरज सिंह व रामधनी राजभर को शांतिभंग की आशंका में न्यायालय चालान किया गया।

# भगायी गयी बालिका बरामद,आरोपी गिरफ्तार

**कोल्हुई बाजार(एसएनबी)**। थाना कोल्हुई क्षेत्र के हल्का नम्बर दो एक गांव में नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया था। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर काफी खोजबीन के बाद नाबालिग बालिका को बरामद किया है और आरोपी को हिरासत में ले लिया है। इस मामले में पुलिस ने धारा 363 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार कोल्हुई थाना क्षेत्र के हल्का नम्बर दो एक गांव की रहने वाली नाबालिग बालिका घर से निकली और वापस नहीं लौटी। परिजन काफी खोजबीन के बाद बगल के एक गांव के एक युवक के विरुद्ध कोल्हुई थाने में तहरीर देकर बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया था। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने काफी खोजबीन कर बालिका को बरामद किया है और आरोपी को हिरासत में ले लिया है। इस सम्बन्ध में एसओ कोल्हुई महेन्द्र यादव ने बताया कि नाबालिग बालिका को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और बालिका को बयान के लिए भेजा गया है।

# मुख्यालय की बिजली बंद कराने पहुंचे दो युवक गिरफ्तार

**जासं, महराजगंज**: बिजली कर्मियों की हड़ताल से जिले में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। इससे लोगों में आक्रोश पनपने लगा है। शुक्रवार की देर रात चौपरिया गांव के दो युवक जिला मुख्यालय पहुंचे। कलक्ट्रेट परिसर व जिला अस्पताल में बिजली की हो रही आपूर्ति देख हंगामा करने लगे। अफसर व पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। युवकों को समझाने का प्रयास किए, आरोप है कि दोनों युवक अफसरों से उलझ गए। इस पर कोतवाली पुलिस दोनों को हिरासत में ले लिया।

शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया। जमानत के लिए पहुंचने के बाद मजिस्ट्रेट ने दोनों आरोपितों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

युवकों का आरोप था कि जब आम उपभोक्ताओं के घर की बिजली गुल हो गई है, तो कलेक्ट्रेट परिसर, अफसरों के आवास व जिला अस्पताल में कैसे बिजली की आपूर्ति हो रही है। इसी बात को लेकर आरोपित हंगामा करने लगे। सूचना पर कोतवाल रवि कुमार राय, नगर चौकी प्रभारी अमित सिंह पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। आरोप है कि युवक अफसरों से भी उलझ गए। इस पर पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले ली। कोतवाल रवि कुमार राय ने बताया कि चौपरिया गांव निवासी डा. सूरज सिंह व रामधनी राजभर को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार किया गया है।

# समाधान दिवस में आस लेकर आए, लौटे निराश

- समाधन दिवस में आए 260 मामले, 44 का निस्तारण
- मौके पर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण : डीएम



फरेंदा तहसील सभागार मे संपूर्ण समाधान दिवस मे समस्याएं सुनते जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार (दाएं से तीसरे) एसपी डा. कौस्तुभ • जागरण

**जागरण टीम, महराजगंज**: जिले की चारो तहसीलों में शनिवार को तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 260 मामले आए, जिसमें से सिर्फ 44 का निस्तारण हुआ। शेष 216 मामलों को संबोधित विभागों के पास निस्तारण के लिए भेज दिया गया। ऐसे में इन शिकायतकर्ताओं को आश्वासन लेकर लौटना पड़ा।

फरेंदा तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने लोगों की शिकायतें सुनीं। यहां 188 मामले आए, इनमें से आठ का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। फरेंदा विकास खंड के ग्रामसभा पिपराविशंभरपुर निवासी मकसूद, निशा एवं रैतुल्ला ने प्रार्थना पत्र देकर कुछ लोगों पर फर्जी तरीके से वसीयत कराने का आरोप लगाया है। मथुरा नगर निवासी राजेश मौर्या ने बताया कि घर के बगल के लोग जबरजस्ती उनकी दीवार तोड़कर कब्जा कर रहे हैं। सिधवारी निवासी इरशाद ने बताया कि उनके घर के पीछे 16 वर्ष पुरानी नाली है, जिसमें उसके घर का पानी गिरता है, पड़ोसी नाली पाट दिए हैं। उपजिलाधिकारी मदन मोहन वर्मा, तहसीलदार राम अनुज त्रिपाठी, पुलिस क्षेत्राधिकारी कोमल प्रसाद मिश्रा, नायब तहसीलदार डा. रवि यादव, सीएचसी अधीक्षक डा. एमपी सोनकर, रेंजर टीएन त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। सदर तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी मो. जसीम की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में आए 15 मामलों में से तीन का निस्तारण हुआ। नौतनवा तहसील सभागार में तहसीलदार अरविंद कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। 46 मामलों में से छह का निस्तारण हुआ। सीओ अनुज कुमार सिंह, बीडीओ अमरनाथ पांडेय, खंड शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार मिश्र, पूर्ति निरीक्षक अतेंद्र यादव उपस्थित रहे। निचलौल तहसील में 10 मामले आए, इसमें से तीन का निस्तारण किया गया। अध्यक्षता उपजिलाधिकारी रामसजीवन मौर्य ने की। पुलिस उपाधीक्षक सूर्यबली मौर्य ,नायब तहसीलदार अंकित अग्रवाल, खंड विकास अधिकारी निचलौल डा. चंन्द्रशेखर कुशवाहा, बीईओ प्रदीप शर्मा सहित सभी विभागो के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

**जिलाधिकारी ने तहसील का किया निरीक्षण** : आनंदनगर: जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने फरियादियों की समस्या सुनने के बाद तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखागार में कर्मचारियों से पत्रावलियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके बाद कानूनगो आफिस का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को निर्देश दिए।

# बिना सूचना के कैशियर को उठा ले गई पुलिस, दारोगा समेत तीन निलंबित

**जासं, गोरखपुर** : दुष्कर्म के आरोपित माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कैशियर को महराजगंज जिले के नौतनवां थाने की पुलिस शनिवार की शाम उठा ले गई। पुलिसकर्मियों ने मामले की जानकारी पुलिस अधिकारियों को भी नहीं दी। कैशियर के अपहरण की सूचना पर जिले की पुलिस चार घंटे तक परेशान रही, लेकिन कुछ पता नहीं चला। रात में मामले की जानकारी होने पर एसपी महराजगंज ने बिना सूचना के कैशियर को पकड़कर लाने वाले नौतनवां थाने के दारोगा विजय द्विवेदी व दो सिपाहियों राधेश्याम व विजय को निलंबित कर दिया।

सिद्धार्थनगर जनपद के उसका थानाक्षेत्र स्थित बरदहा टोला निवासी करन सिंह आशीर्वाद माइक्रो फाइनेंस कंपनी लिमिटेड केरल की कौड़ीराम शाखा में बतौर कैशियर तैनात है। महराजगंज जिले के नौतनवां क्षेत्र की रहने वाली युवती ने स्थानीय थाने में उसके विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया है। शनिवार की शाम चार बजे चार पहिया वाहन से पुलिस की वर्दी में तीन लोग कौड़ीराम स्थित फाइनेंस कंपनी की शाखा पर पहुंचे। बातचीत करने के बाद करन सिंह को अपने साथ ले जाने लगे।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 19-03-2023

# सड़क पर चलने के विवाद में मारपीट, केस

**बस्ती (एसएनबी)**। नये आरसीसी रोड पर चलने की बात को लेकर युवक को आरोपियों ने मारापीटा व जानमाल की धमकी दी। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। रूधौली थाना क्षेत्र के वार्ड नम्बर 7 शान्तिनगर में बने नये आरसीसी रोड पर चलने की बात को लेकर अंकित चौधरी को आरोपी चन्द्र प्रकाश, गंगा व हजारी प्रसाद ने गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित अंकित चौधरी पुत्र रामकेवल चौधरी निवासी गनेशपुर तहसील टांडा जनपद अम्बेडकरनगर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चन्द्रप्रकाश, गंगा, हजारी प्रसाद के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# रास्ते के विवाद में महिला को दी गाली, केस

**बस्ती (एसएनबी)**। रास्ते के विवाद को लेकर कुछ लोगों ने एक महिला को उसके घर में घुसकर गालियां व धमकी दी। मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। नगर थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव में रास्ते के विवाद की बात को लेकर ममता पत्नी गुड्डू को कुछ लोगो ने शराब के नशे में गालियां देते हुए घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता ममता पत्नी गुड्डू ग्राम प्रतापपुर थाना नगर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सियाराम पुत्र टोडी, धर्मेन्द्र, जितेन्द्र, शिवकुमार पुत्रगण सियाराम निवासीगण प्रतापपुर थाना नगर के विरुद्ध धारा 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# रास्ते के विवाद में महिला को दी गाली, केस

**बस्ती (एसएनबी)**। रास्ते के विवाद को लेकर कुछ लोगों ने एक महिला को उसके घर में घुसकर गालियां व धमकी दी। मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। नगर थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव में रास्ते के विवाद की बात को लेकर ममता पत्नी गुड्डू को कुछ लोगो ने शराब के नशे में गालियां देते हुए घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता ममता पत्नी गुड्डू ग्राम प्रतापपुर थाना नगर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सियाराम पुत्र टोडी, धर्मेन्द्र, जितेन्द्र, शिवकुमार पुत्रगण सियाराम निवासीगण प्रतापपुर थाना नगर के विरुद्ध धारा 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# दुकान में घुसे चोर, पुलिस को देख भाग निकले

**वाल्टरगंज**। जिले के वाल्टरगंज थाना क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता से चोरी की घटना रूक गई, लेकिन पुलिस टीम के पहुंचने से पहले चोर चुराया गया सामान छोड़कर भाग निकले। थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में अभी तक तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। चोरों को ट्रेस करने के लिए छानबीन शुरू कर दी गई है।

# सड़क पर चलने के विवाद में मारपीट, केस

**बस्ती (एसएनबी)**। नये आरसीसी रोड पर चलने की बात को लेकर युवक को आरोपियों ने मारापीटा व जानमाल की धमकी दी। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। रूधौली थाना क्षेत्र के वार्ड नम्बर 7 शान्तिनगर में बने नये आरसीसी रोड पर चलने की बात को लेकर अंकित चौधरी को आरोपी चन्द्र प्रकाश, गंगा व हजारी प्रसाद ने गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित अंकित चौधरी पुत्र रामकेवल चौधरी निवासी गनेशपुर तहसील टांडा जनपद अम्बेडकरनगर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चन्द्रप्रकाश, गंगा, हजारी प्रसाद के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# धोखे से खाता खुलवा कर की हेराफेरी

**बस्ती (एसएनबी)**। कुछ लोगो ने एक महिला को आवास पास होने का झूठा हवाला देते हुए कई बैंको में खाता खुलवा लिया और एटीएम को अपने पास रखकर उक्त खाते में गलत तरीके से पैसे मंगाकर निकाला जाने लगा। मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। न्यायालय में शिकायत करते हुए पीड़ित महिला किरन देवी पत्नी प्रहलाद निवासी कोठवा भरतपुर थाना नगर ने बताया कि उसको फोन कर आरोपियों ने आवास पास होने की बात बताकर आधार कार्ड व बैंक पासबुक की कापी मंगाते हुए खाता में 5000 रूपया भेज दिया। पुनः 5-6 बैंकों में खाता खुलवाने को कहकर खाता धारक दिनेश कुमार के इलाहाबाद बैंक में छह रूपया जमा कराया गया। अभियुक्तो के कहने पर उनके कई खातों में 15000, 10000 व 6000 रूपया किरन द्वारा भेजा गया तथा अन्य बैंक के कई खातों का एटीएम अभिक्तगण द्वारा अपने पास मंगाते हुए कई लोगों से फ्राड व जालसाजी कर किरन के खाते में पैसा मंगवाकर एटीएम से रूपया निकाल लिया। मामले में न्यायालय के आदेश पर नगर पुलिस ने आरोपी मुकेश निषाद, नितिन कुमार सिंह पुत्र जंग बहादुर सिंह निवासी 355 योगेन्द्र बिहार खादी पुर न्यू बस्ती नौबस्ता कानपुर नगर, कार्तिक त्यागी पुत्र संतोष त्यागी निवासी 32/63 योगेन्द्र बिहार खादी पुर न्यू बस्ती कानपुर नगर, आरती पाल, पूजा पाल, संतोष यादव, गौतम के विरुद्ध धारा 419, 420 आईपीसी व 66 आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# 173 मामले में 20 निस्तारित




समाधान दिवस पर समस्या सुनती डीएम।

**बस्ती (एसएनबी)**। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील बस्ती सदर में सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरन्जन ने अधिकारियों को शिकायतों का समय से निस्तारण का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि अविवादित वरासत के मामले अभी भी प्राप्त हो रहे है। इसके निस्तारण में दोषी पाये जाने वाले कर्मचारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने भी लोगों की समस्याओं को सुना। तहसीलदार राधेश्याम गुप्ता ने बताया कि संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 136 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 11 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसमें मुख्य रूप से राजस्व विभाग की 46, पुलिस के 34, विकास विभाग की 38 तथा अन्य विभागों की 18 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर आशुतोष तिवारी, डीडीओ अजीत श्रीवास्तव, पीडी कमलेश सोनी, एसीएमओ डा. फखरेयार हुसैन, अधिशासी अभियन्ता सिचाई आरक्रे. गौतम, एसओसी हरीश चन्द, उप षि निदेशक अनिल कुमार तथा विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस

**हर्रैया कार्यालय** के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में मिलने वाली शिकायतों का निस्तारण अगले सम्पूर्ण समाधान दिवस से पूर्व हर हालत में हो जाना चाहिए। समस्याओं के निस्तारण में पारदर्शिता बरती जाए। उपजिलाधिकारी गुलाब चन्द्र ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए उक्त बातें कही। उपजिलाधिकारी ने कहा कि आम जनता को अपनी शिकायत लेकर अधिकारियों का चक्कर न काटना पडे। सभी विभागों के समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर हो जाए। इसके लिए शासन द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। शासन की मंशा के अनुरूप सभी को काम करना होगा। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 37 मामलें आए। 9 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों को निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को सौप दिया गया है।



नयकापार में डायरेक्टर चुनने के लिए मतदान में सदस्यों ने लिया भाग।

# सहकारी समितियों पर 35 डायरेक्टरों का हुआ चुनाव

**बस्ती, निसं।** जिले की 17 सहकारी समितियों पर 35 वार्डों के लिए शनिवार को मतदान हुआ। चार बजे तक हुए मतदान के बाद मतगणना हुई, जिसमें निर्वाचित प्रतिनिधियों के नामों की घोषणा हुई। इसके पूर्व डायरेक्टर के 1657 पद निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। अब जिले में कुल 1692 डायरेक्टरों का निर्वाचन हो गया है। यह डायरेक्टर 19 मार्च को अपने समिति के सभापति और उप सभापति का चुनाव करेंगे। यह चुनाव प्रक्रिया एक दिन में 19 मार्च को ही पूरी कर ली जाएगी।

जिले की 17 समितियों में 35 वार्ड बस्ती सदर ब्लॉक की क्षेत्रीय सहकारी समिति लि. पांडेय बाजार में एक, बनकटा में दो, कप्तानगंज के सहकारी समिति विशुनपुर में एक, नयकापार में पांच, परशुरामपुर के दुखड़ी में 2, गोपीनाथपुर में चार, गौर के हरदी में एक, सांवडीह में दो, परासडीह में एक, विक्रमजोत में सुकरौली पांडेय की पांच, दुबौलिया के समौढ़ा में दो, बनकटी के मुंडेरवा में एक, खोरिया बसौढ़ी में एक, सल्टौआ गोपालपुर के पिपराजप्ती में तीन, टिनिच में दो, जिनवा में एक, सल्टौआ में एक डायरेक्टर पद के लिए मतदान हुआ।

दुबौलिया संवाद के अनुसार साधन सहकारी समिति नयकापार में शनिवार को सदस्य पद के लिए मतदान हुआ। जिसमें पांच वार्डों से 10 लोग मैदान में थे।

बनकटी संवाद के अनुसार। सहकारी समिति खोरिया बसौढ़ी के चुनाव में बाबूराम चौधरी को 20 मत मिले। उन्होंने अर्जुन चौधरी को 13 मतों से हराया। टिनिच संवाद के अनुसार सहकारी समिति पर शिवपुर के मनिकराम अपने प्रतिद्वंदी राजेन्द्र से बीस मत अधिक पाकर जरीत हासिल किया।

# नकली नोट देकर ठगी करने वाले तीन गिरफ्तार

बस्ती, निज संवाददाता। मुंडेरवा थाना और स्वाट की संयुक्त टीम ने नकली नोट के नाम पर झांसा देकर लोगों से ठगी करने वाले तीन शातिरों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें से एक संतकबीरनगर में डायल 112 में तैनात होमगार्ड है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा कायम कर लिया है।

एसएचओ मुंडेरवा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर वह और प्रभारी स्वाट टीम उमाशंकर त्रिपाठी अपने टीम के साथ शुक्रवार की सुबह मुंडेरवा रेलवे स्टेशन के पास पहुंचे। वहां मौजूद पवन पाण्डेय निवासी घटरमहा थाना कोतवाली खलीलाबाद, जनपद संतकबीरनगर, भुवनचंद निवासी खन्ता ससना थाना मुंडेरवा व अशोक मौर्या निवासी बुधनी बाजार जलालपुर थाना खोड़ारे जनपद गोंडा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पवन पांडेय संतकबीरनगर में होमगार्ड है। आरोपितों के कब्जे से दो कूटरचित आधार कार्ड, एक कट्टा, दो कारतूस, तीन मोबाइल, एक जोड़ी होमगार्ड की वर्दी बेल्ट सहित, 5400 रुपये नकद व एक ड्राइविंग लाइसेंस बरामद किया गया।

# 34 लोगों को मिला समाधान, 185 को आश्वासन

**समाधान दिवस**

बस्ती, निसं । समाधान दिवस में फरियादी तो बड़ी संख्या में पहुंचे। उनकी शिकायत भी सुनी गई पर निस्तारण गिनती के हुए।

219 शिकायतों में 34 का ही मौके पर निस्तारण हुआ। अन्य को निस्तारण का आश्वासन दिया गया। संबंधित अफसरों को शिकायत सौंपकर उसका निस्तारण करने को कहा गया। समाधान दिवस बस्ती सदर तहसील में डीएम प्रियंका निरंजन ने साफ शब्दों में कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करें। कुल 136 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 11 का मौके पर निस्तारण किया गया। हर्रैया प्रतिनिधि के मुताबिक संपूर्ण समाधान दिवस में 37 मामले दर्ज किये गये, जिसमें नौ का निस्तारण कराया गया। एसडीएम गुलाब चंद्र की अध्यक्षता सुनवाई की गई। भानपुर प्रतिनिधि के अनुसार तहसीलदार सत्येन्द्र सिंह की अध्यक्षता में फरियादियों के मामलों की सुनवाई की। विभिन्न विभागों से सम्बंधित कुल 18 शिकायती-पत्रों का पंजीकरण किया गया। छह मामलों का निस्तारण किया गया। रुधौली संवाद के मुताबिक यहां पर संपूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई एसडीएम आनन्द सिह श्रीनेत की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान में 28 मामले आए, जिसमें आठ का मौके पर ही निस्तारण किया गया। समाधान दिवस में सीओ प्रीति खरवार, तहसीलदार केशरी नन्दन त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार, बीडीओ केदार नाथ कुशवाहा, बीईओ बिजय आनन्द, पूर्ति निरीक्षक शैलेष कुमार सहित आदि लोग उपस्थित रहे ।

## शौच के लिए घर से निकली किशोरी गायब

**बस्ती :** पुरानी बस्ती पुलिस ने एक किशोरी के रहस्यमय परिस्थितियों में गायब होने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। 14 वर्षीय किशोरी की मां ने पुलिस को बताया कि 16 मार्च की शाम को उनकी बेटी शाम करीब सात बजे शौच के लिए घर से बाहर गई थी ।न लौटने पर खोजबीन शुरू की गई, मगर उसका पता नहीं चल सका।

## शराब के नशे में दी जानमाल की धमकी मुकदमा दर्ज

**गौटवा, बस्तीः** नगर पुलिस ने जानमाल की धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। प्रतापपुर निवासी ममता पत्नी गुड्डू का आरोप है कि गांव के रहने वाले विपक्षी सियाराम, धर्मेंद्र, जितेंद्र और शिवकुमार ने रास्ते के विवाद को लेकर उनके घर पर पहुंचकर शराब के नशे में अपशब्द कहा और जान से मारने की धमकी दी।

# अधिकतर मामलों में फिर मिले आश्वासन

**जागरण टीम, बस्तीः** जनपद के चारों तहसील मुख्यालयों पर शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान न्याय की उम्मीद में पहुंचे फरियादियों को आश्वासन देकर लौटा दिया गया। कुल 217 मामले आए। जिनमें से महज 34 मामले निस्तारित हो पाए। शेष मामलों को संबंधित विभाग को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सौंप दिया गया। सदर तहसील में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। डीएम ने कहा कि अविवादित वरासत के मामले अभी प्राप्त हो रहे हैं। इसके निस्तारण में दोषी पाये जाने वाले कर्मचारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने भी लोगों की समस्याओं को सुना। तहसीलदार राधेश्याम गुप्ता ने बताया कि कुल 136 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 11 का मौके पर निस्तारण किया गया।

### हरैया में नौ मामले निस्तारित

**हरैया, बस्तीः** शनिवार को हरैया तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर एसडीएम गुलाब चंद्र ने लोगों की फरियाद सुनी। एसडीएम ने




संपूर्ण समाधान दिवस पर सदर तहसील में फरियाद सुनती डीएम प्रियंका निरंजन साथ में पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ● जागरण

कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाले प्रत्येक प्रार्थना पत्र को समयबद्ध निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। समाधान दिवस में कुल 37 मामले आए। परशुरामपुर थाना क्षेत्र के सुकरौली गांव ज्ञानमती देवी ने शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि 17 मार्च को शाम चार बजे के करीब गांव में हल्का लेखपाल चक मार्ग की पैमाइश के लिए गये थे। वहां पैमाइश के दौरान बोलने पर लेखपाल ने अशब्द कहा। मना करने पर मारने पीटने लगे। बीच-बचाव करने पहुंचे उसके पति को मारपीट कर घायल कर दिया है।

**भानपुर में** संपूर्ण समाधान दिवस भी बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के साये से अछूता नहीं रहा। उपजिलाधिकारी से लेकर खंड विकास अधिकारी तक विद्युत आपूर्ति बहाल करने में व्यस्त रहे।

## भूमि की पैमाइश को लेकर मारापीटा

**बस्तीः** हरैया पुलिस ने जमीन की पैमाइश को लेकर हुई मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। जगदीशपुर सेमरहिया निवासी राजेश पांडेय ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि जमीन की पैमाइश को लेकर शुक्रवार को उन्हें व उनकी पत्नी को विपक्षियों ने मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सौरभ पांडेय, गौरव, प्रदीप, विजय प्रकाश, अंतिमा व अन्य लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# लेखपाल से अभद्रता के आरोप में चार पर केस

**जासं, परशुरामपुर, बस्ती:** परशुरामपुर थानाक्षेत्र के सुकरौली कुंवर गांव के लेखपाल रामप्रताप सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि गांव के एक व्यक्ति ने चकमार्ग की पैमाइश के लिए आनलाइन शिकायत की थी। शुक्रवार को दोपहर बाद जब वे सुकरौली कुंवर गांव में गाटा 289 रकबा 0.169 हेक्टेयर की पैमाइश कर रहे थे तभी गांव के परमात्मा पुत्र रामराज, सावित्री पत्नी रामवीर, ज्ञानमती पत्नी परमात्मा तथा माला पत्नी धरमवीर ने उन्हें अपशब्द कहा। जानमाल की धमकी देते हुए सरकारी कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया। पुलिस ने लेखपाल की तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# आवास दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी, मुकदमा

**गोटवा, बस्ती :** नगर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। थाने के कोठवा भरतपुर निवासी किरन देवी का आरोप है कि उनके मोबाइल पर जालसाजों ने फोन कर आवास पास होने की जानकारी दी। इसके लिए आधार व बैंक पासबुक की कापी मांगकर उनके खाते में पांच हजार रुपये भेजा। इसके बाद विभिन्न बैंकों में खाता खुलवाने के नाम पर छह हजार रुपया जमा करा लिया। बाद में झांसे में लेकर 31 हजार रुपया तीन बार में अपने खाते में मांगा लिया। इतना ही नहीं एटीएम मंगाकर खाते से पैसा निकाल लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकेश निषाद, कार्तिक त्यागी, नितिन कुमार समेत सात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी व आइटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# नकली नोट का झांसा देकर ठगी करने वाले होमगार्ड समेत तीन गिरफ्तार

**जासं, बस्ती:** मुंडेरवा पुलिस और स्वाट की संयुक्त टीम ने नकली नोट के नाम पर झांसा देकर लोगों से ठगी करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपित संतकबीरनगर में डायल 112 में तैनात होमगार्ड है। हालांकि आरोपितों के पास से कोई नकली नोट नहीं बरामद किया गया है। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध विभिन्न धोखाधड़ी, कूटरचना, साजिश सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

प्रभारी निरीक्षक मुंडेरवा अरविन्द कुमार शाही ने बताया कि एक सूचना के आधार पर वह और प्रभारी स्वाट टीम उमाशंकर त्रिपाठी टीम के साथ शनिवार की सुबह मुंडेरवा रेलवे स्टेशन के पास पहुंचे। वहां मौजूद पवन पाण्डेय निवासी घटरमहा थाना कोतवाली खलीलाबाद, जनपद संतकबीरनगर, भुवनचंद चौधरी निवासी खन्ता ससना थाना मुंडेरवा व अशोक कुमार मौर्या निवासी बुधनी बाजार जलालपुर थाना खोड़ारे जनपद गोंडा को गिरफ्तार कर लिया। पवन पांडेय होमगार्ड है। आरोपितों के कब्जे से दो कूटरचित आधार कार्ड, एक कट्टा, दो कारतूस, तीन मोबाइल, एक जोड़ी होमगार्ड की वर्दी बेल्ट सहित, एक बाइक, 5400 रुपये नकद, तीन एटीएम कार्ड, एक पैन कार्ड व एक ड्राइविंग लाइसेंस बरामद किया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पकड़े गए युवक गिरोह बनाकर नकली नोट के नाम झांसा देकर लोगों से ठगी करते हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गिरोह के सदस्य लोगों को झांसे में लेकर असली नोट के बदले चार गुना नकली नोट देने का वादा करते थे। लोगों से असली नोट लेने के बाद जब नकली नोट देने की बारी आती थी तो वे भाग निकलते थे, इस कार्य में उनकी मदद होमगार्ड पवन करता था। आरोपितों को गिरफ्तार करने में एसएसआइ कन्हैया पांडेय,हेड कांस्टेबल सुधीर शर्मा, राकेश यादव, जनार्दन प्रसाद आदि थे।

# नकली नोट के धंधेबाज गिरफ्तार

## डेढ़ लाख रुपये के बदले छह लाख के जाली नोट देने का देते थे झांसा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** असली नोट के बदले नकली नोट देने का झांसा देकर ठगी करने वाले एक गिरोह का मुंडेरवा पुलिस ने स्वाट टीम के सहयोग से पर्दाफाश किया है। गिरोह के सरगना सहित तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं।

उनके कब्जे से होमगार्ड की वर्दी, बाइक, तमंचा, बाइक आदि बरामद किया गया है। पकड़े गए शातिरों का एक साथी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार शाही ने बताया कि इस गिरोह ने शुक्रवार की रात मुंडेरवा रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति को डेढ़ लाख रुपये रुपये के बदले छह लाख की नकली नोट देने के लिए बुलाया था। वह व्यक्ति एक लाख रुपये लेकर पहुंचा था। गिरोह के लोगों ने रुपये ले लिया।

उसी समय गिरोह का सदस्य होमगार्ड की वर्दी में पहुंच गया। रुपये देने वाला वहां से भाग गया।

एसएचओ मुंडेरवा की टीम के अलावा स्वाट टीम के प्रभारी उमाशंकर तिवारी की टीम ने शनिवार को दबिश देकर गिरोह के तीन आरोपियों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों में पवन पांडेय निवासी घटरमहां थाना कोतवाली खलीलाबाद संतकबीरनगर, भुवन चन्द चौधरी निवासी खंता ससना थाना मुंडेरवा जनपद बस्ती और अशोक कुमार मौर्या निवासी बुधनी बाजार जलालपुर थाना खोडारे जनपद गोंडा शामिल हैं।

# दसवीं बार आवेदन, फिर मिली अगली तारीख

## संपूर्ण समाधान दिवस : हर्रैया के राजस्व कर्मियों की लापरवाही से खतौनी में दर्ज हुआ गलत नाम नहीं हो रहा दुरुस्त

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** जिले के सदर ब्लाक में शनिवार को संपूर्ण तहसील दिवस पर बिजली विभाग कर्मियों के आंदोलन का असर रहा। अधिकारी देर से पहुंचे और फरियादियों की समस्याएं सुनीं।

हालांकि कुछ सामान्य मामले को निपटा दिया गया, मगर अधिकांश को तारीख मिली। सुबह 10 बजे अपनी समस्या लेकर अपनी जमीन बचाने के लिए दो साल से संपूर्ण समाधान दिवस का चक्कर काट रहे सदर क्षेत्र के बानपुर गांव निवासी गंगाराम को फिर अगली तारीख मिल गई। इसी प्रकार हर्रैया में खतौनी में राजस्व कर्मियों की लापरवाही से गलत नाम को दुरुस्त कराने के लिए दौड़ रहे हैं। इसी प्रकार अन्य तहसीलों में औपचारिकता पूरी कर दी गई।

सदर ब्लाक में आयोजित तहसील दिवस में डीएम प्रियंका निरंजन व एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी दोपहर 12.10 बजे पहुंचे। इसके बाद कार्रवाई शुरू हुई। इस संपूर्ण समाधान दिवस में कुदरहा ब्लाक के बानपुर गांव निवासी गंगाराम दसवीं बार आवेदन देने पहुंचे थे। उनके खेत पर दबंगों ने कब्जा ही नहीं किया, बल्कि मकान बनवा लिया है।

दो साल से न्याय के लिए दौड़ रहे गंगाराम की आवाज अब तक अधिकारियों के कान तक नहीं पहुंच पाई है। इसी प्रकार एक महिला सफाई कर्मी कौशल्या एक साल से मानदेय की राह देख रहीं हैं, मगर उनकी सुनवाई नहीं हो पा रही है।

वे अब तक दो बार अधिकारियों के न्याय दिलाने वाले संपूर्ण समाधान दिवस में अपनी बात रख चुकी हैं, आश्वासन तो मिला मगर मानदेय आज तक नहीं मिल सका। डीएम ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। हर्रैया प्रतिनिधि के अनुसार एसडीएम गुलाब चंद्र ने समस्याएं सुनीं।

यहां अजगराजोत गांव निवासी शिव बहादुर लेखपाल व कम्प्यूटर आपरेटर की गलती की सजा महीनों से झेलने को मजबूर हैं। इनकी खतौनी में किसी और का नाम दर्ज कर दिया गया। अब इसको हटवाने के लिए वह दो बार समाधान दिवस में प्रार्थनापत्र दे चुके हैं मगर अधिकारी इनको कोर्ट जाने की सलाह देकर टरका देते हैं शिव बहादुर ने बताया कि जानबूझकर राजस्व कर्मियों ने खतौनी में गलत नाम की दर्ज कर दिया।

छावनी थाना क्षेत्र के अमोढ़ा निवासी राशिदा खातून का पति से विवाद चल रहा था, जिसमें अदालत ने पीड़िता को हर महीने 25सौ रुपये महीने भरण पोषण खर्चा देने का आदेश हुआ है, मगर तीन वर्ष बाद भी उसके पति ने उसे भरण पोषण नहीं दिए। इसको लेकर वह थाने से लेकर तहसील दिवस में भी चार बार प्रार्थना पत्र दिया मगर सुनवाई नहीं हो रही है। बताया कि शनिवार को वह उम्मीद लेकर समाधान दिवस पहुंची थी मगर उच्चाधिकारियों की अनुपस्थिति से वह निराश होकर उनके इंतजार में बैठी रही। रफीक मुहम्मद निवासी नारायनपुर मिश्र के पिता की मौत 6 माह पहले हो गयी, तबसे वह वरासत के लिए लेखपाल के पास दौड़ रहे हैं, मगर आश्वासन दिया गया है।



हरैया तहसील में लोगों की समस्याएं सुनतीं डीएम प्रियंका निरंजन। संवाद


सदर तहसील में लोगों की समस्याएं सुनते एसडीएम। संवाद

### पेंशन न मिलने की शिकायत की

**भानपुर।** संपूर्ण समाधान दिवस में सल्टौआ गोपालपुर गांव निवासी रामजीत ने कहा कि वह पिछले एक वर्ष से पेंशन न मिलने की शिकायत दर्ज करा रहा है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। संपूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को उसके प्रार्थनापत्र पर आश्वासन देकर लौटा दिया गया। रामजीत ने बताया कि उन्हे वृद्धा पेंशन मिल रही थी जो अचानक बंद हो गई। तब से वे कई बार प्रार्थना पत्र दे चुके है लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही है। इस मौके पर सभी अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।


शिव बहादुर


राशिदा


गंगाराम


कौशल्या देवी

# लेखपाल प्रकरण में दोनों तरफ से रिपोर्ट दर्ज

**बस्ती।** रुधौली पुलिस ने लेखपाल की तहरीर पर भी एफआईआर दर्ज की है। तैनात दो लेखपालों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज होने के विरोध में 14 मार्च को साथी लेखपाल धरने पर बैठ गए थे। लेखपाल अंकित चौधरी ने तहरीर दी है कि शांतिनगर वार्ड में बने आरसीसी रोड पर चलने की बात पर चंद्रप्रकाश, गंगा व हजारी प्रसाद ने अपशब्द कहते हुए मारा-पीटा। चंद्रप्रकाश शुक्ल का आरोप है कि सोमवार की देर शाम लेखपाल प्रमोद चौधरी एवं अंकित चौधरी को बाइक लेकर नई बनी सीसी रोड पर जाने से रोका तो अपशब्द कहते हुए मारपीट कर धमकाया गया। पुलिस ने सोमवार की रात ही केस दर्ज किया था। संवाद

# दुकान में घुसे चोर, पुलिस को देखकर भागे

**बस्ती।** वाल्टरगंज पुलिस टीम की सक्रियता से चोरी की घटना को रोक लिया गया। लेकिन पुलिस टीम के पहुंचने से पहले चोर सामान छोड़कर भाग निकले। थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में अभी तक तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के दयालपुर निवासी उमेश चंद चौधरी पुत्र जगराम चौधरी की इसी थाना क्षेत्र के बक्सई चौराहे पर किराने की दुकान है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की देर रात छोटी बक्सई चौराहा स्थित उनकी किराने की दुकान में चोर घुस गए। संवाद

# दो लोगों से एक-एक लाख रुपये की ठगी कर चुका है गिरोह

**बस्ती।** गिरोह के सरगना अशोक मौर्या ने पुलिस को बताया कि इससे पहले वह गिरोह के लोगों के साथ दो लोगों से एक-एक लाख रुपये लेकर इस तरह की ठगी कर चुका है। उसके पास कोई नोट नहीं रहती थी। सिर्फ लोगों को झांसा देता था कि उसके पास असली जैसी दिखने वाली काफी संख्या में पांच-पांच सौ रुपये की जाली नोट है। जिससे असली डेढ़ लाख रुपये लेकर छह लाख रुपये देने का सौदा करता था। इसके बाद अपने बताए स्थान पर उसे नोट देने के लिए बुलाता था। नोट लेकर पहुंचने पर वह लोग पहले रुपये ले लेते थे।

# हादसे में महिला की मौत मामले में चालक पर रिपोर्ट

**बस्ती।** लुंबिनी-दुद्धी मार्ग पर कलवारी थाना क्षेत्र के धोबहट गांव के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

16 मार्च की शाम करीब पांच बजे रामदुलार अपनी पत्नी उर्मिला चौरसिया (45) निवासी जियापुर थाना इब्राहिमपुर जनपद अंबेडकरनगर को स्कूटी पर बैठा कर छावनी जा रहे थे। धोबहट गांव के पास उनकी स्कूटी का तेल खत्म हो गया।

वह स्कूटी सड़क के किनारे खड़ी करके पेट्रोल का प्रबंध करने के बारे में सोच रहे थे। उसी समय पीछे से आई चार पहिया अज्ञात वाहन की चपेट में आ गईं।

गंभीर रूप से घायल उर्मिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। जबकि रामदुलार बाल-बाल बच गए थे।

चौकी इंचार्ज माझा खुर्द पवन कुमार मौर्या ने बताया कि वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। संवाद

# प्राण घातक हमले के मामले में नौ लोगों की जमानत अर्जी खारिज

संवाद न्यूज एजेंसी

## दो परिवारों के बीच जमीन की रंजिश में हुई थी घटना

**बस्ती।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार श्रीवास्तव ने प्राणघातक चोट पहुंचाने के मामले में 3 महिलाओं सहित 9 लोगों की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। इस मामले में 7 लोगों को गंभीर चोटें आई थीं।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता परिपूर्णनंद पांडेय व एडीजीसी जय गोविंद सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता उपेंद्र नाथ दुबे ने न्यायालय में तर्क प्रस्तुत किया। कहा कि नगर थाना क्षेत्र के नगर खास गांव में दो परिवारों के बीच में जमीन की रंजिश थी।

मुकदमे के वादी मो. काशिम ने थाना नगर में तहरीर देकर कहा कि 19 जून 2022 को समय शाम 4 बजे बजे उसके पट्टीदार सकीना, मो. आलम, मो. नियाज, मो. अनस, साजू उर्फ कलाम, शबनम बानो, मो. सरफराज, यासमीन व ताहिर अली एक राय होकर पारिवारिक विवाद को लेकर गाली देते हुए लाठी डंडा लात मुक्का से मारने पीटने लगे।

बीच बचाने करने आई शिकायतकर्ता की बहन शाहिदा खातून, शमा खातून, मु.ख्सरा खातून, गुड़िया उर्फ शोएबा खातून को भी मारा पीटा। मुख्सरा खातून व सोयबा खातून की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

डॉक्टरों ने बताया कि मु.ख्सरा खातून को प्राणघातक चोट आई है। जबकि सोयबा खातून का दाहिना पैर फ्रैक्चर हो गया था। न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद सभी 9 आरोपितों की जमानत अर्जी निरस्त कर दी है

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-03-2023

# साधन सहकारी समिति चुनाव में आदर्श विजयी

**भवानीगंज (एसएनबी)।** साधन सहकारी समिति भानपुररानी में शनिवार को कड़े-सुरक्षा प्रबंधों के बीच प्रबंधक समिति संचालक मंडल का चुनाव सकुशल ढंग से संपन्न कराया गया। जिसमें 52 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जिसमें से प्रत्याशी आदर्श कुमार श्रीवास्तव को 39 मत तथा उनके प्रतिद्वंदी रामकरण को 12 मत मिले । ऐसे मे आदर्श श्रीवास्तव को विजयी घोषित किया गया,इस दौरान भवानीगंज थानाध्यक्ष नारायण सिंह अपने पुलिसकर्मियों की मौजूी में मतगणना स्थल पर मौजूद रहे और मतगणना को सकुशल संपन्न कराया गया। इस दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध दिखे।



# 200 बौद्ध भिक्षुओं के दल को दी विदाई

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बिस्कोहर।** सारनाथ से पैदल तीर्थ यात्रा पर निकला दक्षिण कोरिया के 200 बौद्ध भिक्षुओं का दल शनिवार को सुरक्षा के बीच बिस्कोहर स्थित जनपद सीमा के रास्ते बलरामपुर जनपद के लिए रवाना हुआ।

बौद्ध भिक्षुओं की सुरक्षा में पुलिस अधिकारी और मेडिकल टीम तैनात रही। इटवा तहसील क्षेत्र के जिगना माफी से रात ढ़ाई बजे निकला बौद्ध भिक्षुओं का दल सुबह साढ़े छह बजे पुलिस सुरक्षा के बीच बिस्कोहर स्थित जनपद सीमा पर पहुंचा। यहां पर त्रिलोकपुर थानाध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिंह, चौकी प्रभारी बिस्कोहर राकेश त्रिपाठी, जयहिंद, आशीष आदि ने फूलों की वर्षा करते हुए दल को जनपद सीमा से रवाना किया।



पदयात्रा में शामिल बौद्ध भिक्षु और बौद्ध तीर्थ यात्रियों पर पुष्प वर्षा करके जनपद से रवाना करती त्रिलोकपुर पुलिस टीम। संवाद

# चोरी के सामान के साथ पुलिस ने तीन को दबोचा

शोहरतगढ़। पुलिस ने शनिवार को चोरी के सामान के साथ तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों में शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के बेनीनगर निवासी मेराज, बसंतपुर निवासी विशाल गुप्त व शाहरुख शामिल हैं।

सीओ जयराम ने बताया कि 17 मार्च की रात बेनीनगर की एक दुकान में चोरों ने चोरी हुई थी। पुलिस तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले के खुलासे में लगी थी। शनिवार को दिन में एक बजे धंधरा पुल के पास से घटना में शामिल तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके पास से चोरी का 3020 रुपये नगद, रिंच, पेचकस, स्पेनर भी बरामद किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई अमित कुमार शाही, हेड कांस्टेबल कनिक लाल मल्ल, चन्द्रशेखर यादव, कांस्टेबल दुर्गेश कुमार शामिल रहे।

# समाधान दिवस : 39 में सिर्फ एक शिकायत का निस्तारण

## पीड़ितों का आरोप, लगातार चक्कर लगाने के बावजूद नहीं हो रहा समस्याओं का समाधान


**जासं, बांसी, सिद्धार्थनगर**: जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में बांसी तहसील परिसर में आयोजित समाधान दिवस में कुल 39 मामले आए। इसमें से सिर्फ एक मामले का निस्तारण हुआ। समाधान दिवस से 38 शिकायतकर्ता निराश लौटे। उनका आरोप था कि संपूर्ण समाधान दिवस रस्म अदायगी तक सीमित रह गया है। वह कई बार से समाधान दिवस का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उनके मामले का निस्तारण नहीं हो सका है। सुबह 11.15 बजे पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के साथ पहुंचे जिलाधिकारी को देख शिकायतकर्ताओं की कतार लग गई। बारी-बारी से अधिकारियों ने फरियाद सुनी और निस्तारण के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया। कुल 39 शिकायतें मिलीं, जिसमें से मात्र एक का ही त्वरित निस्तारण हो सका। समाधान दिवस में आने वाले सबसे 19 मामले सिर्फ राजस्व के रहे।



बांसी में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की शिकायत सुनते जिलाधिकारी संजीव रंजन ( मध्य में ) व उनके दाएं एसपी अमित कुमार आनंद ● जागरण

**एक मामले का भी नहीं हो सका निस्तारण**: इटवा में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 28 मामले आए। इसमें एक मामले का भी निस्तारण नहीं हो सका। संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी उमाशंकर, एसडीएम करमेंद्र, तहसीलदार धर्मवीर भारती, बीडीओ राजकुमार, सीडीपीओ इटवा प्रियंका व खुनियांव बलराम सिंह, सहायक विकास अधिकारी पंचायत जितेंद्र नाथ त्रिपाठी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**समाधान दिवस रहा फीका, दौड़ते मिले फरियादी**: डुमरियागंज, सरकार ने समस्या निस्तारण के लिए समाधान दिवस, थाना दिवस के साथ ही ग्राम चौपाल का आयोजन प्रारंभ कर शिकायतों के निस्तारण के लिए त्वरित निर्देश दिए हैं। लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण फरियादियों को चक्कर काटने से मुक्ति नहीं मिल पा रही। सुबह 12:00 बजे सीडीओ जयेन्द्र कुमार समाधान दिवस में शामिल होने के लिए पहुंचे। लेकिन अधिकांश विभागों के जिम्मेदार यहां नदारद मिले। जिसके कारण राजस्व को छोड अन्य किसी भी विभाग के मामले का निपटारा नहीं हो सका । समाधान दिवस में राजस्व के सिर्फ पांच मामलों का निस्तारण हो सका। समाधान दिवस में राजस्व के 21, पुलिस सात, विकास दो तथा अन्य विभाग के 10 मामले सहित कुल 40 मामले आए। बैदौला से आए अशोक अग्रहरि, महजिदिया के सफीक, भड़रिया के देवकली ने बताया कि उच्चाधिकारी के समाधान दिवस से यह उम्मीद रहती थी कि समस्या का त्वरित निदान हो जाएगा, लेकिन बार बार आने की बाद भी निदान नहीं हो पा रहा। एसडीएम कुणाल, तहसीलदार अरूण कुमार वर्मा, भनवापुर धनंजय सिंह, एडीओ पंचायत बृजेश गुप्ता, लेखपाल संघ अध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव, गंगोत्री पाण्डेय आदि मौजूद रहे।



गांव के कुछ दबंग हमारे झोपड़ी को बीते छह मार्च को गिरा दिए, इसकी शिकायत थाने पर किया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वह हमारे घर को गिरा कर रास्ता मांग रहे हैं, जबकि हमारा यह पुश्तैनी मकान है और बगल से रास्ता भी है। **सरोज देवी, पैड़ी खुर्द**



जमीन की पक्की पैमाइश के लिए तीन दिवस से शिकायत कर रहा, पर सुनवाई नहीं हो रही। पैमाइश न होने से हमारी जमीन में लगे पांच पेड़ों को विपक्षी कटवा ले गए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**राम बहादुर, डड़वा शुक्ल**



राशन कार्ड व वृद्धा पेंशन के लिए कई दिवस से शिकायत करता आ रहा हूं, पर अभी तक समाधान नहीं मिला और आज समाधान मिल जाएगा पर निराश ही मिली।

**राधेश्याम, तिलौली**



हमारे मकान में स्थित यूपी बडौदा बैंक मकान खाली नहीं कर रहा, जबकि करार के मुताबिक 2017 में ही अवधि पूरी हो गई। कई बार शिकायत किया पर समाधान नहीं हुआ।

**हनुमान अग्रहरि, पटेलनगर**

# बौद्ध भिक्षुओं पर बरसे स्वागत के फूल

बिस्कोहर, हिन्दुस्तान संवाद। इटवा के कोपखास गांव में धर्म सभा करके विश्राम करने के बाद शुक्रवार की रात ढाई बजे कोरियाई बौद्ध भिक्षुओं का दल अगले पड़ाव के लिए रवाना हुआ। जिगिना धाम से दोपेडउवा होते हुए बौद्ध भिक्षुओं का दल पदयात्रा करते शनिवार सुबह साढ़े छह बजे बिस्कोहर पहुंचा। यहां त्रिलोकपुर एसएचओ सूर्य प्रकाश सिंह, चौकी प्रभारी राकेश त्रिपाठी, जयहिंद आदि की अगुवाई में स्थानीय लोगों ने बौद्ध भिक्षुओं पर स्वागत के खूब फूल बरसाए। रास्ते भर लोगों के मिले स्नेह और प्यार से कोरियाई बौद्ध भिक्षु अभिभूत नजर आए। बौद्ध भिक्षुओं ने कहा कि हे प्रभु दुनियां में फिर से कभी कोराना जैसी महामारी न आए।



बिस्कोहर में पहुंचे कोरियाई बौद्ध भिक्षुओं का त्रिलोकपुर एसएचओ की अगुवाई में फूलों की बारिश कर स्वागत किया गया।

कोरियाई बौद्ध भिक्षुओं के साथ चल रहे द्विभाषीय मलकीत सिंह ने बताया कि बौद्ध भिक्षुओं का दल बलरामपुर जनपद के बिशुनपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय पर विश्राम करेगा। इसके बाद रात में श्रावस्ती के लिए प्रस्थान करेगा। उन्होंने बताया कि पदयात्रा में 108 बौद्ध भिक्षुओं के साथ 30 भारतीय व्यवस्थापक, विदेशी मीडिया व मेडिकल टीम चल रही है। सभी पदयात्रियों को कड़ी सुरक्षा के बीच रखा जा रहा है। बौद्ध भिक्षु इस पदयात्रा के जरिए भारत और दक्षिण कोरिया के आपसी राजनयिक संबंधों की स्थापना के 50 साल पूरे होने का उत्सव मना रहे हैं। त्रिलोकपुर एसएचओ ने बताया कि बौद्ध भिक्षुओं के दल को जिले की सीमा को पार कराकर बलरामपुर में प्रवेश करा दिया गया है।

# दिव्यांग छात्रा से विद्यालय में दुष्कर्म, पुलिस ने नकारा

## शिकायत करने थाना पहुंचे स्वजन व ग्रामीण

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर** : सदर थाना क्षेत्र के एक गांव के सरकारी स्कूल में एक दिव्यांग (मूक-बधिर) छात्रा से उसी के साथ पढ़ने वाले छात्र ने दुष्कर्म किया। घटना के बाद छात्रा ने इसकी जानकारी अपने घरवालों को दी। स्वजन जब इसकी शिकायत छात्र के घर वालों से किया तो दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। छात्रा के स्वजन ने इसकी तहरीर सदर थाने पर दी है। हालांकि पुलिस इसे मारपीट का मामला बता रही है। पुलिस का कहना है कि छानबीन करके उचित कार्रवाई की जाएगी।

छात्रा के स्वजन के मुताबिक उनकी बेटी विद्यालय में पढ़ने गई थी। शुक्रवार दोपहर में विद्यालय में एकांत देखकर छात्र उसे जबरन उसे रसोई कक्ष में ले गया और उसके साथ में दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि वह शिकायत लेकर जब छात्र घर पहुंचे तो वहां उसके घरवालों ने उन्हें मारापीटा भी।

**विद्यालय प्रशासन पर उठा सवाल** : इस घटना के बाद विद्यालय प्रशासन पर सवाल उठने लगा है कि आखिर विद्यालय प्रशासन घटना के समय क्या कर रहा था। विद्यालय के प्रधानाचार्य का कहना है कि शुक्रवार की दोपहर छात्रा पानी पीने के लिए गई थी। छात्र भी वहां पहुंच गया। वहां उसने उसके साथ छेड़खानी किया, लेकिन दुष्कर्म की बात पूरी तरह झूठी है। रसोई कक्ष ठीक उनके कमरे के सामने हैं। विद्यालय में अन्य शिक्षक व बच्चे भी मौजूद थे। ऐसे में दुष्कर्म का मामला संभव नहीं है। शनिवार को विद्यार्थियों के द्वारा मामला संज्ञान में आया तो उन्हें बुलाकर दंडित किया गया। उसके घर शिकायत भी की गई। वहां न जाने क्या हुआ कि दोनों पक्षों ने मारपीट कर लिया।

### ग्रामीणों ने की आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की मांग

दिव्यांग छात्रा के साथ इस घटना को लेकर गांव के लोग भी आक्रोशित हैं। पीड़िता की मां के साथ वह भी थाने पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस से मांग की कि मुकदमा दर्ज करके आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

यह मामला पूरी तरह से मारपीट का है। दुष्कर्म की बात झूठी है। दोनों पक्षों को थाने पर बुलाया गया है। मामले की जांच कर दोषी विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

**सतीश कुमार सिंह**, प्रभारी निरीक्षक सदर

# चोरी के मामले में नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार

शोहरतगढ़। शोहरतगढ़ पुलिस के हत्थे शनिवार को तीन शातिर चढ़ गए। पुलिस ने उन्हें शनिवार को थाना क्षेत्र के धंधरा गांव के पुल के पास से गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से नकदी और कुछ सामान बरामद किया है। पूछताछ के बाद दो लोगों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। जबकि एक नाबालिक होने के कारण बालसुधार गृह बस्ती भेज दिया है। सीओ शोहरतगढ़ जयराम ने बताया कि 16 मार्च को थाना क्षेत्र के बेनीनगर निवासी मीना खातून ने तहरीर देकर बताया कि मेरे घर में चोरों ने रात में चोरी कर समान व नगदी उठा ले गए है। मामले पुलिस मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही थी। शनिवार को पुलिस ने घेरा बंदी कर तीनों को दबोच लिया। इन्होंने अपना नाम मेराज निवासी बेनीनगर, विशाल निवासी बसंतपुर और एक नाबालिग है। संवाद

# त्योहार में बाधा पहुंचाने वालों पर होगी कार्रवाई: एसओ

**जासं, सिद्धार्थनगर:** मोहना थाना परिसर में शनिवार को शांति कमेटी की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी जीवन त्रिपाठी ने उपस्थित लोगों से कहा कि आगामी दिनों में श्रीरामनवमी, रमजान-ईद उल फितर हैं। ऐसे में सभी लोग शांतिपूर्वक तरीके से त्योहार मनाएं। इसमें किसी ने बाधा पहुंचाने की कोशिश किया तो उसके खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा। श्रीराम नवमी में मंदिरों पर पर्याप्त पुलिसबल की तैनाती की जाएगी।

थाना प्रभारी ने कहा कि त्योहार के दौरान किसी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस की मदद लें। किसी को भी अराजकता करते पाया जाएगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लोगों से अपील करते हुए कहा कि त्योहार को सकुशल व शांतिपूर्वक संपन्न कराने में पुलिस का सहयोग करें।

# माहौल बिगाड़ने वालों पर होगी कार्रवाई : थानाध्यक्ष

**सिद्धार्थनगर।** मोहाना थाना परिसर में शनिवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें श्रीरामनवमी, रमजान ईद उल फितर को आपसी भाईचारा के साथ पर्व को मनाने की अपील की गई। थानाध्यक्ष ने कहा कि अगर कोई माहौल को बिगाडने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा।

थानाध्यक्ष जीवन त्रिपाठी ने कहा कि त्योहार सभी का है। इसे मिलजुलकर मनाएं। इसमें किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। अगर कोई माहौल खराब करने की कोशिश करता है तो उसकी जानकारी दें।

**मोहाना थाने में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक**

उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कहा की पर्व खुशियों का होता है। इसे आपस में मिलकर मनाना चाहिए। उन्होंने क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधानों से कहा कि त्योहार को सकुशल संपन्न कराने में सहयोग करें।

अगर कहीं कोई परेशानी होती है तो तत्काल सूचना दें। पुलिस सहयोग और कार्रवाई के लिए हमेशा खड़ी है। उन्होंने लोगों से मिलकर त्योहार मनाने की अपील की। इस दौरान मोहाना क्षेत्र के अधिकांश ग्राम प्रधान व ग्रामीण मौजूद रहे। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-03-2023

# मारपीट में तीन के विरूद्ध केस

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के मड़पौना गांव में जमीनी विवाद को लेकर शुक्रवार को हुई मारपीट की घटना में पति-पत्नी समेत तीन लोग घायल हो गए हैं। घटना को लेकर घायल की तहरीर पर पुलिस ने शनिवार को एक ही परिवार के तीन हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घायल पति-पत्नी और उनके दामाद को पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी हैंसर बाजार भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मड़पौना गांव निवासी काली प्रसाद पुत्र रामसुभग नशे का आदी व्यक्ति है। पूर्व में काली प्रसाद को बहला-फुसलाकर गांव निवासी प्रेमनरायन पुत्र हरिद्वार ने उसका पैतृक घर और खेत की जमीन औने-पौने कीमत देकर बैनामा करा लिया। बैनामा होने की जानकारी मिलने पर काली प्रसाद की पत्नी बेबी ने बैनामे को रद्द करने के लिए दीवानी न्यायालय में मुकदमा दाखिल किया है जो विचाराधीन है। शुक्रवार को बैनामा हुए मकान पर कब्जे को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ और मारपीट भी हुई जिसमें काली प्रसाद समेत उसकी पत्नी बेबी देवी और दामाद विशाल पुत्र शैलेष मिश्र घायल हो गए। घटना को लेकर घायल काली प्रसाद की तहरीर पर पुलिस ने हमलावर प्रेमनरायन पुत्र हरिद्वार, प्रमोद पुत्र हरिद्वार तथा सुशील पुत्र प्रेमनरायन के विरूद्ध आईपीसी की धारा 323,504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह ने कहा कि जल्द ही नामजद आरोपियों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# भूमि विवाद की शिकायतों पर स्थलीय निरीक्षण करें : डीएम

संतकबीरनगर/मेंहदावल (एसएनबी)। खलीलाबाद तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। यहां जिलाधिकारी संदीप कुमार ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रकरणों/शिकायतों को अधिकारीगण संबंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जा कर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि के प्रति सरकार बेहद संवेदनशील है। इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही न किया जाय।

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन में भूमि विवाद/अतिक्रमण की शिकायतों पर राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए नियमानुसार निस्तारण किया जाय। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाय साथ ही जवाबदेह लोगों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाय। उन्होंने कहा कि प्रायः कुछ शिकायतकर्ता एक ही प्रकरण की शिकायत लेकर कई बार उपस्थित होकर यह कहते हैं कि उनकी शिकायत का निस्तारण नहीं हो रहा है अथवा उनको सुना नहीं गया है अथवा गुणवत्तापरक निस्तारण नहीं किया गया है जो अत्यन्त ही आपत्तिजनक है। जिलाधिकारी श्री कुमार ने कहा कि यदि कोई प्रकरण जटिल प्रति का तो उसका भी निस्तारण त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अन्दर करा दिया जाय। सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन के दौरान संत कुमार पुत्र हरिशंकर ग्राम पर्मपुरा तहसील खलीलाबाद द्वारा खतौनी में त्रुटि के संबंध में जिलाधिकारी को दिये गये प्रार्थना पत्र पर तत्काल कार्रवाई करते हुए आवेदक को खतौनी उपलब्ध कराई गयी। खलीलाबाद तहसील में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 66 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 05 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारित कर अवशेष 61 प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिया। कानून एवं व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने पुलिस अधिकारियों/थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्रवाई की जाय। यह सुनिश्चित किया जाय कि प्रत्येक दशा में पीड़ित को न्याय मिले। उन्होंने पुलिस अधिकारियों/थानाध्यक्षों को प्रत्येक प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकरणों को समय सीमा के अन्दर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिया। इसी क्रम में मेंहदावल तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने विभिन्न मामलों से संबंधित एक-एक कर फरियादियों के समस्याओं को सुनते हुए सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारी को मामले के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया। तहसील मेंहदावल में कुल 29 प्रार्थना पत्र आये जिसमें से मौके पर 02 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए अविलम्ब निस्तारण कराये जाने का निर्देश दिया गया।



फरियादियों की समस्याएं सुनते डीएम संदीप कुमार, साथ में एसपी सत्यजीत गुप्ता व अन्य अधिकारी व मेंहदावल तहसील दिवस में लोगों की समस्याओं को सुनते सीडीओ व एसडीएम। फोटो : एसएनबी

# हड़ताल से डगमगाई जिले की विद्युत व्यवस्था, डीएम ने किया निरीक्षण

संतकबीरनगर/बखिरा (एसएनबी)। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उ.प्र. के नेतृत्व में ऊर्जा निगमों के बिजली कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर, अभियंता और निविदा/संविदा कर्मियों के कार्य बहिष्कार का 72 घंटे के सांकेतिक हड़ताल करने के बाद से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों

**डीएम-एसपी ने विद्युत उपकेंद्रों का भ्रमण करके विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने को दिया निर्देश**

में विद्युत व्यवस्था डगमगा गई है। शनिवार को विद्युत उपकेन्द्र एवं संयत्रों पर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 132 केवी विद्युत उपकेन्द्र मेंहदावल व 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र बखिरा (डोहरा) का जिलाधिकारी संदीप कुमार व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान उपस्थित सब स्टेशन प्रभारियों को अपने क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था सुचारु रखने एवं किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न होने देने के संबंध में निर्देशित किया। साथ ही कहीं पर भी फाल्ट की शिकायत मिलने पर तत्काल कर्मचारियों को भेजकर फाल्ट सही कराने हेतु बताया गया। उन्होंने उपस्थित कर्मियों को विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रखने हेतु निर्देशित किया गया। जिससे कि जनसामान्य को कोई समस्या उत्पन्न ना हो।

**शीर्ष नेतृत्व के निर्णय पर होगा आगे का फैसला : सुनील प्रजापति**

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उ.प्र. के आह्वान पर अधिकारियों/कर्मचारियों का अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर धरना दिया और हड़ताल जारी है। समिति के सह संयोजक सुनील प्रजापति ने कहा कि बिजली कर्मियों का उद्देश्य हड़ताल कदापि नहीं है। हड़ताल उन पर थोपी जा रही है। शीर्ष नेतृत्व के निर्णय के बाद आगे का फैसला लिया जाएगा। यदि मांगें पूरी नहीं हुई तो आन्दोलन और वृहद होगा। समिति के पदाधिकारियों में अमित सिंह, पंकज कुमार, अरुण गुप्ता, प्रेम प्रकाश वर्मा, लक्ष्मण मिश्र, रविकांत, अवनीश कुमार, धनन्जय सिंह, भानुप्रताप, चंद्रभूषण, केचन प्रसाद, सन्नी देवल, प्रताप, राम करन, कैलाश यादव, इन्द्रेश गुप्ता, गुलाब यादव, अजय कुमार, बृजेश गुप्ता, अमरनाथ यादव, दिलीप सिंह, विभव रंजन, अमित सिंह, ओमहरी, राम तिलक, वीरेन्द्र सिंह, दिलशाद अहमद , सुनील प्रजापति, आशीष कन्नौजिया, धीरेन्द्र नाथ, नारायन चन्द्र चौरसिया, हिफ्जुर्रहमान अंसारी, अभय प्रताप, शैलेन्द्र यादव, विशाल आदि शामिल रहे।

**बिजली कर्मियों की मांगें पूरी की जाय : शिव कु. गुप्ता**

ट्रेड यूनियन कौंसिल के अध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता ने जारी किए प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि उत्तर प्रदेश का विद्युत कर्मचारी हड़ताल पर हैं। समान कार्य का समान वेतन की मांग को लेकर शांतिप्रिय ढंग से धरने पर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि जनपद महराजगंज की पुलिस ने एक लाइनमैन को जेल भेजा है। इसकी सर्वत्र निन्दा हो रही हैं। हड़ताली कर्मचारियों की मांग को पूरा किया जाय।




बखिरा क्षेत्र के एक सब स्टेशन का निरीक्षण करते डीएम संदीप कुमार, साथ में एसपी सत्यजीत गुप्ता तथा जिला मुख्यालय के अधीक्षण अभियंता कार्यालय खलीलाबाद पर धरने पर बैठे अधिकारी व कर्मचारी। फोटो : एसएनबी

# 9 एमएम पिस्टल के साथ आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** थाना कोतवाली खलीलाबाद में पत्रकारों से वार्ता करते हुए क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र ने बताया है कि । 9 एमएम के अवैध पिस्टल के साथ एक आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत न्यायालय/जेल रवाना किया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद सर्वेश कुमार राय के नेतृत्व में पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण/चेकिंग के दौरान 01 अदद अवैध पिस्टल 9 एमएम के साथ अभियुक्त मुकेश कुमार गुप्ता पुत्र रामअधार गुप्ता निवासी गोला बाजार थाना कोतवाली खलीलाबाद को सुगर मिल पार्क के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली खलीलाबाद में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई की गई।

# वाहन चालकों को किया जागरूक

**संतकबीरनगर।** यातायात पुलिस ने शनिवार को जांच के दौरान वाहन चालकों को नियमों की जानकारी देकर सड़क के आसपास से अतिक्रमण हटवाया। प्रभारी यातायात एसआई परमहंस यादव की टीम ने खलीलाबाद शहर के मेंहदावल बाईपास चौराहा पर चेकिंग के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।



मेंहदावल थाना परिसर में शनिवार को आयोजित डेंटल परीक्षण शिविर में चिकित्सक ने लोगों की जांच की। • हिन्दुस्तान

# डेंटल परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

संतकबीरनगर। जिले के मेंहदावल थाना परिसर में शनिवार को डेंटल परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार सिंह की उपस्थिति में थाना मेंहदावल परिसर में पुलिसकर्मियों व आमजनमानस के लिए नि:शुल्क जांच कराया गया। डॉक्टर हिमांशु शुक्ल शांति डेंटल हॉस्पिटल मेंहदावल की टीम ने समस्त पुलिस कर्मी, होमगाड्र्स एवं आम लोगों के दांत का इलाज किया।

# शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीएम

**तहसील दिवस**



खलीलाबाद तहसील में समाधान दिवस पर शिकायतों की सुनवाई करते डीएम व एसपी।

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जिलाधिकारी संदीप कुमार की अध्यक्षता में खलीलाबाद तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संदीप कुमार ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया। कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रकरणों, शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि के प्रति सरकार बेहद संवेदनशील हैं, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही न किया जाए। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन में भूमि विवाद/ अतिक्रमण की शिकायतों पर राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए नियमानुसार निस्तारण किया जाए। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाय साथ ही जवाबदेह लोगों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाय। उन्होंने कहा कि प्रायः कुछ शिकायतकर्ता एक ही प्रकरण की शिकायत लेकर कई बार उपस्थित होकर यह कहते है कि उनकी शिकायत का निस्तारण नहीं हो रहा है। उनको सुना नहीं गया है या गुणवत्तापरक निस्तारण नहीं किया गया है, जो अत्यन्त ही आपत्तिजनक है। डीएम ने इस संबंध में समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे जन शिकायतों का निस्तारण प्रत्येक दशा में निष्पक्षता, समयबद्धता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करें।

### मेहदावल में आए 29 मामले, धनघटा में 42

धनघटा तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कुल 41 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, इसमें से 07 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारित कर अवशेष 34 प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश अपर जिलाधिकारी ने दिए। मेहदावल तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार की अध्यक्षता में हुई।

# अवैध पिस्टल के साथ एक आरोपित को दबोचा

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने अवैध पिस्टल के साथ एक आरोपित को दबोचने में कामयाबी हासिल की। पुलिस ने उसे सुगर मिल पार्क के पास से गिरफ्तार किया। वह खलीलाबाद के गोलाबाजार का ही रहने वाला है।

- कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने की गिरफ्तारी
- गोलाबाजार क्षेत्र का है निवासी

अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे आपरेशन तमंचा अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने अवैध शस्त्र रखने के मामले में कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद सर्वेश कुमार राय के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र भ्रमण के दौरान चेकिंग कर रही थी। सुगर मिल पार्क के पास इसी दौरान 9 एमएम की एक अवैध पिस्टल के साथ एक युवक को पकड़ा। पूछताछ में आरोपित ने खुद को गोला बाजार निवासी मुकेश कुमार गुप्ता पुत्र रामअधार गुप्ता बताया। आरोपित अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली खलीलाबाद पर आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की। पुलिस ने उसे संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत कर जेल रवाना कर दिया।

# 69 वाहनों से वसूला शमन शुल्क

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान नियम तोड़ने वाले 69 वाहनों के चालकों से शमन शुल्क वसूल किया। यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 68 हजार 500 रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# बालिका को भगाने वाला वांछित दबोचा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले वांछित आरोपित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। विधिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया। थाना दुधारा पुलिस अपहरण, दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट समेत अन्य धारा के मामले मे वांछित आरोपित अभियुक्त रिजवान अहमद पुत्र जलीस निवासी बेला को दबोचा। उक्त आरोपित अभियुक्त वादिनी की नाबालिग पुत्री को पिछले वर्ष दिनांक 11 सितंबर को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। जिसके संबंध में वादिनी ने थाना स्थानीय पर तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कराया। थाना दुधारा पुलिस ने उक्त आरोपित अभियुक्त को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई करने के बाद संबंधित न्यायालय प्रस्तुत कर जेल रवाना कर दिया।

# शांतिभंग की आशंका में नौ का चालान

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने विभिन्न मामले में नौ आरोपितों को दबोचकर अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए शांति भंग की आशंका में चालान किया। कोतवाली खलीलाबाद ने चार, मेंहदावल एक और थाना बेलहरकला पुलिस ने चार को दबोचा।

# शिकायतों का जल्द करें निस्तारण




धनघटा तहसील सभागार में सुनवाई करते एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव और एएसपी संतोष कुमार सिंह • जागरण

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : जनपद के तीनों तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान लोगों की समस्या सुनी गईं। कुछ का निस्तारण कराया गया। कुछ समस्याओं के निस्तारण के लिए टीम गठित कर मौके पर पहुंचने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का समय से निस्तारण करें। फरियाद लेकर पहुंचे रहे पीड़ितों से हमदर्दी रखें।

खलीलाबाद में जिलाधिकारी संदीप कुमार व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने समस्याएं सुनी। डीएम ने कहा कि कोई भी फरियादी काफी आशा लेकर थाना व समाधान दिवस में पहुंचता है। उसकी आशा को निराशा में न बदलें। मौके पर पहुंचकर समस्याओं का निस्तारण करें। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं होने की दशा में अधिकारियों पर कार्रवाई की चेतावनी दी। एसपी ने पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि भूमि विवाद के मामलों में पुलिस प्रशासन के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासन के साथ भूमि विवाद का निस्तारण कराएं। कानून व्यवस्था को बिगड़ने से बचाना पुलिस की जिम्मेदारी है। मेंहदावल तहसील सभागार में मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार व एसडीएम योगेश्वर सिंह ने समस्या सुनी। इस दौरान 29 मामलों में दो मामलों का निस्तारण कराया। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का अधिकारियों को निर्देश दिया। इसी प्रकार धनघटा तहसील में अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव और अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने सुनवाई की।

# सिपाही से भिड़ा दुकानदार, नाइन एमएम की पिस्टल बरामद

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर :** शहर के गोलाबाजार में शुक्रवार की रात करीब नौ बजे अवैध पिस्टल रखने वाला दुकानदार एक सिपाही से भिड़ गया। इस दौरान दुकानदार और सिपाही में जमकर मारपीट हुई। घटना की जानकारी होने पर पुलिस टीम ने दुकानदार को धर दबोचा। उसके पास से नाइन एमएम की पिस्टल ब्रामद हुई।

आपरेशन तमंचा अभियान के दौरान पुलिसकर्मी को सूचना मिली कि गोलाबाजार के मुकेश कुमार गुप्ता रेडीमेड कपड़े का व्यापारी है, उसके पास एक अवैध पिस्टल है। इस पिस्टल के बारे में जानकारी होने के बाद पुलिसकर्मी सादी वर्दी में इस बारे में सुरागकसी करने के लिए आरोपित की दुकान पर पहुंचा। पूछताछ के दौरान दुकानदार व सिपाही आपस में भिड़ गए। दोनों के बीच गोलाबाजार में स्थित दुकान के सामने ही मारपीट होने लगी। इसी दौरान घटना के बारे में लोगों ने कोतवाली पुलिस को जानकारी दे दी। जानकारी मिलने के बाद कोतवाली प्रभारी सर्वेश राय के साथ पुलिस टीम मौके पर पहुंची तथा उसके घर को घेर लिया। आरोपित के घर की जांच की गयी तो उसके घर से नाइन एमएम की पिस्टल भी बरामद हुई। पुलिस ने आरोपित को शनिवार को जेल भेज दिया।



खलीलाबाद कोतवाली में आरोपित को पत्रकारों के सम्मुख प्रस्तुत करते सीओ अंशुमान मिश्र। ● जागरण

> शहर के गोलाबाजार के मुकेश कुमार गुप्ता को जांच के दौरान दबोचा गया। उसके पास एक नाइन एमएम की अवैध पिस्टल बरामद की गयी हैं। आरोपित को पुलिस ने जेल भेजा।
>
> **अंशुमान मिश्र**
>
> **पुलिस क्षेत्राधिकारी, खलीलाबाद**

# ज्वलनशील पदार्थ फेंकने के आरोप में युवक पर मुकदमा दर्ज

**जागरण संवाददाता संतकबीर नगर:** बखिरा थानाक्षेत्र के छपिया औवल गांव में घर के पीछे गई नाबालिग लड़की पर ज्वलनशील पदार्थ फेंके जाने का मामला सामने आया है। जिससे लड़की के सीने और पीठ पर फफोले पड़ गए। लड़की की तहरीर पर बखिरा पुलिस ने एक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

छपिया औवल गांव की रहने वाले अमेरिका ने बताया कि बीते शुक्रवार की रात करीब आठ बजे उनकी लड़की लाली उर्फ संजना किसी काम से घर के पीछे गई हुई थी। जंहा उसके घर के पीछे सरसो का खेत था जिसमें गांव का ही रहने वाला विपुल पाठक एक अज्ञात साथी के साथ बैठा हुआ था। लड़की के घर के पीछे जाने पर विपुल ने उसके ऊपर ज्वलनशील पदार्थ फेंक दिया। लड़की ने तहरीर दी है। बखिरा थाना प्रभारी श्याम मोहन ने बताया की तहरीर के आधार पर युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर किया गया है।

# छेड़छाड़ का आरोप, मुकदमा दर्ज

जासं, संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद के एक गांव की महिला से घर में घुसकर छेड़छाड़ व मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने पिता-पुत्र समेत पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़ित ने तहरीर देकर बताया कि शनिवार को भूमि विवाद को लेकर उनके गांव के ही इन्द्रदेव राय और उनके पुत्र सत्यप्रकाश राय, वेद प्रकाश राय, श्रीप्रकाश और प्रवीन राय लाठी डंडा लेकर उसके घर में घुसकर उसकी पत्नी से छेड़खानी करने लगे। विरोध करने पर उन्हें और पत्नी को पीटकर घायल कर दिया। कोतवाली प्रभारी सर्वेश राय ने बताया कि आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया है।

# मनबढ़ों ने घर में घुसकर पीटा

**जासं, संतकबीर नगर** : खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मनबढ़ों ने घर में घुसकर भाई, बहन और मां को पीटा। पुलिस ने इस मामले में आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया है। गुलरिहा गांव के संदीप शर्मा ने तहरीर में लिखा है कि शनिवार की दोपहर दो बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही रवि और बबलू दो अज्ञात साथियों के साथ उसके घर में घुसकर गाली देने लगे। जब उसने गाली देने से मना किया तो आरोपितों ने लाठी-डंडे से पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर बीच बचाव करने पहुंची उसकी बहन व मां को भी मनबढ़ों ने पीटा। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी सर्वेश राय ने कहा कि आरोपितों पर मामला दर्ज किया गया है।

# साहब ! काम नहीं मिला, निकाल ली गई मजदूरी

## संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों का छलका दर्ज, बोले-कई बार से आ रहा हूं, नहीं हो रहा समस्या का हल

अमर उजाला लाइव

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। शनिवार को खलीलाबाद तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान में डीएम और एसपी ने लोगों की फरियाद सुनी। मोहिउद्दीनपुर के एक फरियादी ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि वह बीमार है और मनरेगा में काम नहीं किया है, लेकिन उसे फर्जी तरीके से काम करना दर्शाकर उसके नाम से फर्जी खाता खोल कर मजदूरी की रकम निकाल ली गई है। डीएम ने प्रकरण की जांच डीसी मनरेगा को दो दिन में जांच करके रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

विकास खंड खलीलाबाद के मोहिउद्दीनपुर के रहने वाले राम दरश संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे। खुद के बीमार होने के प्रमाण के तौर पर पट्टी बंधे पैर को दिखाया। उन्होंने बताया कि मनरेगा में काम नहीं किया है। इसके बावजूद उनके नाम से बैंक में फर्जी खाता खोल दिया गया।

16 दिन काम करना दर्शाकर मजदूरी की रकम खाते में भेजी गई और फिर फर्जी हस्ताक्षर कराकर मजदूरी की रकम को निकाल ली गई। पूर्व में भी छह मार्च को भी डीएम से इसकी शिकायत की थी।



खलीलाबाद तहसील में पंजीकरण कराते फरियादी। संवाद

### डीपीआरओ-समाज कल्याण अधिकारी समेत कई रहे अनुपस्थित

खलीलाबाद में डीपीआरओ, समाज कल्याण अधिकारी, एक्सईएन आरईडी, एक्सईएन विद्युत, चकबंदी अधिकारी चकबंदी और जिला आबकारी अधिकारी अनुपस्थित रहे। डीएम संदीप कुमार ने कहा कि इन विभागों से कोई प्रतिस्थानी अधिकारी और कर्मचारी नहीं आए। अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण लिया जाएगा।



धनघटा तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्या सुनते एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव। संवाद

## पड़ोसी कर रहे मारपीट, नहीं सुन रही पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

मेंहदावल। सीडीओ संत कुमार और एसडीएम योगेश्वर सिंह ने मेंहदावल में फरियादियों की समस्याएं सुनीं। नंदौर निवासी संदीला पत्नी स्वर्गीय आसाराम पहुंची और समस्या बताया।

आरोप है कि पड़ोसी उसे और परिवार के लोगों को मारपीट रहे हैं, लेकिन बखिरा पुलिस नहीं सुन रही है। सीडीओ ने बखिरा पुलिस को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



मेंहदावल तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्या सुनते सीडीओ संत कुमार। संवाद

यहां कुल 29 मामले आए और सिर्फ दो मामलों का मौके पर निस्तारण हो पाया। शेष मामलों को संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की हिदायत के साथ सौंप दिया गया।

डीएम संदीप कुमार ने मामले की जांच डीसी मनरेगा प्रभात द्विवेदी को सौंपी और दो दिन के अंदर रिपोर्ट मांगी है। सेमरियावां क्षेत्र के अहिरौली गांव के केसर प्रसाद का आरोप है कि मां के नाम से राशन कार्ड बना था। मां की जगह वह अपना नाम दर्ज कराने के लिए एक साल से परेशान है। तीन बार संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज करा चुका है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

इसी गांव के रहने वाले राम प्रसाद का आरोप है कि राशन कार्ड में उनकी पत्नी का नाम दर्ज नहीं हो पा रहा है। शिकायत करने पर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। डीएम ने समस्या के समाधान का भरोसा दिया। यहां कुल 67 मामले आए और पांच का मौके पर निस्तारण हो पाया। इस दौरान एसपी सत्यजीत गुप्ता, सीएमओ डॉक्टर अनिरुद्ध सिंह, डीएफओ आदि मौजूद रहे।

### धनघटा तहसील में आए फरियादी बोले-बार बार कर रहे शिकायत, नहीं हो रही सुनवाई,

धनघटा। एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव और एएसपी संतोष कुमार सिंह ने धनघटा तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की फरियाद सुनी। फरियाद करने आए डेकरा गांव निवासी संतराम का कहना था कि वर्ष 1999 में उन्हें आवासीय पट्टा के रूप में जमीन मिली हुई थी। उस जमीन पर गांव के एक व्यक्ति ने जबरन कब्जा कर रखा है। अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर 15 से 20 बार संपूर्ण समाधान दिवस समाधान दिवस में फरियाद कर चुके हैं, लेकिन जमीन को अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया जा सका। बेड़उवा गांव निवासी कृष्ण मोहन, आनंद स्वरूप, विजय राय, केसरी नंदन का कहना था कि उनके गांव के सार्वजनिक रास्ते को गांव के दबंगों ने अवरुद्ध कर दिया है। रास्ते को खुलवाने की मांग को लेकर थाने से लेकर तहसील तक फरियाद की जा रही है, लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही है। यहां कुल 38 मामले आए और सिर्फ सात मामले का निस्तारण हो पाया। संवाद

# फरार आरोपी के घर की होगी कुर्की

संतकबीरनगर। डेढ़ साल पूर्व ऑपरेशन के दौरान गर्भवती की हुई मौत के मामले में फरार चल रहे आरोपी पार्टनर के घर की कुर्की की कार्रवाई पुलिस ने शुरु कर दी है। गौंसपुर चौकी इंचार्ज सत्येंद्र यादव ने बताया कि मेंहदावल बाईपास के पास वर्ष 2021 में ओम हॉस्टिपल नाम से अवैध रूप से अस्पताल संचालित किया जा रहा था। इस अस्पताल में बूधा कला की रहने वाली सुनीता को डिलेवरी कराने परिजन ले गए थे। ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत हो गई थी। पीड़ित पति ने अस्पताल संचालक धीरज कुमार उपाध्याय समेत पांच आरोपियों के खिलाफ जालसाजी और गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कराया था। इस मामले में आरोपी संचालक समेत चार लोगों ने कोर्ट में हाजिर हुए। संवाद

# रकम लेकर बैनामा नहीं करने के आरोप में दो पर दर्ज होगा केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** सीजेएम हरिकेश कुमार ने रकम लेकर जमीन का बैनामा नहीं करने के आरोप में दो लोगों पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश कोतवाली पुलिस को दिया है। कोर्ट ने पुलिस से अविलंब आख्या प्रस्तुत करने को कहा है।

अधिवक्ता जयशंकर प्रसाद ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के उतरावल की रहने वाली 58 वर्षीय कोइली देवी पत्नी चतुर्भुजी नाथ राय ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उसे आवास के लिए जमीन की आवश्यकता थी।

उन्होंने इसके लि सुधीर तिवारी से बातचीत की। सुधीर तिवारी ने जमीन खरीदने व बेचने का काम

## सीजेएम कोर्ट ने कोतवाली पुलिस को दिया आदेश

करने की जानकारी दी। उसके पति सुधीर तिवारी के साथ सुमन जैन पत्नी आनंद जैन निवासी बंजरिया की बातों पर विश्वास किया। सुमन जैन जमीन बेचने को तैयार हो गईं। 111.52 वर्ग मीटर जमीन की कीमत कुल 26,00000 रुपये तय हुआ।

तय रकम में से सुमन जैन के खाते में 21 से 27 दिसंबर 2021 को कुल 17 लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर किया। सुधीर तिवारी के खाते और नकदी मिलाकर कुल 9.5 लाख रुपये दिया। 27 दिसंबर 2021 को बैनामा रजिस्ट्री कराने के लिए सुमन जैन ने कहा। उसके बाद से 77,000 रुपये का स्टांप पेपर खरीदा गया। बैनामा का अभिलेख लिखा गया। आरोप है कि जमीन की कीमत अधिक मिलने की बात बताते हुए सुमन जैन ने रजिस्ट्री करने से इन्कार कर दिया।

28 दिसंबर 2021 को सुमन जैन ने 17 लाख रुपये उसके खाते में वापस कर दिया, जबकि सुधीर तिवारी ने लिया 9.5 लाख रुपये अब तक वापस नहीं किए।

मांगने पर वह रकम नहीं लौटा रहे हैं। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई नहीं की तो मजबूरन कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। कोर्ट ने सुधीर तिवारी और सुमन जैन के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश कोतवाली पुलिस को दिया है।

# पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** कोतवाली पुलिस ने शनिवार को शुगर मिल पार्क के पास से एक युवक को पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपी की पहचान मुकेश कुमार गुप्ता निवासी गोला बाजार खलीलाबाद के रूप में हुई। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से नाइन एमएम की पिस्टल बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। संवाद

# बखिरा क्षेत्र में तत्काल बहाल कराएं आपूर्ति : डीएम



**शनिवार को ढोढ़या स्थित बखिरा फीडर पर पहुंचकर एक्सईएन से बिजली आपूर्ति के बारे में जानकारी लेते डीएम और एसपी।** संवाद

**बखिरा।** बिजली कर्मियों की हड़ताल के बीच शनिवार को ढोढया स्थित बखिरा उपकेंद्र पर पहुंचकर डीएम संदीप कुमार व एसपी सत्यजीत गुप्ता ने प्रभावित क्षेत्र की जानकारी ली। अधिशासी अधिकारी सरोज कुमार से बिजली बहाल करने के निर्देश दिए। एक्सईएन सरोज कुमार ने बताया कि हड़ताल पर जाने से पूर्व कर्मियों ने दर्जनों स्थानों पर 33/11 केवीए के तारों पर लूपिंग करके पूरी लाइन को बाधित कर दिया था। बिजली आपूर्ति के लिए प्राइवेट कर्मियों की मदद से लूपिंग को हटवा कर लाइन चालू किया जा रहा है। अब तक 15 गांवों व बखिरा नगर पंचायत क्षेत्र की लाइन बहाल कर दी गई है। देर शाम तक उम्मीद है कि उपकेंद्र से जुड़े तमाम इलाकों की लाइनों को चालू करके बिजली आपूर्ति बहाल करा दी जाएगी। डीएम संदीप कुमार ने एक्सईएन सरोज कुमार को सख्ती से निर्देश देते हुए कहा कि शाम तक बखिरा उपकेंद्र से जुड़े सभी गांवों की आपूर्ति बहाल होनी चाहिए। डीएम ने कहा कि लापरवाह संविदा कर्मियों की सेवा समाप्ति की जाएगी। डीएम ने कई संविदाकर्मियों का नाम नोट करके सभी के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। संवाद

# यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

संतकबीरनगर। यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस ने शनिवार को अभियान चलाया।

एसपी सत्यजीत गुप्ता के निर्देश पर यातायात प्रभारी परमहंश ने मेंहदावल बाईपास चौराहे पर दो पहिया और चार पहिया वाहन चालकों को यातायात के नियमों के बारे में बताया।

सड़क को जाम से मुक्त करने के लिए मेहदावल बाईपास पर सड़क की पटरियों से अतिक्रमण भी हटाने के साथ ही भविष्य में अतिक्रमण ना करने की सख्त हिदायत दी। संवाद

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-03-2023

# उत्पीड़न व तलाक का केस दर्ज

गोण्डा। दहेज को लेकर विवाहिता का उत्पीड़न व तीन तलाक देने के मामले में पति सहित तीन ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। शहर की न्यू मेवातियांन कालोनी निवासी नबीला फातिमा ने नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि उसकी शादी करीब सात वर्ष पूर्व जिला बस्ती के नई बाजार खेसुआ निवासी मुस्तकीम के साथ हुई थी। आरोप है कि दहेज न मिलने को लेकर ससुरालीजन ताना मारने लगे। बाइक व नकदी की मांग को लेकर ससुरालियों ने उसका उत्पीड़न किया।

# किशोरी को अगवा करने का आरोपी गिरफ्तार हुआ

धानेपुर। धानेपुर थाना क्षेत्र की एक गांव की रहने वाली एक किशोरी को अगवा करने वाले गैर जनपद निवासी आरोपी युवक को धानेपुर पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है और उसका चालान भेजा है ।

थानाध्यक्ष ब्रह्मानंद सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक लड़की को खीरी लखीमपुर का रहने वाला एक युवक भगा ले गया था । आरोपी लखीमपुर खीरी जिले के निघासन थाना क्षेत्र के दुबहा गांव का रहने वाला है जिसका नाम प्रदीप कुमार है । उसे पकड़ लिया गया है। उसके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

## दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

नवाबगंज। थानाक्षेत्र के नकहरा गांव के दो लोगो के विरुद्ध चारागाह के भूमि पर अवैध कब्जे का मुकदमा गांव के लेखपाल के तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया है। गांव के श्री नारायण और देव नारायन पुत्र गण शीतला प्रसाद पर आरोप है की राजस्व टीम और पुलिस द्वारा बीते जनवरी माह में चारागाह को अवैध कब्जे से मुक्त करा दिया गया था पर दोनो आरोपियों ने दोबारा उक्त जमीन पर कब्जा कर लिया गया था।

# चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

रुपईडीह। पुलिस ने रविवार को प्रदीप कुमार के शिकायती पत्र पर चार लोगों के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। कौडिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पैडीबरा के मजरा मुन्ना पुरवा के निवासी प्रदीप कुमार ने पुलिस को एक शिकायती पत्र देकर लाला पुरवा के अतीक उल्लाह उर्फ खरमाने, पप्पू ,बाबू अहमद व शकील अहमद पर एक पशु पर क्रूरता करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने सभी के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

# उधार मांगने पर पीटा, मुकदमा दर्ज

रुपईडीह। शनिवार को बकाया पैसा मांगने पर गांव के ही कुछ लोगों के विरुद्ध मारने पीटने की शिकायत रामकृपाल ने पुलिस से की है । कौडिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत छिरास निवासी रामकृपाल का आरोप है कि गांव के ही एक व्यक्ति को कुछ पैसा उधार दिया था। मांगने पर दबंगों ने अपशब्द कहते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष कौडिया विद्यासागर पांडेय ने बताया कि रामकृपाल के शिकायती पत्र पर चार लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज किया है।

बिजली कर्मियों के कार्य बहिष्कार के चलते जिले के अधिकांश क्षेत्रों बत्ती गुल रही, मोबाइल सेवाएं भी ध्वस्त रहीं

# हड़ताल से हाहाकार मचा, अंधेरे में लाखों लोग

अंधेरे में डूबा शहर

गोण्डा, संवाददाता। बिजली कर्मियों की हड़ताल से अधिकांश क्षेत्रों की मोबाइल सेवाएं ध्वस्त हो गई है। जिससे लोगों का अपनों से भी संपर्क कट गया है। रात अंधेरे में काटनी पड़ रही है। बीते तीन दिनों से बिजली गुल होने से ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों की स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ा है। चिकित्सकों का कहना है कि जांच मशीनें काम नहीं कर रही है। वहीं बिजली कटौती होने से कई जीवन रक्षक दवाइयों के खराब हो जाने की संभावना बनी हुई है। विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर हड़ताल के तीसरे दिन स्थितियां और बिगड़ी हैं। बताते हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली न होने से मोबाइल कंपनियों के टावर काम करना बंद कर दिए हैं।

अब तक जिले के 42 में से दो दर्जन से अधिक उपकेन्द्र बंद हो चुके हैं। जिससे लाखों की आबादी प्रभावित है और लोगों को तरह-तरह की दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। वहीं विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वैकल्पिक व्यवस्था से उपकेन्द्रों और फीडरों को चालू कराया जा रहा है। शुक्रवार शाम को मुख्यालय के अलावा नवाबगंज सभी फीडरों पर आपूर्ति चालू कराई गई। वहीं रघुराजनगर टिकरी व मोहनपुर अभी तकनीकी फाल्ट में है। मुख्यालय के सभी ग्रामीण फीडर बंद हैं। तरबगंज ढोढ़ेपुर उपकेन्द्र में बिजली गुल होने से तहसील, सीएचसी, ब्लॉक, थाना सभी जगह दिक्कतें बनी हुई हैं। इससे दैनिक कार्यों के अलावा अस्पताल के मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विभिन्न कार्यालयों के इनवर्टर भी बंद पड़े हैं। वहीं इटियाथोक उपकेन्द्र में ताला लगा दिए जाने के बाद एसडीएम कुलदीप सिंह व सीओ शिल्पी वर्मा के प्रयासों के बावजूद भी आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। कटरा बाजार उपकेंद्र, पहाड़पुर व दुबहा बाजार पावर हाउस बंद पड़ा है। खोरहंसा उपकेंद्र के चार फीडरों सिसवरिया, गोविन्द पारा, खोरहंसा और खिराभा में आपूर्ति ठप हैं। खोरहंसा, जमुनिया बाग सहित कस्बे के अन्य हिस्सों के व्यापारियों, बुजुर्गों, छात्रों व मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खरगूपुर उपकेंद्र पर पुलिस का पहरा है। उपनिरीक्षक किशोर पासवान ने बताया कि उनको सुरक्षा के लिए लगाया गया है। लेखपाल की ड्यूटी लगाई गई है। बताया कि उन्हें कोई तकनीकी जानकारी नहीं है।

आर्यनगर उपकेन्द्र प्रभावित है। आपूर्ति न होने से छात्रों की पढ़ाई पर असर पर रहा है और लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। लोगों का कहना है कि मिट्टी के तेल न होना खल रहा है। विद्यानगर मोतीगंज की आपूर्ति बीते 24 घंटे से बंद पड़ी है। इसी के साथ कस्बों से मोबाइल नेटवर्क भी गायब हैं।

**देवीपाटन में एक और चीफ आए:** बिजली कर्मियों की हड़ताल से निपटने के लिए देवीपाटन जोन में मध्यांचल की ओर से एक सेवानिवृत मुख्य अभियंता विपिन जैन को सहयोग के लिए तैनाती दी गई है। वे मुख्य अभियंता दीपक अग्रवाल का यहां सहयोग करेंगे। मुख्य अभियंता जैन ने आकर मुख्य अभियंता से विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की है।



शनिवार को झंझरी उपकेंद्र पर तैनात पुलिसकर्मी।



शनिवार को चीफ इंजीनियर कार्यालय के सामने धरना देते बिजली कर्मचारी।



बालपुर में जेनरेटर से मोबाइल चार्ज किए

## 20 संविदा कर्मी बर्खास्त, नौ अभियंताओं पर कार्रवाई

गोण्डा। पावर कार्पोरेशन ने हड़ताल से निपटने के लिए शनिवार को बड़ी कार्रवाई की है। इसमें 20 संविदा कर्मियों को बर्खास्त कर दिया गया और एक एक्सईएन समेत नौ अभियंताओं के निलंबन की कार्रवाई शुरु कर दी गई है जबकि दो प्राविधिक कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

कार्पोरेशन के मुख्य अभियंता दीपक अग्रवाल ने बताया कि 20 संविदा कर्मियों को बर्खास्त कर दिया गया है। संबंधित सेवा प्रदाता कंपनियों को उनकी जगह नए कर्मियों की भर्ती करने के भी निर्देश दिए गए है। वहीं नवाबगंज के एक्सईएन समेत गोण्डा व श्रावस्ती के उपखंड अधिकारी के निलंबन की संस्तुति की गई है। इसके अलावा गोण्डा के एक और श्रावस्ती के दो अवर अभियंताओं को भी निलंबित कर दिया गया है। वहीं गोण्डा और करनैलगंज उपकेन्द्रों के दो प्राविधिक कर्मचारियों के विरुद्ध निलंबन कार्रवाई की जा रही है।

## उपकेन्द्रों पर लेखपालों की ड्यूटी हटाने की मांग

गोण्डा। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने डीएम को पत्र भेजकर बिजली उपकेन्द्रों पर ड्यूटी में लगाए गए लेखपालों को हटाने की मांग की है। पत्र में संघ के अध्यक्ष राम बहादुर पांडेय ने बताया कि उपकेन्द्रों पर लेखपाल संवर्ग की ड्यूटी केन्द्रों के संचालन में लगाई गई है और उपकेन्द्रों का चार्ज लेने के लिए दबाव डाला जा रहा है जो कि गलत है।

## हड़ताल के समर्थन में अन्य संगठन भी

गोण्डा, संवाददाता। उर्जा प्रबंधन पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए बिजली कर्मियों ने सांकेतिक हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रखी और धरना दिया। मुख्य अभियंता कार्यालय के सामने शनिवार को अभियंताओं-कर्मियों के आंदोलन में सीटू समेत अन्य संगठन भी साथ आ आए। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर ऊर्जा निगमों के सभी बिजली कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर, सहायक अभियन्ता, प्राविधिक कर्मचारी और निविदा व संविदा कर्मी भी शामिल है। राष्ट्रीय समन्वय समिति नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रीसिटी इम्प्लॉईज एण्ड इंजीनियर्स (एनसीसीओईईई) ने भी अपना समर्थन दिया है। इस दौरान संदीप यादव व संचालन नीरज तिवारी व सतीश गुप्ता कौशलेन्द्र पांडेय, दिलीप शुक्ला, विकास यादव, नवनीत सिंह, विकास शर्मा, सुभाष चन्द मौजूद थे।

# जानलेवा हमले में दो को सात वर्ष का कारावास

**संसू, गोंडा :** जानलेवा हमले के मामले में पंचम अपर सत्र न्यायाधीश मोहम्मद नियाज अहमद अंसारी ने शिवभगवान निवासी हेमराज शुक्लपुरवा कोतवाली देहात व राजकुमार निवासी पोर्टरगंज पथवलिया कोतवाली नगर को सात- सात वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक को दस- दस हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अविनाशधर द्विवेदी ने बताया कि 9 फरवरी 2011 को राजकुमार ग्राम हेमराज शुक्लपुरवा में रिश्तेदार के यहां गया था। बंदूक से गोली चलने से चार लोग घायल हुए थे।

# जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही की तो होगी कार्रवाई

**जागरण टीम, गोंडा :** जिले के चारों तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने जनशिकायतों का निस्तारण समय से कराने के निर्देश दिए। लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

तरबगंज : डीएम डा. उज्ज्वल कुमार ने तहसील सभागार में जनशिकायतों की सुनवाई की। महादेवा के राज मौर्य ने बताया कि उनकी किडनी खराब है और उसका नाम खतौनी में नाबालिग दर्ज है। जबकि, वह बालिग हो गया है। डीएम ने खतौनी ठीक कराकर उपलब्ध कराई। यहां 81 शिकायतें आईं, इसमें से चार का मौके पर निस्तारण किया गया। कर्नलगंज में मुख्य राजस्व अधिकारी जयनाथ यादव ने जनशिकायतों की सुनवाई की। मनकापुर में सीडीओ एम. अरून्मोली ने सुनवाई की। यहां 135 शिकायतें आईं, इसमें से तीन का निस्तारण कर दिया गया।

# मानस पाठ के दौरान पथराव करने वालों पर हो कार्रवाई

**संवादसूत्र, परसपुर (गोंडा) :** गोस्वामी तुलसीदास मंदिर पर हो रहे अखंड रामचरितमानस पाठ में पथराव करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई व सुरक्षा को लेकर पुलिस की तैनाती करने की मांग तुलसी जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष स्वामी भगवदाचार्य ने किया है। वह इसे लेकर एसपी आकाश तोमर व डीएम डा.उज्ज्वल कुमार से मिले। पुलिस की कार्यशैली की जानकारी भी दी।

प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने कहा कि मंदिर व अखंड रामायण पाठ पढ़ने वालों की सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात कर दी गई है। गत बुधवार की रात तुलसीदास मंदिर राजापुर में अखंड रामचरित मानस पाठ पढ़ने वालों पर असमाजिक तत्वों ने पथराव कर दिया था। डायल 112 टीम की मौजूदगी में भी पथराव होता रहा।

देवेश उर्फ राहुल की तहरीर पर चार आरोपितों पर पुलिस ने मुकदमा लिखा गया था। भगवदाचार्य ने कहा कि पुलिस आरोपितों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। इससे वह लोग धार्मिक कार्य न होने देने की धमकी दे रहे हैं।

# मारपीट में चार पर मुकदमा

**संसू, मनकापुर)** : मछली गांव मजरा दर्शन पुरवा के हरिश्चंद्र ने तहरीर में कहा कि भू विवाद में गांव के किशन, पवन और दोनों की पत्नी ने लाठी-डंडा व धारदार हथियार से हमला कर दिया। इसमें उसकी पत्नी सुशीला व पुत्री पिंकी देवी घायल हो गई। प्रभारी निरीक्षक चितवन कुमार ने कहा कि दो महिलाओं समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा किया गया है।

# अपहरण का आरोपित दबोचा

**मेहनौन :** थानाध्यक्ष ब्रह्मानंद सिंह ने कहा कि एक गांव की किशोरी का लखीमपुर के युवक ने अपहरण कर लिया था। आरोपित संतोष यादव निवासी निघासन दुबहा जिला लखीमपुर को गिरफ्तार कर लिया गया है। कहा कि किशोरी को पूर्व में ही बरामद कर लिया गया है। (संसू.)

# लेन-देन के विवाद में ग्रामीण को लाठी-डंडे से पीटा

**आर्यनगर :** रुपयों के लेनदेन को लेकर छिरास रानीपुरवा गांव के रामकृपाल को कुछ लोगों ने लाठी-डंडों से पीटकर जख्मी कर दिया। उन्होंने गांव के ही राजेश कुमार सहित चार लोगों पर मुकदमा किया है। कौड़िया थानाध्यक्ष विद्यासागर पांडेय ने बताया कि आरोपितों की तलाश की जा रही है। (संसू)

# हत्या और जानलेवा हमले में छह आरोपी दोष सिद्ध

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। कोर्ट ने 13 साल पुराने मामले में आरोपी छह अभियुक्तों को मारपीट, हत्या और जानलेवा हमले का दोषी करार देते हुए सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 21 मार्च की तारीख तय कर दी है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी घनश्याम पांडेय ने बताया कि करनैलगंज के चौड़िहनपुरवा निवासी इकबाल बहादुर ने कोतवाली में प्रार्थनापत्र देकर कहा कि गांव के रामू मिश्रा आदि से उसका जमीन का मुकदमा चल रहा है।

सात अप्रैल 2010 को शाम 7 बजे वह पेड़ काटने के लिए मजदूर कहने जा रहा था तो उसकी हत्या के उद्देश्य से गाड़ा बंदी किए रामू मिश्रा, श्यामू, सूर्यकांत व कमलाकांत, सूर्यमणि व अश्वनी कुमार ने हमला कर दिया।

रामू मिश्रा ने गोली मार दी। शोर पर बचाने आए सर्वेश को सूर्यकांत और अवधराज को भी श्यामू ने गोली मार दी। रामू मिश्रा, श्यामू, सूर्यकांत व कमलाकांत ने फरसे व लाठी से पीटकर उदयभान को गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना की और हत्या व जानलेवा हमले का पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।

मुकदमे की सुनवाई के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ डॉ. अनामिका चौहान ने अभियोजन वादी समेत 10 गवाहों के बयान, अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष की दलील के आधार पर आरोपी अभियुक्त रामू मिश्रा, श्यामू, सूर्यकांत व कमलाकांत को हत्या व जानलेवा हमले जबकि सूर्यमणि और अश्वनी कुमार को हमले का दोषी ठहराया है। मामले में सजा के बिंदु पर सुनवाई 21 मार्च 2023 को होगी।

## अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

मुजेहना (गोंडा)। थाना क्षेत्र धानेपुर अंतर्गत धानेपुर दतौली मार्ग पर आनंद नगर चौराहे पर पुलिस ने किशोरी का अपहरण करने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थानाध्यक्ष ब्रह्मानंद सिंह ने बताया कि आरोपी प्रदीप कुमार निवासी दुबहा थाना नियासन जनपद लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है। संवाद

# छेड़खानी में चार नामजद

**इटियाथोक (गोंडा)।** छेड़छाड़ के आरोप में चार युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने ग्राम नंदलालपुरवा बेलवा शुक्ल निवासी लल्लू शुक्ला, विजय, जाकिर व मासूक के खिलाफ तहरीर दी। आरोप है कि इन लोगों ने घर नहीं बनाने की धमकी दी। आरोपियों ने छेड़खानी कर कपड़े फाड़ दिए। इसके अलावा विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारा-पीटा। संवाद

**पिटाई में चार लोग नामजद : रुपईडीह (गोंडा)।** कौड़िया क्षेत्र के ग्राम पंचायत छिरास निवासी रामकृपाल ने पुलिस को तहरीर दी। कहा कि गांव के राजेश ने पैसा उधार लिया था। शनिवार को दबंगों ने हमला कर दिया। पुलिस ने राजेश कुमार, अनिल ,सुधीर व रामेश्वर के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

# मारपीट में चार पर केस

इटियाथोक (गोंडा)। मारपीट के आरोप में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। ग्राम भटपुरवा पुरे मुसद्दी के राकेश वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि गांव के ही सहजराम, बच्चाराम, राम बाबू व गुड्डू ने अभद्रता करते हुए मारा-पीटा।

बीच-बचाव करने आई ब्रह्मावती, विंदेश्वरी व अरविंद वर्मा को भी आरोपियों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि राम सहजराम, बच्चाराम ,रामबाबू व गुड्डू के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की गई है। उधर, करनैलगंज के मसौलिया कलहंस पुरवा में हुई मारपीट में दो आरोपियों की गिरफ्तारी हो गयी है। उप निरीक्षक उमेश सिंह ने बताया कि आरोपियों में अजीत व विनीत मिश्रा को जेल भेजा है। संवाद

# किशोरी से दुष्कर्म की कोशिश

बालपुर (गोंडा)। कोतवाली करनैलगंज के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बालपुर पुलिस चौकी में तहरीर दी है। कहा कि उसकी नाबालिग बेटी रात नौ बजे घर में अकेली थी।

तभी गांव के ही एक युवक ने घर में घुसकर बेटी के मुंह कपड़ा ठूस दिया। लड़की को निर्वस्त्र करके वीडियो बना लिया। बेटी के साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। लोगों को आहट मिली तो वीडियो वायरल करने की धमकी दे भाग गया। संवाद

**शिक्षा** मां पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय के लिए 50 करोड़ की पहली किस्त जारी

# 450 करोड़ से बनेगा विवि, खुलेगा डोमाकल्पी थाना

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। यूपी बजट में मां पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना डोमाकल्पी में किए जाने की स्वीकृति के बाद तैयारी तेज हो गई है। अप्रैल माह में निर्माण कार्य का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समारोहपूर्वक शिलान्यास करेंगे। विश्वविद्यालय निर्माण पर 450 करोड़ का बजट खर्च होने का अनुमान है। इसके लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है। फिलहाल 50 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी हो गई है, आगे अन्य बजट जारी होंगे। इधर, जिलाधिकारी डॉ. उज्जवल कुमार ने स्थलीय निरीक्षण कर अन्य तैयारियों पूरी करने की कवायद तेज कर दी है।

## अप्रैल में निर्माण कार्य का मुख्यमंत्री योगी समारोह पूर्वक करेंगे शिलान्यास

राज्य विश्वविद्यालय में 1100 छात्र-छात्राएं पहले साल में पढ़ाई कर सकेंगे। परसपुर के डोमाकल्पी गांव 58 एकड़ भूमि पर विश्वविद्यालय का निर्माण होगा। सूत्रों की मानें तो 450 करोड़ से अधिक का बजट खर्च होना है, लेकिन अभी प्रस्ताव के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा सकती है।

### 100 छात्र-छात्राओं को करवाया जाएगा शोध

विश्वविद्यालय में 300 स्नातक, 700 परास्नातक व 100 शोध के छात्र-छात्राएं शामिल पहले साल से पढ़ाई शुरू करेंगे। विश्वविद्यालय में कैंटीन, पोस्ट आफिस, बैंक शाखा, कार्यशाला, पार्क, प्रशासनिक भवन, एकेडमिक ब्लॉक 53 आवास, छात्रावास, ला भवन, विज्ञान भवन, कला भवन, रिसर्च सेंटर, क्लास रूम, ओवरहेड टैंक की स्थापना होना है। माना जा रहा है कि भवन का निर्माण एक साल में पूरा किए जाने की तैयारी हो रही है। फिलहाल दो साल में विश्वविद्यालय के शुरू करने का खाका अंदरखाने खींचा जा रहा है।

### निर्माण पूरा होने पर बनेगा थाना

विश्वविद्यालय निर्माण पूरा होने पर डोमाकल्पी में एक थाना भी खुलेगा। इसकी व्यवस्था विश्वविद्यालय की स्थापना के मानक में हैं। हालांकि अभी वक्त लगेगा। फिलहाल सड़कों को चौड़ी करने और मुख्य मार्ग से जोड़ने की तैयारी अभी से रही है। गांव के पूर्व प्रधान अरविंद पांडेय ने बताया कि विश्वविद्यालय स्थापित होने से गांव का बड़े स्तर पर विकास होगा।

# हत्या के प्रयास के दोषी को सात साल का कारावास

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। कोतवाली नगर क्षेत्र के 12 साल पुराने जानलेवा हमले के मामले में कोर्ट ने एक आरोपी को सात साल का कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अवनीश धर द्विवेदी ने बताया कि कोतवाली नगर क्षेत्र के शिव भगवान ने 9 फरवरी 2011 को कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि रात सात बजे पटटीदार रामू शाह के घर उनके रिश्तेदार राजकुमार उर्फ लल्लू दूबे निवासी पोर्टरगंज पथवलिया अपने दो साथियों के साथ दावत खाने आए थे।

वह साथ में लाइसेंसी बंदूक लिए थे और खाने के बाद उसके मड़हे में घुस आए। जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। मामले में निर्णय सुनाते हुए अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश पंचम मोहम्मद नियाज अहमद अंसारी ने अभियुक्त राजकुमार उर्फ लल्लू दूबे को जानलेवा हमले के अपरध में सात साल सश्रम कारावास और 10 हजाररूपये अर्थदंड से दंडित किया। बता दें कि इसी घटना में राज कुमार को भी गंभीर चोटें आईं।

इसी मामले में कोर्ट ने सात लोग को तलब किया। जहां अपर सत्र न्यायाधीश पंचम ने अभियुक्त शिव भगवान को हत्या के प्रयास अपराध में सात साल सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 19-03-2023

# शांतिभंग मामले में चार पर कार्रवाई

बलरामपुर। तुलसीपुर पुलिस ने चार व्यक्तियों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की है। उप निरीक्षक अनिल कुमार दीक्षित ने बताया कि मो. हमजा, तुफैल अहमद, अनवर उर्फ कुन्नू, फिरोज उर्फ छोटू के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए शांतिभंग में पाबंद किया है।

# प्राइवेट कर्मियों को लगाकर दूर करें बिजली की समस्याः डीएम



विद्युत उपकेन्द्र उतरौला का निरीक्षण करते डीएम व अन्य।

**गैड़ास बुजुर्ग, संवाददाता।** विद्युत कर्मियों के सांकेतिक हड़ताल के दृष्टिगत निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए डीएम डा. महेंद्र कुमार ने शनिवार को विद्युत उपकेंद्र उतरौला का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्युत उपकेंद्र से निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं विद्युत लाइनों में फॉल्ट आदि अति शीघ्र सही किए जाने का निर्देश दिया। इसके लिए स्किल्ड प्राइवेट कर्मियों को लगाए जाने का निर्देश दिया। विद्युत उपकेंद्र पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल लगाई गई है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, अधीक्षण अभियंता विद्युत, एसडीएम उतरौला संतोष कुमार ओझा व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# हर्रैया पुलिस ने तीन वारंटी गिरफ्तार किये

बलरामपुर। थाना हर्रैया पुलिस टीम ने तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि शनिवार को उपनिरीक्षक रमाकांत त्रिपाठी, कां. राम नरेश, रोहित चौधरी व लक्ष्मण यादव गस्त पर थे। उन्होंने मुखबिर की सूचना पर राधिका पुत्र राम दुलारे, जौहर अली पुत्र इसहाक व मुनीजर पुत्र जोखन को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।

# शांतिभंग में दो पर कार्रवाई

बलरामपुर। हर्रैया पुलिस टीम ने दो अभियुक्तों पर शांतिभंग की कार्रवाई की है।

पुलिस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार झरियाडीह निवासी सहजराम व राम निवास पर शांति भंग करने की कार्रवाई की गई है।

## कार्रवाई की मांग

**गैसड़ी।** ब्लॉक के ग्राम बिलोहा बनकसिया निवासी राम अवतार, संजय, जगदंबा आदि ने अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजा है। इसमें कहा कि चारागाह पर लगे शीशम के पेड़ को अवैध तरीके से काट लिया गया है। इस मामले में कार्रवाई की मांग की गई है। (संवाद)

# डीएम व एसपी ने सुनीं शिकायतें 15 का मौके पर किया निस्तारण

## समाधान दिवस

बलरामपुर, संवाददाता। स्थानीय तहसील सभागार में जिलाधिकारी डा. महेंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी अधीनस्थ अधिकारियों समय की भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस पर कुल 33 प्रार्थना पत्र आए जिनमें चारका निस्तारण मौके पर कर दिया गया। शेष मामलों के निस्तारण के लिए टीम गठित कर स्थलीय जांच के उपरांत निस्तारित करने का निर्देश मातहतों को दिया गया।

नथईपुर कानूनगो निवासी ननकू नामक व्यक्ति ने डीएम के समक्ष प्रस्तुत होकर लेखपाल पर रिश्वत लेने का आरोप लगाया। कहा कि या तो मेरे पैसे वापस हो अथवा मुझे आत्महत्या करने की छूट दी जाए। उसने डीएम से बताया कि चकमार्ग की पैमाइश कराकर रास्ते की जमीन खाली कराने के लिए सम्बंधित लेखपाल ने उनसे नौ हजार रुपए रिश्वत ली है। जमीन खाली नहीं हुई तो उसने रुपया वापस मांगा। लेखपाल ने रुपए वापस नहीं किए उल्टा जान से मारने की धमकी दी। डीएम ने बताया कि मामले की जांच की जाएगी व दोषी पाए जाने पर लेखपाल के विरुद्ध कार्रवाई होगी। तहसील बलरामपुर में एसडीएम राजेन्द्र बहादुर की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस 36 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर पांच का निस्तारण कराया गया। शेष शिकायतों का का निस्तारण संबंधित विभाग के अधिकारियों को तीन दिन में करने को कहा गया।

# बेटियों व महिलाओं को किया गया जागरूक

**बलरामपुर** : पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देश पर सभी थानों की एंटी रोमियो टीम ने मिशन शक्ति अभियान चलाया। इसमें बेटियों व महिलाओं को सुरक्षा के लिए जागरूक किया गया। बेटियों व महिलाओं को मिशन शक्ति के साथ हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी जानकारी दी। (संसू)

# जेसीबी से तालाब खोदाई में 'खाकी' का डंडा

**जासं, बलरामपुर :** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई खेत तालाब योजना से गांवों में वर्षा जल संचयन के लिए व्यक्तिगत तालाब निर्माण पर किसानों को अनुदान दिया जाता है। प्रधानमंत्री की इस महत्वाकांक्षी योजना से ब्लाक पचपेड़वा के सुग्गानगर डुमरी गांव में तालाब निर्माण पुलिस ने रोकवा दिया। पचपेड़वा थाने की पुलिस जेसीबी मशीन से तालाब की खोदाई नहीं करने दे रही है। योजना के तहत जेसीबी मशीन से खोदाई का नियम है। अब भूमि संरक्षण अधिकारी ने उपजिलाधिकारी तुलसीपुर समेत अन्य उच्चाधिकारियों से तालाब खोदाई में जबरन टांग अड़ाने की सूचना देते हुए कार्य शुरू कराने को पत्र लिखा है। यदि 25 मार्च तक कार्य पूरा नहीं हुआ तो लाभार्थी किसान को 50 प्रतिशत अनुदान नहीं मिलेगा। भूमि संरक्षण अधिकारी संजीव कुमार ने एसडीएम को लिखे पत्र में कहा है कि सुग्गानगर डुमरी के किसान राम अछैबर पुत्र राम हर्ष योजना के तहत तालाब का निर्माण करवा रहे हैं। भारत सरकार की गाइड लाइन, कृषि निदेशालय स्तर से स्वीकृत कार्य योजना वर्ष 2022-23 एवं अपर मुख्य सचिव उप्र ने चयनित अनुदानित तालाबों की खोदाई कृषकों को मशीन द्वारा करने की छूट दी गई है। इसके बावजूद पचपेड़वा थाने की पुलिस मशीन से तालाब खोदाई पर आपत्ति कर कार्य बंद करा दिया है। प्रभारी निरीक्षक पचपेड़वा थाना अवधेश राज सिंह ने बताया कि उच्चाधिकारियों का आदेश मिलने के बाद ही तालाब की खोदाई की अनुमति दी जाएगी।

# अपनों को पाकर फफक पड़े गुमशुदा बच्चे व महिलाएं

**संसू, बलरामपुर :** परिजनों को पाकर गुमशुदा बच्चे व महिलाएं फफक कर रो पड़ी। परिजनों ने गले लगाकर दुलार किया।

पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव के नेतृत्व में आपरेशन मुस्कान ने अभियान चलाकर गुमशुदा बच्चों व महिलाओं की तलाश करने में सफलता अर्जित की। आपरेशन के दौरान 38 गुमशुदा बच्चों व महिलाओं की तलाश की गई। कोतवाली नगर में एक बालिका, कोतवाली देहात में सात बालिका व एक बालक, थाना गौरा चौराहा में तीन बालिका, ललिया में तीन बालिका, महराजगंज तराई में चार बालिका, हरैया में दो बालिका, तुलसीपुर में दो बालिका, पचपेड़वा में सात बालिका, श्रीदत्तगंज में दो बालिका, रेहरा बाजार में दो बालिका व सादुल्लाहनगर में दो बालिका की तलाश करके उनके परिवारजन के सिपुर्द किया गया।

# पुलिस टीम पर हमले में पांच गिरफ्तार

**संसू, बलरामपुर :** न्यायालय से जारी गैर जमानती वारंट का तामीला कराने गई देहात कोतवाली पुलिस टीम पर फुलवरिया बाईपास निवासी असगर अली के परिवार ने हमला बोल दिया। पुलिस ने हमला करने एवं राजकीय कार्य में बाधा डालने के आरोप में असगर की पत्नी सलमा उर्फ शम्सुन्निशा, बेटे जावेद, बेटी काजल, रोजी व मुन्नी पत्नी ननकने को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मारपीट व सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पांचों को गिरफ्तार कर लिया है। टीम में हेड कांस्टेबल प्रवीण यादव, कांस्टेबल पन्नेलाल, गुलशेर अली, अंजू, सोनाली सिंह शामिल रहीं।

# केवल 15 शिकायतों का किया गया निस्तारण

**संसू, बलरामपुर** : तीनों तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें 101 प्रार्थना पत्र आए। सिर्फ 15 शिकायतों का निस्तारण हुआ। जिला स्तरीय तहसील दिवस में नयानगर रेहरा बाजार के राम अधार ने बिजली बिल वसूली की गलत आरसी जारी करने की शिकायत की। इसमें दोषी के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया।

उतरौला तहसील में जिलाधिकारी डा. महेंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में सुनवाई की। यहां 33 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें चार का निस्तारण कराया गया। सीएमओ डा. सुशील कुमार, एसडीएम संतोष कुमार ओझा, तहसीलदार अवधेश कुमार, सीओ उदयराज सिंह, पीडी चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव व डीडीओ गिरीश कुमार पाठक मौजूद रहे।

# पुलिस टीम पर हमला, पांच लोग गिरफ्तार

**बलरामपुर।** मारपीट व एससी/एसटी एक्ट के मामले में न्यायालय से जारी गैर जमानती वारंट तामील कराने पहुंची पुलिस पर हमला करने के मामले में शुक्रवार देर शाम पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

कोतवाली देहात के इंस्पेक्टर राजकुमार सरोज, हेड कांस्टेबिल प्रवीण यादव, कांस्टेबिल पन्ने लाल, गुलशेर अली, अंजू यादव, सोनाली सिंह के साथ बृहस्पतिवार शाम फुलवरिया बाईपास निवासी असगर अली के घर न्यायालय से जारी गैर जमानती वारंट तामील कराने गए थे। आरोप है कि वहां असगर अली के परिजन पुलिस टीम से भिड़ गए। जावेद ने हेड कांस्टेबिल प्रवीण यादव पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया, इससे उसका हाथ टूट गया। मौका पाकर असगर भाग गया। घायल सिपाही को जिला अस्पताल ले जाया गया।

आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने दबिश शुरू की। पुलिस टीम के साथ मारपीट करने व सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में शुक्रवार देर शाम असगर के बेटे जावेद, पत्नी सलमा उर्फ समसुन्निशा, बेटी काजल व रोजी के साथ ही मुन्नी पत्नी ननकने को गिरफ्तार कर लिया गया। इनके पास से लोहे की रॉड बरामद की गई है। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि फरार वारंटी असगर अली की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है। (संवाद)

## छह आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर।** दो थानों की पुलिस ने विभिन्न मामलों में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि हरैया थाने की पुलिस ने राधिका निवासी अतरपरी, जौहर अली व मुनिजर मिश्रा निवासीगण सोनपुर, सहज राम व रामनिवास निवासीगण झरियाडीह एवं तुलसीपुर पुलिस ने वारंटी मुर्तजा निवासी गनेशपुर को गिरफ्तार किया है। (संवाद)

## 38 लापता बच्चों को परिजनों से मिलाया

**बलरामपुर।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने एक साल में 38 लापता बच्चों को उनके परिवारजनों से मिलाया है। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि कोतवाली नगर की पुलिस ने एक, हरैया सतघरवा, तुलसीपुर, श्रीदत्तगंज, गैड़ास बुजुर्ग, रेहरा बाजार व सादुल्ला नगर पुलिस ने दो-दो, ललिया व गौरा चौराहा ने तीन-तीन, महाराजगंज तराई ने चार तथा पचपेड़वा व कोतवाली देहात की पुलिस ने सात-सात बालिकाओं को परिजनों को सौंपा है। कोतवाली देहात की पुलिस ने भी एक गुमशुदा बालक को ढूंढ निकाला। (संवाद)

**न्यूज डायरी**

## सीमावर्ती इलाकों का एसपी ने लिया जायजा

**बलरामपुर।** भारत नेपाल सीमा से सटे गांवों में शुक्रवार को एसपी केशव कुमार ने सुरक्षा का जायजा लिया। सीमा से सटे गांव इमिलिया कोडर में ग्रामीणों के साथ बैठक की। सुरक्षा को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिए। इमलिया कोडर में ग्राम सुरक्षा समिति के पदाधिकारियों संग बैठक में एसपी ने सीमावर्ती क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम के लिए लोगों से सहयोग करने का आह्वान किया। कहा कि अगर किसी संदिग्ध व्यक्ति के सीमा पार करने की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। किसी संदिग्ध वस्तु के पाए जाने पर भी पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 1076 पर कॉल करें। एसपी ने समिति के सदस्यों को उनकी जिम्मेदारी के बारे में अवगत कराया। (संवाद)

# ट्रैक्टर-ट्रॉली से यात्रा करने पर होगी कार्रवाई

**महराजगंज तराई।** नवरात्र व रमजान माह को लेकर स्थानीय थाने में शनिवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें नवरात्र व रमजान माह के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए प्रभारी थानाध्यक्ष दिग्विजय यादव ने कहा कि देवीपाटन मेले में ट्रैक्टर-ट्रॉली से यात्रा न करें। मेले के लिए तमाम वाहन चलाए गए हैं। ऐसे में जो लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली पर यात्रा करते पाए गए, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपनिरीक्षक मुनीश चंद्र दूबे, सूर्यलाल, मंगल देव सिंह, राजकुमार, प्रदीप, नाथूराम सहित तमाम लोग मौजूद रहे। (संवाद)

# हुजूर! 18 माह से बिना पगार कर रहे काम



उतरौला तहसील में फरियाद सुनते डीएम डॉ. महेंद्र कुमार व एसपी केशव कुमार। संवाद

## संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने की जन सुनवाई, 33 में से चार शिकायतों का हो सका निस्तारण

संवाद न्यूज एजेंसी

**उतरौला (बलरामपुर)।** तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम डॉ. महेंद्र कुमार व एसपी केशव कुमार ने 33 फरियादियों शिकायतें सुनीं। इसमें से चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है।

संपूर्ण समाधान दिवस में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में संविदा पर कार्यरत कर्मचारी प्रदीप कुमार, संतोष कुमार, विनय व महेश ने कहा कि 18 माह से मानदेय नहीं मिला है। इससे समस्या हो रही है। इस पर डीएम ने डीआईओएस को कार्रवाई करने को कहा।

रामपुर ग्रिंट के संगमलाल वर्मा ने कहा कि अवैध कब्जे के बाबत दो बार शिकायत की मगर अभी तक निस्तारण नहीं हो सका। कुशमौरा के साहबदीन ने शिकायती पत्र देकर कहा कि सीमांकन के बाद पत्थर उखाड़कर फेंक दिया गया। कई बार इसकी शिकायत की गई मगर सुनवाई नहीं हुई। पिपरी के राधेश्याम ने शिकायत कर बताया कि निर्माणाधीन तटबंध के मुआवजे के लिए तीन बार शिकायत की गई मगर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। भवराम ने पैमाइश न होने की शिकायत की।

डीएम ने जिला स्तरीय अधिकारियों को शिकायतों का निस्तारण कराने का निर्देश दिया। साथ ही इसकी समीक्षा भी करने को कहा है। इस मौके पर सीएमओ डॉ. सुशील कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-03-2023

हिन्दुस्तान

# डंप मिलीं 2200 बोतल एक्सपायरी कोल्ड ड्रिंक

**असर**

बहराइच, संवाददाता। एक्सपायरी फ्रूटी पीने से पांच बच्चे बीमार हो गए थे। त्वरित उपचार मिलने से बच्चों की हालत में सुधार हो गया है। इस खबर को हिन्दुस्तान ने शनिवार के संस्करण में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर का संज्ञान लेकर खाद्य विभाग ने गोपनीय गोदाम पर छापेमारी की। यहां बिक्री के लिए छिपाकर रखी गई 2200 बोतल एक्सपायरी कोल्ड ड्रिंक बरामद किया है। गोदाम को सीज कर सैंपल जांच के लिए भेजा गया है। शहर के पीपल तिराहा स्थित एक दुकान से नाजिरपुरा मोहल्ले के बच्चों ने फ्रूटी खरीदी थी। फ्रूटी दो माह पूर्व ही एक्सपायर हो चुकी थी। इसके सेवन से पांच बच्चे फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। इस खबर को दैनिक हिन्दुस्तान ने शुक्रवार को ही अपने पोर्टल व शनिवार को प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया। इस खबर का संज्ञान लेकर खाद्य विभाग के अधिकारियों की टीम न छापेमारी की। जिला अभिहित अधिकारी विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के सामने स्थित गोदाम पर छापेमारी की गई है। यहां पर 2200 बोतल एक्सपायरी कोल्ड ड्रिंक बरामद हुई। जिसे सीज किया है।

हिन्दुस्तान

# रिपोर्ट के लिए घूस लेने वाले कर्मचारी का तबादला

- वीडियो वायरल होने पर सीएमओ ने अपने कार्यालय से किया संबद्ध
- सीएचसी मोतीपुर में तैनात था रिश्वत लेने वाला कर्मचारी

बहराइच, संवाददाता। मोतीपुर सीएचसी में तैनात के कर्मी ने महिला से मेडिकल रिपोर्ट बनाने के नाम पर 350 रुपये घूस लिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मामले को संज्ञान लेकर सीएमओ ने आरोपित कर्मी को तत्काल सीएचसी से हटा कर अपने कार्यालय संबद्ध कर दिया है। सीएचसी अधीक्षक को जांच भी सौंपी गई है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को पिपरा गांव की एक महिला मेडिकल रिपोर्ट बनवाने के लिए गई थी। सीएचसी में तैनात कर्मी ने मेडिकल रिपोर्ट के लिए रिश्वत की मांग की। महिला ने 300 रुपये दिया, वह 50 रुपये और लेने पर अड़ा रहा। कर्मी के रवैए पर मौजूद लोगों ने वीडियो बना लिया। कर्मी का घूस लेते वीडियो जिले के सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में स्वास्थ्य कर्मी मेडिकल रिपोर्ट के लिए 200 रुपये अधिकारी के लेने की बात कह रहा है। वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर सीएमओ ने देर शाम कर्मी को सीएचसी से हटा दिया। उसे सीएमओ कार्यालय पर संबद्ध कर दिया गया है।

# 128 प्रार्थना पत्र आए, 11 निस्तारित

## संपूर्ण समाधान दिवस

**जागरण टीम, बहराइच :** जिले की छह तहसीलों में माह के तीसरे शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। कुल 128 प्रार्थना पत्र आए। इसमें मौके पर 11 का ही निस्तारण किया जा सका।

तहसील सदर में जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित हुआ। डीएम ने पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा व अन्य अधिकारियों के साथ फरियादियों की समस्याएं सुनीं। डीएम ने कहा कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाएं। सड़क, चकमार्ग एवं जमीनी विवादों में



सदर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर फरियाद सुनते डीएम डा. दिनेश चंद्र व एसपी प्रशांत वर्मा ● जागरण

राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निपटारा करने के निर्देश दिए गए। आइसीडीएस, प्रोबेशन, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, राजस्व सहित अन्य विभागों के लगाए गए प्रदर्शनी स्टाल का भी निरीक्षण किया गया। इस मौके पर सीएमओ डा. एसके सिंह, एसडीएम सुभाष सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

| तहसील | प्रार्थना पत्र | निस्तारित |
|---|---|---|
| सदर | 26 | 03 |
| महसी | 19 | 01 |
| मिहींपुरवा | 25 | 01 |
| कैसरगंज | 33 | 02 |
| नानपारा | 07 | 01 |
| पयागपुर | 18 | 03 |

# रंजिश में युवक की कुल्हाड़ी से काट कर हत्या, गांव में दहशत

**कैसरगंज (बहराइच)।** थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह रंजिशन एक युवक को कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार मौत के घाट उतार दिया गया। हत्या की सूचना घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया और सभी घटना स्थल को दौड़े। दलबल के साथ मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ददन सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

**कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र में वारदात, आठ पर दर्ज हुआ केस**

कैसरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मंझारा तौकली के मजरा बबुरी निवासी सुनील कुमार यादव (25)का पड़ोस में रहने वाले शंकर यादव आदि से किसी बात को लेकर रंजिश थी। शनिवार की सुबह सुनील किसी काम से घर से बाहर निकले थे, इसी दौरान शंकर से उसका विवाद शुरु हो गया। इसके बाद शंकर पक्ष ने सुनील पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। आरोप है, कि आक्रोशित लोगों ने सुनील पर ताबड़तोड़ कई वार किए, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

थाना प्रभारी ददन सिंह ने बताया कि परिजनों की ओर से मिली तहरीर पर शंकर, जयचन्द्र, मयंकर, सर्वेश, देशराज, योगेन्द्र और नेमकुमार पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि इसके अलावा रामतेज पर हत्या की साजिश करने का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की धरपकड़ के लिए टीमें लगा दी गई हैं। संवाद



SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-03-2023

# मल्हीपुर में पीस कमेटी की बैठक हुई

मल्हीपुर। थाना मल्हीपुर में उप जिलाधिकारी सौरभ शुक्ला की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में नवरात्र, रामनवमी व रमजान पर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। बैठक में उप जिलाअधिकार सौरभ शुक्ला ने बताया कि ग्राम सभा में बने ईदगाह व मन्दिर को साफ सफाई का विषेश ध्यान रखा जाये। किसी भी प्रकार के उपद्रव करने वाले पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# नियम के उल्लंघन पर वाहनों का चालान

श्रावस्ती। यातायात नियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्र में अलग अलग चेकपोस्टों पर चेकिंग लगाकर वाहनों को चेक किया गया। चेकिंग के दौरान 22 वाहनों को यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाया गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले सभी वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत ई-चालान किया गया। साथ ही वाहन स्वामियों पर 62 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# शिकायतों का समय पर समाधान करें

श्रावस्ती। शनिवार को सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम नेहा प्रकाश ने इकौना तहसील में शिकायतें सुनीं और तय समय में समाधान करने का निर्देश दिया।

इकौना तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करने के दौरान जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने सख्त रुख दिखाया। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयी शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका निस्तारण कराएं। भूमि विवादों से सम्बन्धित प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष



इकौना समाधान दिवस में शिकायत सुनतीं जिलाधिकारी नेहा प्रकाश।

ढंग से निस्तारण कराए। इसमें कोई लापरवाही न बरती जाएं। उन्होंने सभी लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिया कि सरकारी जमीनों में किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण न होने पाये इसका ध्यान रखा जाय, यदि किसी भी क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण की शिकायत मिली तो सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपाल व राजस्व निरीक्षक के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। तहसील जमुनहा में मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह एवं तहसील भिनगा में अपर जिलाधिकारी डीपी सिंह की संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की।

# पुलिस ने बैंकों की जांच कर सुरक्षा देखी

श्रावस्ती। पुलिस विभाग की ओर से शनिवार को बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जिले की पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित बैंक, ग्रहक सेवा केंद्र व एटीएम के सुरक्षा का जायजा लिया। बैंकों में सुरक्षा के दृष्टि गत लगे सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन यन्त्र, आपातकाल में बैंक से निकलने के लिए पर्याप्त मार्ग आदि का गहन निरीक्षण किया। वहीं बैंक में मौजूद ग्राहकों को कोरोना से बचने के लिए आवश्यक जानकारी दी।

# महिलाओं को दी कानून की जानकारी

**जासं, श्रावस्ती :** बीट पुलिस अधिकारी, शक्ति मोबाइल टीम व नारी सुरक्षा दल ने शनिवार को विभिन्न गांवों, कस्बों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर महिलाओं व बालिकाओं को आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ाया। विभिन्न कानूनों व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। शक्ति मोबाइल टीम की महिला आरक्षी संझा भारती, विनीता देवी, सोनी व अर्चिता ने गिलौला के सुबिखा गांव व गिलौला बाजार में चौपाल लगा महिलाओं को कानून के बारे में बताया। नारी सुरक्षा दल ने भिनगा, इकौना, रामपुर बंधा गांव में चौपाल लगाकर महिलाओं को पंफलेट व पोस्टर बांट जागरूक किया।

# छेड़छाड़ के दोषी को तीन वर्ष छह माह का कारावास

**जासं, श्रावस्ती :** सहायक शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) उमाकांत त्रिपाठी ने बताया की चार वर्ष पूर्व इकौना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी दिन में लगभग तीन बजे स्कूल से पढ़कर घर लौट रही थी। रास्ते में गांव के ही दिनेश कुमार उर्फ मूसे ने उसके साथ छेड़छाड़ की।

**अदालत से**

किशोरी के शोर मचाने पर उसकी बड़ी मां पहुंच गईं। पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ। अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सुदामा प्रसाद ने आरोपित दिनेश कुमार उर्फ मूसे को दोषसिद्ध ठहराते हुए तीन वर्ष छह माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

# 135 शिकायतों में सिर्फ 15 निस्तारित

**जागरण टीम, श्रावस्ती :** शनिवार को भिनगा, इकौना व जमुनहा तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान कुल 135 प्रार्थना पत्र आए, जिनमें मौके पर सिर्फ 15 का निस्तारण किया जा सका। डीएम नेहा प्रकाश ने इकौना तहसील में आयोजन की अध्यक्षता की।

उन्होंने कहा कि अधिकारी कार्यालय में समय से बैठकर समस्याएं सुनें। फरियादियों को ब्लाक, तहसील व जिला मुख्यालय का चक्कर न

## संपूर्ण समाधान दिवस

लगाने पड़े। शिकायतों का निस्तारण धरातल पर दिखना चाहिए। फरियादियों की समस्याओं को मौके पर जाकर निस्तारित कराएं। भूमि विवाद से संबंधित मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष ढंग से मामले को निस्तारित कराए। इसमें लापरवाही न बरती जाए। लेखपाल व राजस्व निरीक्षक सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न होने दें। किसी भी क्षेत्र में अतिक्रमण की शिकायत मिली तो संबंधित क्षेत्र के लेखपाल व राजस्व निरीक्षक पर कार्रवाई होगी। भिनगा में एडीएम डीपी सिंह व जमुनहा में एसडीएम सौरभ शुक्ल ने संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की।

**तहसीलों में प्राप्त शिकायतें व निस्तारण का विवरण :** इकौना में 71 में सात, भिनगा में 15 में तीन और जमुनहा में 49 शिकायतों में पांच का निस्ताण किया गया।

# चोरी के सामान के साथ दो गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** गिलौला पुलिस ने मनिकौरा तिराहे के पास से शुक्रवार रात दो अंतरजनपदीय चोरों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से पुलिस ने बलरामपुर जिले के तुलसीपुर पुरानी बाजार निवासी दंपती से छीना गया सामान बरामद किया है। इनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से दोनों को जेल भेजा गया है। मनिकौरा तिराहे के पास पकड़े गए दोनों आरोपियों की पहचान थाना क्षेत्र के ग्राम भरथापुर के मजरा सिसवारा निवासी विवेक शर्मा व शिवपूजन यादव के रूप में हुई। इनके कब्जे से एक मंगलसूत्र, दो झाले, चार बड़े मोती व 18 छोटे मोती, एक मोबाइल, आधार कार्ड व मीडिया पास सहित एक मोटर साइकिल बरामद हुई।

# सिर्फ सात मामले ही निपटे

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** जिले की तहसीलों में शनिवार आयोजित तहसील स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस अब औपचारिकता बनता जा रहा है। कहीं फरियादियों का मोह भंग दिख रहा है। तो कहीं दस प्रतिशत ही मामले मौके पर निस्तारित हो पा रहे हैं।

इकौना में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता डीएम नेहा प्रकाश ने किया। यहां 71 मामले आए।

मात्र सात मामलों का ही मौके पर निस्तारण हो सका। जमुनहा में मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 49 मामले आए। जिनमें से पांच मामलों का मौके पर निस्तारण हुआ। जबकि भिनगा में अपर जिलाधिकारी डीपी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में मात्र 15 मामले ही आए। जिनमें से केवल तीन मामलों का ही मौके पर निस्तारण हो सका।

**तहसीलदार के खिलाफ प्रदर्शन**

**मोतीपुर(बहराइच)।** संपूर्ण समाधान दिवस पर गणीनाथ सेवा संस्थान के बैनर तले मिहींपुरवा कस्बे के मदेशिया (कांदू) समाज ने तहसीलदार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

राम जानकी मंदिर से नारे लगाते हुए पैदल मार्च निकाला। इसके बाद विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल के नेतृत्व में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इन लोगों ने कांदू समाज को पिछड़ी जाति का प्रमाणपत्र जारी न करने का आरोप लगाया।

# छेड़छाड़ में साढ़े तीन वर्ष का कारावास

श्रावस्ती। इकौना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के साथ चार वर्ष पूर्व विद्यालय से लौटते समय रास्ते में छेड़छाड़ की गई थी। मामले में शनिवार को अपर जिला जज पॉक्सो ने आरोपी को दोषी सिद्ध करते हुए साढ़े तीन वर्ष के सश्रम कारावास व चार हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता उमाकांत त्रिपाठी ने बताया कि इकौना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 14 वर्षीय किशोरी चार वर्ष पूर्व दिन में करीब तीन बजे स्कूल से घर लौट रही थी। रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही दिनेश कुमार उर्फ मूसे ने उसके साथ अश्लील हरकत की थी।

किशोरी के पिता की तहरीर पर इकौना पुलिस ने मामला दर्ज कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। शनिवार को अपर सत्र न्यायाधीश सुदामा प्रसाद ने दिनेश को साढ़े तीन वर्ष कारावास की सजा सुनाई। संवाद